खबरों के 70 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 07 अगस्त 2026 । वर्ष –70 । अंक –258 पृष्ठ –12 मूल्य – 3.00 रु.

■ कॉकरोच अब किस... ■ भारत में बढ़ती... 04
■ यूनुस के सपोर्ट में नहीं थे आर्मी चीफ वकार... ■ चांद से टकराया मस्क का बेकाबू रॉकेट... 09
■ सरकार की ऑनलाइन शॉपिंग में... ■ रिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक में लिवाली... 11
■ इंडिया-श्रीलंका सीरीज... ■ बुमराह नं. -1... 10

## सार संक्षेप

### मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारत ने परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-4' का गुरुवार को सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण ओडिशा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से



किया गया। सामरिक बल कमान की देख-रेख में किये गये परीक्षण के दौरान सभी संचालन और तकनीकी मानकों की पुष्टि हुई। यह मिसाइल 4,000 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम है और एक टन वजनी परमाणु हथियार ले जा सकती है। सतह से सतह पर मार करने वाली इस मिसाइल से देश की रणनीतिक रक्षा और प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होगी।

### विमान ईंधन में एथेनॉल मिलाने की कोई योजना नहीं : नायडू


**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राम मोहन नायडू ने गुरुवार को कहा कि विमान ईंधन में एथेनॉल मिलाने की योजना के दावों को गलत बताया और कहा कि इससे हवाई यात्रियों में अनावश्यक चिंता पैदा होती है। श्री नायडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि सरकार द्वारा विमान ईंधन में एथेनॉल मिलाने की योजना होने का दावा 'पूरी तरह से झूठा और गैर-जिम्मेदाराना' है। उन्होंने कहा कि ऐसी किसी भी योजना का प्रस्ताव नहीं है। उल्लेखनीय है कि मीडिया में इस तरह की खबरें आयी थीं कि सरकार ने विमान ईंधन में एथेनॉल मिलाने की अनुमति दे दी है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-22 साल तक बकसूर जेल की सलाखों के पीछे रहा।
**चुहिया- हां प्रिये**- जब अदालतें तथ्यों से मुंह मोड़ लें तो सजा बेकसूर भी भुगतने मजबूर हो जाते हैं।

### छात्र आंदोलनों पर बोले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत

# जेन-जी हमारी पीढ़ी से ज्यादा ईमानदार, वे देश विरोधी नहीं, उनकी शिकायतें वास्तविक



**मुंबई,( एजेंसियां )।** जहां भाजपा के कई मंत्री, सांसद और प्रवक्ता जंतर मंतर के छात्र आन्दोलन को लेकर तरह-तरह के आरोप लगा रहे हैं, कोई विदेशी फंडिंग से जोड़ रहा है तो कोई उन्हें विदेशी ताकतों और विपक्ष के हाथों खेलता बता रहा है। वहीं इस बीच आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि, जेन-जी विरोध-प्रदर्शन कर रही है तो उन्हें 'देशविरोधी' नहीं कहा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह देश की अपनी नई पीढ़ी है और उनके मुद्दों को संवाद के जरिए समझकर समाधान निकालने की जरूरत है। एक छात्र संवाद कार्यक्रम में भागवत ने कहा, 'अगर जेन-जी प्रदर्शन कर रही है तो इसका मतलब यह नहीं कि वे एंटी-नेशनल हैं। वे हमारे अपने लोग हैं, हमारी अगली पीढ़ी हैं। मेरा मानना है कि जेन-जी और जेन अल्फा मौजूदा पीढ़ी की तुलना में अधिक ईमानदार हैं। उनके साथ देशभक्ति और सेवा की ईमानदार अपील प्रभावी होती है। विरोध-प्रदर्शन भी सहमति बनाने का मााध्यम उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन भी सहमति बनाने का एक माध्यम है। विभिन्न विचारों के बीच संवाद से ही व्यापक सहमति बनती है। यदि किसी कारण से लोगों की बात नहीं सुनी जाती, तब आंदोलन का रास्ता अपनाया जा सकता है, लेकिन उसका उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना नहीं, बल्कि व्यवस्था में सुधार होना चाहिए। भागवत ने कहा कि हाल की घटनाओं में छात्रों की शिकायतें वास्तविक हैं

#### *सभी के लिए शिक्षा सुलभ होनी चाहिए*

*शिक्षा व्यवस्था पर बोलते हुए भागवत ने कहा कि शिक्षा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए और उसकी उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सबसे पहले शिक्षकों को बेहतर प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, 'शिक्षा हमारे बच्चों और अगली पीढ़ी के निर्माण के लिए है, पैसा कमाने का माध्यम नहीं।*

## डॉ. यादव आज छिंदवाड़ा से करेंगे 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026' का शुभारंभ

**छिन्दवाडा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 7 अगस्त को छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समाधान कार्यक्रम में सीएम



हेल्पलाइन सहित विभिन्न जनशिकायतों एवं आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। कार्यक्रम की समस्त कार्यवाही सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से संपादित की जा रही है।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का उद्देश्य जनविश्वास, जनकल्याण हेतु क्षेत्र भ्रमण, निरीक्षण एवं जन संवाद के माध्यम से आम जनता की शिकायतों का त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग और लोक सेवाओं का समय-सीमा में प्रदाय किया जाना है। अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार अधिकारियों द्वारा फील्ड भ्रमण कर आमजन से सीधे संवाद स्थापित किया जाएगा तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा में देश का अग्रणी राज्य : मुख्यमंत्री

### 7वें अंतर्राष्ट्रीय नवकरणीय ऊर्जा सम्मेलन में मध्यप्रदेश के हरित ऊर्जा मॉडल का हुआ प्रेजेंटेशन

◆ सम्मेलन में शामिल होने के लिए दिल्ली मेट्रो से किया सफर





सम्मेलन में भूटान के ऊर्जा मंत्री त्शेरिंग से भेंट करते मुख्यमंत्री और दूसरे चित्र में सम्मेलन स्थल जाने के लिए मेट्रो पर सवार डॉ. यादव।

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली में आयोजित 7वें अंतर्राष्ट्रीय नवकरणीय ऊर्जा सम्मेलन में भाग लेते हुए कहा कि मध्यप्रदेश वर्ष 2030 तक देश के 500 गीगा वॉट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य नवकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण तथा हरित औद्योगिक विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। म.प्र. आज देश के अग्रणी राज्यों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में शामिल होने के लिए एयरपोर्ट से दिल्ली मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के माध्यम से शिवाजी स्टेडियम तक यात्रा कर स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने का संदेश दिया। दिल्ली मेट्रो अपने संचालन में बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा का उपयोग करती है, इसलिए मुख्यमंत्री ने हरित ऊर्जा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में मेट्रो से यात्रा की। नई दिल्ली में आयोजित 7वें अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन एवं प्रदर्शनी-2026 में मध्यप्रदेश ने स्वच्छ एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## सड़क हादसे में घायल के लिए डॉक्टर बने झाबुआ विधायक

**झाबुआ, एजेंसी।** झाबुआ में मानवता की मिसाल पेश करते हुए झाबुआ विधायक डॉ.विक्रांत भूरिया ने सड़क दुर्घटना में घायल महिला को अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में ड्रेसर और आवश्यक संसाधनों की कमी के कारण उन्होंने स्वयं प्राथमिक उपचार किया। उन्होंने घायल महिला के घाव की सफाई कर टांके लगाए और प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया।


जानकारी के अनुसार, विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया अपने विधानसभा क्षेत्र के कल्याणपुरा दौरे पर थे। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में शांति मैड़ा नामक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही विधायक मौके पर पहुंचे और घायल महिला को अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कल्याणपुरा ले गए। डॉ. भूरिया पेशे से सर्जन भी रहे हैं। अस्पताल पहुंचने पर ड्रेसर और आवश्यक स्टाफ उपलब्ध नहीं मिला, जिसके चलते उन्होंने स्वयं महिला का उपचार शुरू किया। उन्होंने घाव की सफाई कर टांके लगाए और प्राथमिक उपचार किया। महिला के कंधे में गंभीर चोट होने पर एक्स-रे कराने का प्रयास किया गया, लेकिन बिजली की समस्या के कारण एक्स-रे मशीन चालू नहीं हो सकी। घटना के दौरान अस्पताल में दवाइयों, ड्रेसिंग सामग्री और अन्य आवश्यक संसाधनों की कमी भी सामने आई। डॉ. विक्रांत भूरिया ने कहा कि कल्याणपुरा सहित जिले के कई स्वास्थ्य केंद्रों में स्टाफ और संसाधनों की भारी कमी है। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पतालों में डॉक्टर, ड्रेसर और फार्मासिस्ट जैसे आवश्यक पद रिक्त हैं, जिससे मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है।

> अस्पताल में ड्रेसर न होने पर खुद लगाए टांके
> दवाईयों और उपकरणों की कमी भी हुई उजागर

### डीएनए रिपोर्ट में कट पेस्ट की गलती

## पांच सालों में पेश की गयी 20 प्रतिशत डीएनए रिपोर्ट की करवाई जाये रैंडम जांच

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने डीएनए रिपोर्ट में कट पेस्ट के जरिए गलत नाम दर्ज होने के मामले को गंभीरता से लिया है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने भोपाल स्थित राज्य फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की पिछले पांच वर्षों में तैयार डीएनए और अन्य वैज्ञानिक रिपोर्ट में से 20 प्रतिशत रिपोर्ट की रैंडम जांच कराने के आदेश दिए हैं।



इसके साथ ही न्यायालय ने मुख्य सचिव को सात दिन के भीतर प्रदेश के बाहर के तीन वैज्ञानिक अधिकारियों की स्वतंत्र समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। समिति छह महीने में जांच पूरी करेगी। मामले की अगली सुनवाई 14 अगस्त को होगी। सुनवाई के दौरान एफएसएल की प्रभारी निदेशक डॉ. हर्षा सिंह न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुईं। उन्होंने स्वीकार किया कि डीएनए रिपोर्ट में गलत नाम दर्ज होना कट पेस्ट की गलती के कारण हुआ हो सकता है। इस पर कोर्ट ने गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि यदि एक मामले में ऐसी त्रुटि सामने आई है तो यह जांचना जरूरी है कि अन्य रिपोर्ट में भी ऐसी गलती तो नहीं हुई।

दरअसल, यह मामला नर्मदापुरम जिले के साकेत इटारसी निवासी पंकज कुमार बिंदोलिया की आपराधिक अपील से जुड़ा है। पंकज ने पॉक्सो विशेष न्यायालय द्वारा 16 मार्च 2026 को सुनाई गई उम्रकैद की सजा को चुनौती दी है। सुनवाई में सामने आया कि 31 दिसंबर 2024 की एफएसएल रिपोर्ट में गलत व्यक्ति का नाम दर्ज था। कोर्ट ने एफएसएल निदेशक पद पर फॉरेंसिक साइंस, बायोलॉजी या बायोकेमिस्ट्री जैसे संबंधित विषयों के विशेषज्ञ की नियुक्ति पर भी सरकार को गंभीरता से विचार करने के निर्देश दिए हैं।

> ◆ हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को दिये सात दिनों में स्वतंत्र जांच एजेंसी गठित करने के आदेश
> ◆ फॉरेंसिक साइंस, बायोलॉजी या बायोकेमिस्ट्री जैसे संबंधित विषयों के विशेषज्ञ की नियुक्ति पर भी सरकार को गंभीरता से विचार करने के निर्देश दिए

## सितंबर से देशभर में 'बोलती पब्लिक' अभियान चलाएगी सीजेपी : दिपके

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने जंतर-मंतर आंदोलन और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को युवाओं की बड़ी जीत बताते हुए पार्टी के आगामी एजेंडे का ऐलान किया। दिपके ने गुरुवार को कहा कि पिछले कई वर्षों से सरकार यह संदेश देती रही कि सत्ता में बैठे लोगों से कोई सवाल नहीं पूछ सकता। लेकिन युवाओं के आंदोलन ने इस धारणा को बदल दिया। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा सिर्फ एक व्यक्ति का इस्तीफा नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक आंदोलन की सफलता और जनता के भीतर से डर खत्म होने का प्रतीक है।



कॉकरोच जनता पार्टी की विचारधारा पर बोलते हुए दिपके ने कहा कि उनकी पार्टी भारतीय संविधान के मूल्यों पर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू के विचारों से प्रेरित होकर पार्टी सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए काम करेगी।

दिपके ने बताया कि पार्टी की दो दिवसीय कोर कमेटी की बैठक में सितंबर से देशभर में 'बोलती पब्लिक' नाम से राष्ट्रीय अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। इस अभियान के तहत पार्टी देशभर में जाकर लोगों से उनकी समस्याएं और अपेक्षाएं जानेगी। उनका कहना है कि आज राजनीतिक दल और सरकारें आम जनता, खासकर युवाओं से कट चुकी हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का पहला और सबसे बड़ा मुद्दा शिक्षा सुधार होगा। उनका आरोप है कि देश में शिक्षा लगातार महंगी होती जा रही है। निजी स्कूलों, कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों की बढ़ती फीस ने आम परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को व्यवसाय नहीं, बल्कि हर नागरिक का मौलिक अधिकार माना जाना चाहिए।

JAN JYOTI SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित
आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये
प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

### ट्रायल कोर्ट ने जांच सही से नहीं की, हाईकोर्ट मूकदर्शक बना रहा

# 22 साल जेल में रहा बेगुनाह, सुको ने निचली अदालतों को फटकारा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** न्यायिक संस्थाओं की कमजोरी कभी-कभी किसी जिन्दगी के साथ ऐसा खिलवाड़ कर देती है कि जब बेकसूर आदमी भी उम्रकैद जैसी सजा काटने के लिए मजबूर हो जाए। सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐसे शख्स को बरी किया है, जिसे अपनी जिंदगी के 22 साल जेल में गुजारने पड़े।

यह सब उसे ट्रायल कोर्ट और हाई कोर्ट की वजह से भुगतना पड़ा। क्योंकि ट्रायल कोर्ट ने सबूतों की सही से जांच नहीं की और दोषी ठहराए जाने के बाद हाई कोर्ट ने उसकी अपील पर सुनवाई नहीं की, यानी हाई कोर्ट मौन बना रहा। जिसके बाद उसने शीर्ष अदालत में गुहार लगाई। यह एक ऐसा विशिष्ट मामला है जहां एक गरीब वादी का न्याय के लिए संघर्ष न्यायपालिका के ही हाथों विफल हो गया, जब अदालत ने तकनीकी आधार पर सुनवाई से इनकार कर दिया। गरीब दोषी पहले ही 12 साल जेल में बिता चुका था, जब उसने हाईकोर्ट का रुख किया। हाईकोर्ट ने अपील दायर करने में देरी के तकनीकी



आधार पर उसकी सुनवाई करने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट के इनकार करने के बाद उसे 10 साल और जेल में गुजारना पड़ा।

**सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा**-जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो शीर्ष अदालत ने तमाम बिंदुओं पर ध्यान देते हुए उसे बरी कर दिया। सुप्रीम कोर्ट को यह स्वीकार करना पड़ा कि- न्याय तक पहुंच अभी भी हमारे समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों और विशेष रूप से उनमें से दोषी ठहराए गए और जेल में बंद लोगों से दूर है । जस्टिस जेबी परदीवाला और के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा, 'हम उस आदेश से बेहद निराश और चिंतित हैं, जिसमें 3,157 दिनों की देरी की माफी मांगने वाली याचिका को खारिज कर दिया गया और परिणामस्वरूप धारा 302 के तहत दोषसिद्धि के आदेश के खिलाफ 'जेल अपील ज्ञापन' को भी खारिज कर दिया गया, जिसमें ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

> *पीठ ने कहा कि जब लोकतंत्र के तीनों स्तंभ लगातार हर नागरिक, विशेषकर गरीबों के घर तक कानूनी सहायता पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं, तब हमें उदार दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। केवल उदार दृष्टिकोण ही नहीं, बल्कि एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए ताकि किसी दोषी के अदालत का दरवाजा खटखटाने पर होने वाली देरी को माफ किया जा सके, चाहे वह कितनी भी बड़ी क्यों न हो, जो इस मामले में कुछ गंभीर चिंताएं पैदा करता है।*

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### CHANGE OF NAME

I Riya Tiwari D/o Madhusudhan Tiwari and W/o Neelesh Pandey R/o House No.-40, BK Empire, Bilhari, Jabalpur, Madhya Pradesh-482020, have changed my name to Riya Pandey

कृति

### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

**भवन नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित सिविल लाईन कॉलोनी जबलपुर स्थित भवन क्र. एम.आई.जी. 10 श्री सुरेश कुमार हसीजा पिता स्व. श्री ऋषिकेश हसीजा को आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 30. 03.1994 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन के आवंटी श्री सुरेश कुमार हसीजा की मृत्यु दिनांक 14.01.2026 एवं उनकी पत्नि श्रीमती किरण हसीजा की मृत्यु दिनांक 21. 04.2019 को हो गयी है। उनके पुत्र श्री पवन हसीजा पिता स्व. श्री सुरेश कुमार हसीजा के द्वारा उक्त संपत्ति आपने नाम करने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र संलग्न दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किये हैं, प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति का लीज हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

र.नं. 1677

# संसद में गतिरोध जारी : पुलिस बर्बरता व चढ़ावा चोरी पर फिर हुआ हंगामा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** छात्रों पर पुलिस बर्बरता और मंदिर चढ़ावा चोरी मुद्दों को लेकर 14 वे दिन में संसद में भारी हंगामा हुआ, जिसके चलते दोनों सदनों कार्यवाही बाधित हुई। राज्यसभा में जब विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे बोलने के लिए खड़े हुए तो भाजपा के सांसदों ने टोका टाकी शुरू की जिसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। बाद में उन्होंने कहा कि वे दो ही चीज चाहते हैं, पहला गृह मंत्री अमित शाह सदन में आ कर बयान दें कि बच्चों पर लाठी और पैलेट गन क्यों चली? दूसरे प्रधानमंत्री मोदी माफी मांगे। खरगे के मुताबिक राज्यसभा के सभापति ने संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू से कहा है कि सबकी इच्छा है कि गृह मंत्री सदन में आकर बोलें। वहीं जब रिजिजू से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सभापति ने निर्देश नहीं दिया है, बल्कि यह कहा है कि विपक्ष ऐसा चाहता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सुबह से शाम तक संसद में ही रहते हैं, लेकिन विपक्ष हंगामा कर रहा है। सदन में तो वही मंत्री उपस्थित रहेगा, जिसके विधेयक पर चर्चा होनी है। गतिरोध खत्म करने के लिए सरकार और विपक्ष के बीच बात तो हो रही है, लेकिन तना तनी भी बरकरार है।

# अमेरिका का दुनिया के 60 फीसदी तेल पर नियंत्रण : ट्रंप

**वॉशिंगटन,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का दुनिया के 60 प्रतिशत तेल पर कंट्रोल है, जिसमें वेनेजुएला के रिसोर्स को भी अमेरिकी क्षमता का हिस्सा माना गया है। लास वेगास में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए श्री ट्रंप ने कहा, 'हमारे पास दुनिया के किसी भी देश की तुलना में ज़्यादा तेल और गैस है। अब इसमें वेनेजुएला को भी जोड़ लें। इसे जोड़ने पर, वेनेजुएला सहित हमारे पास दुनिया का 60 प्रतिशत तेल और गैस है। अमेरिका ने 3 जनवरी को वेनेजुएला में एक बड़े पैमाने पर ऑपरेशन शुरू किया, जिसके दौरान निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को हिरासत में लेकर न्यूयॉर्क ले जाया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन पर 'नार्को-टेररिज्म' (नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़ा आतंकवाद) में शामिल होने के आरोपों के लिए मुकदमा चलाया जाएगा। मादुरो और फ्लोरेस ने न्यूयॉर्क की अदालत में आरोपों से इनकार किया। मादुरो की गिरफ्तारी के बाद, वेनेजुएला के सुप्रीम कोर्ट ने अस्थायी रूप से राष्ट्रपति पद का कार्यभार उपराष्ट्रपति रोड्रिग्ज को सौंप दिया। उनके कार्यकाल के दौरान, अमेरिकी और वेनेजुएला के अधिकारियों ने एक नए द्विपक्षीय एजेंडे पर बातचीत शुरू की है, जिसमें ड्रग तस्करी से निपटने में सहयोग, वेनेजुएला के फंड की रिहाई, दक्षिण अमेरिकी देश के तेल की बिक्री, माइनिंग एक्सप्लोरेशन और राजनयिक बातचीत को फिर से शुरू करना शामिल है।

### जाहिर आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार इंडिया सेल्टर फाइनेन्स कार्पोरेशन लिमिटेड शाखा जबलपुर की ओर से प्रकाशन किया जा रहा है कि श्री रत्नेश चौधरी तनय श्री रामस्वरूप चौधरी एवं श्रीमती शशि बाई चौधरी पत्नी श्री रत्नेश चौधरी दोनों निवासी मकान नं. 132 वार्ड नं 11 मझौली तहसील मझौली जिला जबलपुर (म.प्र.) के नाम से मौजा मझौली, भटिया मोहल्ला राजेन्द्र वार्ड नं. 11, एरिया 01. पटवारी हल्का 21. रा.नि.मं. मझौली, तहसील मझौली, जिला जबलपुर(म.प्र.) में स्थित मकान जिसकी सम्पत्ति आई.डी. नं. 1002843145 रकबा 1152 वर्गफिट है जिसके सम्पूर्ण भाग में तल मंजिल पर मकान निर्मित है जिसके उत्तर में गोविन्द चौधरी का मकान, दक्षिण में रोड, पूर्व में सी.सी. रोड तथा पश्चिम में रोड स्थित है। उक्त आबादी मकान को श्री रत्नेश चौधरी तनय श्री रामस्वरूप चौधरी के द्वारा अपनी पत्नी श्रीमती 'शशि बाई चौधरी पत्नी श्री रत्नेश चौधरी को पंजीकृत सहस्वामित्व पत्र क्र. MP50IGR17572026A1008711 79 दिनांक 15.07.2026 के माध्यम से सहस्वामी बनाया गया है। उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर श्री रत्नेश चौधरी तनय श्री रामस्वरूप चौधरी एवं श्रीमती शशि बाई चौधरी पत्नी श्री रत्नेश चौधरी इंण्डिया सेल्टर फाइनेन्स कार्पोरेशन लिमिटेड शाखा जबलपुर के पक्ष में बंधक कर ऋण सुविधा प्रदान की जा रही है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर उपरोक्त 'वर्णित भूमि संबंधित दस्तावेजों सहित आपत्ति मेरे व मेरे पक्षकार के वर्णित पत्ते व मोबाईल नं. के माध्यम से पेश करे अन्यथा बीतने म्याद उपरांत वह स्वयं ही जवाबदार होंगे।

दिनांक-05.08.2026

**ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी (एडवोकेट)**
**म.प्र. उच्च न्यायालय**
**480 त्रिमूर्ति नगर जबलपुर (म.प्र.)**
**मो. नं. 8109283241**

र.नं. 1674

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार आम जनता को यह सूचित कर रहा हूँ कि मेरे पक्षकार श्री ओम प्रकाश गुप्ता द्वारा आवासीय उपयोग की संपत्ति फ्लेट में स्थित नजूल लीज़ प्लॉट नंबर 3/10, 3/11, 3/13, ब्लॉक नंबर 23, प्लॉट नंबर 03का भाग है एवं फ्लैट नंबर 101 (पहली मंज़िल), सिविल स्टेशन, जबलपुर में स्थित है जिसका कुल रकवा 800 वर्ग फुट के अनुसार ग्राउंड फ्लोर पर फ्लैट नंबर 101 (पहली मंज़िल) है। उक्त संपत्ति भूमिस्वामी श्री ओम प्रकाश गुप्ता को पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 04/07/2023 दस्तावेज क्रमांक MP182542023A12084529 के द्वारा श्रीमती विमला गुप्ता, श्री हेमन्त गुप्ता, श्री जनार्दन गुप्ता, श्रीमती सविता गुप्ता, श्रीमती सरिता गुप्ता और श्रीमती बबीता गुप्ता से प्राप्त हुई है तथा संपत्ति भूमिस्वामी श्री ओम प्रकाश गुप्ता एवं अन्य को पंजीकृत वसीयत दिनांक 23/12/2016, दस्तावेज क्रमांक MP182542016A 3666225 के द्वारा प्राप्त हुई है एवं उक्त संपत्ति को भूमिस्वामी के पिता- श्री हनुमानदीन गुप्ता पिता श्री बाबू लाल गुप्ता ने विक्रय पत्र दिनांक 26/06/1986, दस्तावेज क्रमांक 1953 द्वारा श्री ठाकुर देव सिंह पिता ठाकुर कामोद सिंह राजपूत से खरीद किया है।

यह कि श्री ओम प्रकाश गुप्ता मेरे पक्षकार LIC Housing Finance Ltd. से आवास ऋण प्राप्त करना चाहता है, जिसकी सुरक्षा हेतु श्री ओम प्रकाश गुप्ता द्वारा उक्त संपत्ति बैंक में बंधक की जा रही है। चूँकि उक्त सम्पत्ति पर साम्यिक बंधक करने हेतु विक्रय पत्र दिनांक 26/06/1986, दस्तावेज क्रमांक 1953 की मूल प्रति की आवश्यकता है, जो कि वर्तमान भूमि स्वामियों से गुम हो गई है। जिसके सम्बन्ध में श्री सुभाषचंद सैनी पिता श्री गुरुचरण दास सैनी द्वारा पुलिस थाना में प्राथमिक सूचना दर्ज कराई गई है, अतः उक्त संपत्ति या संपत्ति के बंधक के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का कोई विवाद हो तो वह प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अन्दर मेरे पक्षकार LIC Housing Finance Ltd. को अथवा मेरे कार्यालय में लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, समय उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

जबलपुर, दिनांक-06/08/2026

**राजेश प्यासी (एडवोकेट)**
**म.प्र. उच्च न्यायालय**
**319, गली नं. 05, त्रिमूर्ति नगर, दमोहनाका जबलपुर**
**मो.-9424320068**

र.नं. 1689

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर म.प्र.

रा.प्र.क्र./...../ अ-6/2026-27
अधारताल, दिनांक 03/08/2026

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कमला देवी पति स्व. सुभाष चंद्र सेक्सरिया निवासी- 586 राईट टाउन जबलपुर द्वारा तहसील अधारताल, जिला जबलपुर में स्थित विनिर्दिष्ट तालिका अनुसार भूमि का मृत्यु के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबद आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

भूमि का विवरण निम्नानसार है:- क्र.-1, ग्राम का नाम/नजूल ब्लॉक का नाम- सुभाष नगर, खसरा क्रं./डायवर्सन शीट नंबर एवं प्लॉट नंबर- शीट नं. 153/सी, प्लाट नं. 504/1 का भाग, रकबा वर्गफुट/हे. में-2805 व.फु., योग-....

अतः एवं उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति या आवेदन पत्र पेश करना हो तो वह इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक को स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई भी विचार न करते हुए रद्द समझे जावेगें। इश्तहार आज जारी दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

स्थान - अधारताल
पेशी दिनांक - 20/08/2026

**तहसीलदार, अधारताल जबलपुर**

र.नं. 1684

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर म.प्र.

रा.प्र.क्र./...../ अ-6/2026-27
अधारताल, दिनांक 10/07/2026

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गंगा बाई तरूतानी पति श्री मानिक तरूतानी निवासी- 593 गौरैया प्लाट रानीपुर द्वारा तहसील अधारताल, जिला जबलपुर में स्थित विनिर्दिष्ट तालिका अनुसार भूमि का फौती/मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबद आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

भूमि का विवरण निम्नानसार है:- क्र.-1, ग्राम का नाम/नजूल ब्लॉक का नाम- रानीपुर, खसरा क्रं./डायवर्सन शीट नंबर एवं प्लॉट नंबर- शीट नं. 116/1/2, रकबा वर्गफुट/हे. में-682 व.फु., योग-....

अतः एवं उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति या आवेदन पत्र पेश करना हो तो वह इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक को स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई भी विचार न करते हुए रद्द समझे जावेगें। इश्तहार आज जारी दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

स्थान - अधारताल
पेशी दिनांक - 10/08/2026

**तहसीलदार, अधारताल जबलपुर**

र.नं. 1683

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर म.प्र.

रा.प्र.क्र./1709/ अ-6/2026-27
अधारताल, दिनांक 03/08/2026

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशुतोष जैन पिता स्व. प्रकाश चंद जैन निवासी- सुसरोड बालाजी मंदिर के पास पुणे द्वारा तहसील अधारताल, जिला जबलपुर में स्थित विनिर्दिष्ट तालिका अनुसार भूमि का मृत्यु के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबद आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

भूमि का विवरण निम्नानसार है:- क्र.-1, ग्राम का नाम/नजूल ब्लॉक का नाम- कछपुरा, खसरा क्रं./डायवर्सन शीट नंबर एवं प्लॉट नंबर- शीट नं. 615, 418 से 630, रकबा वर्गफुट/हे. में-2605 व.फु., योग-....

अतः एवं उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति या आवेदन पत्र पेश करना हो तो वह इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक को स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई भी विचार न करते हुए रद्द समझे जावेगें। इश्तहार आज जारी दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

स्थान - अधारताल
पेशी दिनांक - 18/08/2026

**तहसीलदार, अधारताल जबलपुर**

र.नं. 1682

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर म.प्र.

रा.प्र.क्र./1618/ अ-6/2026-27
अधारताल, दिनांक 27/08/2026

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भगवती चरण पिता स्व. तारेन्द्र लाल निवासी- कमला नेहरू नगर जबलपुर द्वारा तहसील अधारताल, जिला जबलपुर में स्थित विनिर्दिष्ट तालिका अनुसार भूमि का पंजीकृत दस्तावेज एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबद आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

भूमि का विवरण निम्नानसार है:- क्र.-1, ग्राम का नाम/नजूल ब्लॉक का नाम- हिनौतिया, खसरा क्रं./डायवर्सन शीट नंबर एवं प्लॉट नंबर- 321, रकबा वर्गफुट/हे. में-2484 व.फु., योग-....

अतः एवं उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति या आवेदन पत्र पेश करना हो तो वह इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक को स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई भी विचार न करते हुए रद्द समझे जावेगें। इश्तहार आज जारी दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

स्थान - अधारताल
पेशी दिनांक - 12/08/2026

**तहसीलदार, अधारताल जबलपुर**

र.नं. 1681

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मध्यप्रदेश नवकरणीय....

अपनी उपलब्धियों और भविष्य की कार्य योजना का प्रभावी प्रेजेंटेशन दिया। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी, केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी तथा भूटान के ऊर्जा एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्री एच.ई. ल्योनपो जेम त्शेरिंग तथा श्रीलंका के ऊर्जा मंत्री अनुरा करुणाथिलका, अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा म.प्र. मनु श्रीवास्तव सहित देश-विदेश के ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञ, नीति-निर्माता और उद्योग जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट GW गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूर्ण प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में निवेश-अनुकूल नीतियों, सुदृढ़ आधारभूत संरचना और पर्याप्त प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता से मध्यप्रदेश देश के अग्रणी ग्रीन एनर्जी हब के रूप में तेजी से उभर रहा है। सम्मेलन में ऊर्जा सुरक्षा, हरित प्रौद्योगिकी, नवाचार, निवेश और अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। यह आयोजन स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने तथा सतत विकास के लक्ष्यों की दिशा में महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में मध्यप्रदेश की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता 438 मेगावॉट से बढ़कर 11,000 मेगावाट हो गई है, जो लगभग 25 गुना वृद्धि है। पिछले 2 वर्षों में राज्य सरकार ने नवकरणीय ऊर्जा, पंप्ड हाइड्रो ऊर्जा भंडारण तथा बायोमास नीतियां लागू कर निवेश और नवाचार को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि 750 मेगावाट रीवा अल्ट्रा मेगा सौर परियोजना ने देश में पहली बार सौर ऊर्जा का टैरिफ कोयला आधारित विद्युत से भी कम स्थापित किया। इस परियोजना को वर्ल्ड बैंक ग्रुप प्रेसिडेन्ट्स अवार्ड फॉर एक्सीलेंस प्राप्त हुआ तथा इसकी केस स्टडी हावर्ड युनिवर्सिटी में पढ़ाई जाती है। वहीं 1,500 मेगावाट आगर-शाजापुर-नीमच सौर परियोजना में 2.14 रूपये प्रति यूनिट का रिकॉर्ड न्यूनतम सौर टैरिफ प्राप्त हुआ है और इससे भारतीय रेलवे को 8 राज्यों में हरित ऊर्जा उपलब्ध कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 278 मेगावॉट क्षमता की देश की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर परियोजना का लोकार्पण 25 दिसंबर 2025 को प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा किया गया। इसके साथ ही 'सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना' के अंतर्गत लगभग 14,900 मेगावॉट क्षमता के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें किसानों और एमएसएमई क्षेत्र की उल्लेखनीय भागीदारी रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा और ग्रिड स्थिरता को मजबूत करने के लिए राज्य में बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं का तेजी से विकास किया जा रहा है। मुरैना की 440 मेगावाट सौर ऊर्जा एवं 880 मेगावाट-घंटा बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजना प्रदेश की पहली ऐसी परियोजना है, जिसमें प्रतिस्पर्धी दर पर विद्युत क्रय अनुबंध किए गए हैं। साथ ही 4 घंटे, 6 घंटे और 24 घंटे की सौर-सह-ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं पर भी कार्य प्रगति पर है।

**प्रेजेंटेशन के मुख्य बिन्दु-4 घंटे बैटरी ऊर्जा भंडारण :** ऐसी परियोजनाएँ जो सौर ऊर्जा को संग्रहित कर सायंकालीन पीक मांग के समय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करती हैं तथा ग्रिड की विश्वसनीयता बढ़ाती हैं। **6 घंटे बैटरी ऊर्जा भंडारण :** ये परियोजनाएँ अधिक अवधि तक ऊर्जा आपूर्ति प्रदान कर नवकरणीय ऊर्जा के बेहतर एकीकरण, मांग प्रबंधन एवं ग्रिड स्थिरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। **24 घंटे नवकरणीय ऊर्जा एवं भंडारण परियोजनाएँ :** सौर ऊर्जा एवं दीर्घावधि ऊर्जा भंडारण के संयोजन से विकसित ये परियोजनाएँ चौबीसों घंटे स्वच्छ एवं विश्वसनीय विद्युत उपलब्ध कराने में सक्षम हैं, जिससे उद्योगों, वितरण कंपनियों तथा डेटा सेंटर जैसे उच्च मांग वाले उपभोक्ताओं को ऊर्जा सुरक्षा प्राप्त होगी। **एनआरईडी की भूमिका :** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग, मध्य प्रदेश शासन राज्य में नवकरणीय ऊर्जा नीति निर्माण, निवेश प्रोत्साहन, परियोजना विकास तथा ऊर्जा संक्रमण से संबंधित कार्यक्रमों के समन्वय हेतु प्रमुख विभाग है। विभाग प्रदेश को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सतत ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए कार्यरत है। **रूम्सल की भूमिका :** रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड, मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड एवं सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (स्थ्षट्ढ) का संयुक्त उपक्रम है। रूम्सल राज्य में बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा, फ्लोटिंग सोलर, हाइब्रिड नवकरणीय ऊर्जा तथा बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं के विकास एवं क्रियान्वयन हेतु नोडल एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है। रूम्सल द्वारा विकसित नवाचार आधारित परियोजनाएँ मध्य प्रदेश को देश में ऊर्जा भंडारण एवं चौबीसों घंटे नवकरणीय ऊर्जा आपूर्ति के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित कर रही हैं।

### 22 साल जेल में रहा

दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी, जबकि विवादित आदेश के समय वह 12 साल और अब 10 साल की अतिरिक्त अवधि, कुल मिलाकर 22 साल जेल में बिता चुका था। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा कि हाईकोर्ट को इस बात पर भी विचार करना चाहिए था कि यह जेल के माध्यम से अपील थी और न्यायालय को इस मामले का व्यावहारिक दृष्टिकोण, या बल्कि सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाना चाहिए था और कम से कम याचिकाकर्ता को अपनी आपराधिक अपील पर गुण-दोष के आधार पर बहस करने का एक अवसर देने के लिए देरी को माफ कर देना चाहिए था। सबूतों की जांच करने पर अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची कि यह मामला केवल एक प्रत्यक्षदर्शी के अविश्वसनीय और संदिग्ध बयान के आधार पर दोष सिद्ध करने योग्य नहीं था। जिसके बाद अदालत ने उसे तिहरे हत्याकांड के मामले में बरी कर दिया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि केवल संदेह के आधार पर व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। उससे थर्ड डिग्री (यातना) देकर इकबालिया बयान लिया गया, जिसे कानून में सबूत के तौर पर स्वीकार भी नहीं किया जा सकता था। इसके बावजूद ट्रायल कोर्ट ने सबूतों की सही तरीके से जांच नहीं की और हाई कोर्ट भी मूकदर्शक बना रहा। जिसके चलते बिना किसी मजबूत सबूत के उस व्यक्ति की जिंदगी के 22 साल बर्बाद हो गए।

### न्यायालय नायब तहसीलदार बरगी जिला जबलपुर

राजस्व प्रकरण क्रमांक-0080/बी-121/ 2026-27 जबलपुर, दिनांक:-05.08.2026

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुनील जसूजा पुत्र स्व. श्री गोपी चंद जसूजा एवं श्री मोहित रावलानी पुत्र स्व. श्री परमानंद रावलानी निवासी जबलपुर द्वारा ग्राम खम्हरिया प.ह.नं. 58. रा.नि.मं. बरगी. स्थित भूमि खसरा नंबर 5/3 रकवा 0.20 हे. भूमि **'SARTHI ENTERPRISES'** नामक प्राइवेट फर्म के पार्टनर श्री अमित अग्रवाल के फौत हो जाने एवं स्व. श्री अमित अग्रवाल के वारिसों श्रीमती शिखा अग्रवाल श्री आरुश अग्रवाल, कुमारी आक्षिता अग्रवाल का नाम फर्म से सेवानिवृत्त होने से उनका नाम विलोपित किया जाकर स्वयं का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया।

अतः यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त नाम सुधार एवं विलोपन के संबंध में कोई आपत्ति हो। तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 10 दिवस के भीतर अपने प्रमाण सहित लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्रकरण में एकपक्षीय अंतिम आदेश पारित कर दिया जावेगा। तत्पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

जारी दिनांक-05/08/2026
पेशी दिनांक-14/08/2026

**नायब तहसीलदार**
**बरगी जबलपुर**

कृति

### CHANGE OF NAME

I, Deepti Agrawal, Wife of Neelesh Bajaj Resident of 40, Baldeobagh Cherital ward 12, Jabalpur State Madhya Pradesh on Oath that at present I Know as person Deepti Bajaj wife of Neelesh Bajaj, my actual surname is Agrawal instead of Bajaj. I have changed my name from Deepti Bajaj (Old Name) to Deepti Agrawal (New Name)

JABALPUR

Deepti Agrawal

र.नं. 1675

### न्यायालय तहसीलदार तहसील पनागर जिला जबलपुर (म.प्र.)

रा.प्र.क्र./1786/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवशंकर दुबे पिता राजेन्द्र दुबे निवासी नर्मदा नगर बस्ती नं. 2 प्लाट नं. 282/2 गोहलपुर जबलपुर ने ग्राम निरंदपुर प.ह.नं..... रा.नि.म. 07 स्थित भूमि खसरा नंबर 306, रकवा 0.91 हेक्टे. भूमि का फौती/ वसीयत/ विक्रय पत्र/ दानपत्र/ पारिवारिक व्यवस्था पत्र/ आपसी बटवारा के आधार पर नामांतरण बटवारा/ अभिलेख दुरूस्त/ रकवा सुधार/ नक्शा बटांक हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है। अतः उक्त भूमि के नामांतरण/बंटवारा/ अभिलेख दुरूस्ती/ रकवा सुधार/ नक्शा बटांक में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति इश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेश कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार आज दिनांक 6/8/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सुनवाई दिनांक-21/08/2026

**तहसीलदार**
**पनागर**

र.नं. 1687

### न्यायालय अपर कलेक्टर कटनी जिला कटनी

प्र. क्रमांक/0042 /अपील/2025-26

**सूचना पत्र**

श्री सुखराम चक्रवर्ती पिता स्व. मैकू चक्रवर्ती निवासी- ग्राम व पोस्ट-बिलहरी तहसील रीठी, जिला कटनी (म.प्र.)

अपीलार्थीगण श्रीमती मौलश्री चक्रवर्ती पति स्व. श्री सरदार चक्रवर्ती निवासी म.नं. 1013/12 पुष्पक नगर, आधारताल जबलपुर द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी कटनी का रा.प्र.क्र. 0277/अ-6-अ/2025-26 में पारित आदेश दिनांक 29/05/2025 से व्यथित होकर इस न्यायालय के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई है। जिसकी आगामी सुनवाई दिनांक 19/08/2026 को न्यायालय अपर कलेक्टर में होना नियत है। अतः आपको इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त पेशी दिनांक 19/08/2026 को न्यायालय अपर कलेक्टर कटनी में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

पेशी दिनांक 19/08/2026
जारी दिनांक 22/07/2026

**अपर कलेक्टर**
**जिला कटनी (म.प्र.)**

र.नं. 1668

### कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर म.प्र.

**प्रारूप-क (नियम 4 देखिए)**

क्रं.-0019/अ-82/2025-26 नरसिंहपुर दिनांक- 20/07/2026

राज्य सरकार प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर यथास्थिति संबंधित ग्राम पंचायत के परामर्श से निम्न भूमियों का अर्जन कराना चाहती है और लोक प्रयोजन के लिए सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करना चाहती है। अध्ययन का कार्य भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकार और पारदर्षिता का अधिकार अधिनियम 2013 (कमांक 30 सन् 2012) की धारा 4 के प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | परियोजना विकासक का नाम | लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग जबलपुर |
| 02 | भूमि के प्रस्तावित अर्जन का प्रयोजन | नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत इटारसी-जबलपुर सेक्शन के रेलवे कि मी 858/0-1 में स्थित लेबल क्रासिंग क 257 पर आर ओ बी निर्माण बावत् । |
| 03 | अध्ययन का कार्य हाथ में लेने वाले सामाजिक समाघात निर्धारण दल के विवरण | 01. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, गाडरवारा<br>02.उप संचालक, सामाजिक न्याय व नि:शक्तता<br>03. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सांईखेडा<br>04. सरपंच ग्राम पंचायत बरेली 05. हल्का पटवारी ग्राम बरेली |
| 04 | भूमि का विवरण | |
| (क) | जिला | नरसिंहपुर |
| (ख) | तहसील | गाडरवारा |
| (ग) | ग्राम/नगर | बरेली प ह नं- 95 नंब- 300 |
| (घ) | कुल प्रभावित क्षेत्र | निजी भूमि 0.516 हे. |
| (ङ) | अर्जित होने वाला क्षेत्र | कुल रकवा 0.516 हे. (खसरा वार सूची) |
| 05 | प्रस्तावित योजना का संक्षिप्त विवरण | ग्राम बरेली में रेलवे क्रासिंग क 257 पर आर ओ बी निर्माण बावत |
| 06 | परियोजना क्षेत्र और प्रभावित क्षेत्र | परयोजना क्षेत्र 0.516 हे. एवं प्रभावित क्षेत्र 0.516 हे |
| 07 | क्या ग्राम सभाओं और / या भूमि धारकों की सहमति अपेक्षित है। | नहीं |
| 08 | सामाजिक समाघात निर्धारण पूर्ण किये जाने की तारीख | अधिसूचना प्रकाशन के छः माह के भीतर। |

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**गाडरवारा, जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)**

**कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव**
**मध्यप्रदेश राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)**

G-16766/26

स्वच्छता ही सेवा

### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

**भवन नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि धनवंतरी नगर जबलपुर में स्थित भवन क्रमांक HIG-79 श्रीमती सपना जैन पति श्री हेमन्त कुमार जैन के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 23. 11.2007 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमती सपना जैन पति श्री हेमन्त 'कुमार जैन ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 28.07.2026 के माध्यम से श्री दीपक कुमार जैन पिता श्री रतन चंद जैन को विक्रय किया है। अतः श्री दीपक कुमार जैन पिता श्री रतन चंद जैन द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

र.नं. 1677

### न्यायालय अतिरिक्त कमिश्नर जबलपुर संभाग जबलपुर (पक्षकार को उपस्थित होने सबंधी आम सूचना)

प्रकरण क्रमांक / 0027/ अपील/25.26
दिनांक 31.07.2026

01 प्रतिमा जायसवाल पति सुभाष जायसवाल निवासी ग्राम करेला तहसील बरही जिला कटनी

02 प्रीति जायसवाल पति सिद्धात जायसवाल निवासी ग्राम करेला तहसील बरही जिला कटनी

............. अपीलार्थीगण

अईया बाई कुशवाहा (साकेश) पति कमलेश कुशवाहा निवासी करेला तहसील बरही कटनी जिला कटनी

............ उत्तरवादीगण

पेशी दिनांक 17-08-2026
समय 2.00 अपरान्ह बजे
स्थान कमिश्नर कार्यालय जबलपुर संभाग जबलपुर

अपीलार्थी प्रतिमा जायसवाल एवं अन्य द्वारा न्यायालय अनुविभानीय अधिकारी रा. विजयराघवगढ/बरही जिला कटनी के प्रकरण क्रमांक 0090/अपील/24-25 में पारित आदेश दिनांक 09.10.2024 के विरूद्ध इस न्यायालय के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई है। प्रकरण में आगामी तिथि 17.08.2026 नियत की गई है। अतः प्रकरण में पक्षकारो को इस सूचना को पेपर प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि वे प्रकरण में अपना पक्ष रखना चाहते हैं वें स्वंय न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा एवं आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 31.07.2026 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(अमर बहादुर सिंह)**
**अतिरिक्त कमिश्नर**
**जबलपुर संभाग**

र.नं. 1678

### In The Court Of VI Additional District and Session Judge District Court, Jabalpur

presiding Officer: **किशोर कुमार मिश्रा**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

**(MJC GW/ 0000046/2026)**

श्रीमती नेहा बिरहा...........वादी

**Vs**

रमेश प्रसाद बिरहा .....प्रतिवादी

**Process Id**-/2026
पेशी दि.:-22/09/2026

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी श्रीमती नेहा बिरहा ने आपके विरूद्ध एम जे सी जे डब्ल्यू आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 8 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 04 अगस्त 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन एवं उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 8 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 की छायाप्रति संलग्न

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(के. के. मिश्रा)**
**जिला न्यायाधीश (षष्टम)**
**जबलपुर (म.प्र.)**

र.नं. 1671

### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर में भूखण्ड क्रमांक 209 श्रीमति गीता बाई बंसकार पिता श्री शंकरलाल बंसकार के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय दिलेख दिनांक 27.05.2026 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्रीमति गीता बाई बंसकार पिता श्री शंकरलाल बंसकार ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 03.08.2026 के माध्यम से श्रीमति सविता बेन पति श्री सुनील कुमार बेन को विक्रय किया है। अतः श्रीमति सविता बेन पति श्री सुनील कुमार बेन द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

र.नं. 1677

## कार्यालय नगरपालिका परिषद, सिवनी (म.प्र.)

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमाक /3363/न.पा.प./2026 सिवनी, दिनाक 05/08/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु केंद्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण बेबसाईट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।


| क्र. | टेंडर क्रमाक जारी दिनांक | प्रस्तावित निर्माण कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र शुल्क EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD _527253_1 | मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना अंतर्गत बबरिया गार्डन सिवनी स्वीमिंग पुल निर्माण कार्य | 09 माह 42050000 | 15000 210000 | 09/09/2026 |

**नोट**-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संसोधन का प्रकाशन ऑनलाईन www.mptenders.gov.in/ बेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद सिवनी (म.प्र.)**

किसानों के सशक्तिकरण के साथ बायोगैस क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा

# सरकार ने 'गोबरधन योजना' को दी मंजूरी



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सरकार देश में संपीड़ित बायोगैस को बढावा देने और इसे भविष्य के ऊर्जा स्त्रोतों का प्रमुख स्तंभ बनाने के लिए 23 हजार 731 करोड़ रूपये के कुल खर्च के साथ दस वर्ष के लिए गोबरधन योजना शुरू करने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्चिनी वैष्णव ने गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मंत्रिमंडल ने 23,731 करोड़ रुपए की राष्ट्रीय पुर्नचक्रण जैव ऊर्जा , गोबरधन योजना को मंजूरी दे दी है। यह योजना कृषि अवशेष, पशु गोबर, चीनी मिलों के अपशिष्ट, नगर निकायों के जैविक कचरे और अन्य बायोमास संसाधनों को स्वच्छ ईंधन, जैविक खाद, ग्रामीण आय में बदलने के लिए शुरू की गई है।

यह योजना मौजूदा वित्त वर्ष से वित्त वर्ष 2035-36 तक लागू की जाएगी और इसका उद्देश्य संपीड़ित बायोगैस को भारत के भविष्य के ऊर्जा मिश्रण का एक प्रमुख स्तंभ बनाना है। इसका लक्ष्य घरेलू संपीड़ित बायोगैस उत्पादन में लगभग दस गुना वृद्धि, बड़े पैमाने पर निजी निवेश और देशभर में पुर्नचक्रण जैव अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा

### 23,731 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे

संचालित गोबरधन योजना, सुनिश्चित मांग, स्थिर मूल्य निर्धारण, पूंजी सहायता, पाइपलाइन अवसंरचना, ऋण सहायता और प्रौद्योगिकी विकास के माध्यम से संपीड़ित बायोगैस मूल्य श्रृंखला के लिए एकीकृत ढांचा उपलब्ध कराएगी। यह योजना सतत वैकल्पिक परिवहन के लिए किफायती पहल , जैविक खाद के लिए बाजार विकास सहायता योजना, बायोमास मशीनरी योजना, पाइपलाइन अवसंरचना विकास योजना और राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम के तहत संपीड़ित बायोगैस संयंत्रों के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता जैसी पहले की पहलों पर आधारित है। इन उपायों के माध्यम से 200 से अधिक संपीड़ित बायोगैस संयंत्रों को चालू किया गया है, उत्पादन और खरीद प्रणालियों को मजबूत किया गया है तथा जैविक खाद मूल्य श्रृंखला का विकास किया गया है।

## गुवाहाटी-तेजपुर 4-लेन हाईवे परियोजना को भी मंजूरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने गुरुवार को असम में राष्ट्रीय राजमार्ग-15 (एनएच-15) के तहत गुवाहाटी-तेजपुर कॉरिडोर के विकास को मंजूरी दे दी। लगभग 135.871 किलोमीटर लंबे इस चार-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड हाईवे का निर्माण बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) टोल मॉडल पर किया जाएगा, जिस पर कुल 8,970.20 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। यह परियोजना ब्रह्मपुत्र नदी के दक्षिणी हिस्से में स्थित मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग-27 (ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर) पर बढ़ते यातायात दबाव को कम करने में मदद करेगी।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने कहा प्रधानमंत्री व गृहमंत्री सदन में आकर बयान दें

# संसद को बाधित करने के लिए सत्तापक्ष जिम्मेदार : खड़गे

- सरकार विपक्ष को अपनी बात भी नहीं रखने देती
- कांग्रेस पूरे देश के छात्रों और युवाओं के साथ खड़ी



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस अध्यक्ष तथा राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद में गतिरोध के लिए सत्तापक्ष को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मामले में सदन में आकर जवाब देंगे तब ही संसद सुचारु रूप से चल सकेगी। श्री खरगे ने गुरुवार को यहां अपने आवास 10 राजाजी मार्ग पर संवाददाताओं से कहा कि विपक्ष पिछले 15 दिनों से छात्रों पर हुए कथित अत्याचार, लाठीचार्ज, पैलेट गन और आंसू गैस के इस्तेमाल के मुद्दे पर गृह मंत्री से सदन में बयान देने की मांग कर रहा है लेकिन सरकार लगातार इससे बच रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्र शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे थे, इसके बावजूद उनके खिलाफ बल प्रयोग किया गया और इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल यह जानना चाहता है कि छात्रों पर लाठीचार्ज, पेलेट गन और आंसू गैस के इस्तेमाल का आदेश किसने दिया। यदि गृह मंत्री सदन में आकर स्थिति स्पष्ट कर देते तो इस मुद्दे पर चर्चा हो जाती और संसद का कामकाज सामान्य रूप से चल सकता था।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राज्यसभा के सभापति ने भी संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू से कहा है कि सदन की इच्छा है कि गृह मंत्री सदन में आकर अपनी बात रखें लेकिन इसके बावजूद सरकार ने इस दिशा में कोई पहल नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष को अपनी बात रखने का अवसर भी नहीं देती और जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर जवाबदेही से बच रही है।

छात्रों की आवाज उठाती रहेगी पार्टी

श्री खरगे ने कहा कि विपक्ष संसद को बाधित करने की बजाय चाहता है कि सदन में सार्थक चर्चा हो। यदि श्री मोदी छात्रों और उनके अभिभावकों से माफी मांग लें तथा श्री शाह सदन में बयान दे दें तो संसद का गतिरोध समाप्त हो सकता है। झारखंड में छात्रों से जुड़े घटनाक्रम के बारे में पूछे गए एक सवाल पर श्री खरगे ने कहा कि कांग्रेस किसी एक राज्य की नहीं, बल्कि पूरे देश के छात्रों और युवाओं के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि झारखंड, पंजाब, दिल्ली या किसी भी राज्य में छात्रों के साथ अन्याय होगा तो कांग्रेस उनकी आवाज उठाती रहेगी और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

# आज से हर शुक्रवार फील्ड में उतरेगा पूरा प्रशासन

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जनोन्मुखी पहल के तहत जन-विश्वास अभियान का शुभारंभ 7 अगस्त से होगा। अभियान के तहत हर शुक्रवार मंत्रालय से लेकर जिले तक के अधिकारी दफ्तर छोड़कर फील्ड में पहुंचेंगे और जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं और शिकायतों का समाधान करेंगे। अभियान के चार प्रमुख स्तंभ संवाद, समाधान, संवेदनशीलता और सादगी होंगे। अभियान के दौरान शुक्रवार को अपरिहार्य स्थिति को छोड़कर किसी भी स्तर पर बैठक आयोजित नहीं होगी। मुख्यमंत्री, मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार फील्ड में पहुंचेंगे। कलेक्टर एक सप्ताह पहले भ्रमण क्षेत्र चिन्हित कर जनप्रतिनिधियों को जानकारी देंगे।

# अवधेश नायक प्रदेश कांग्रेस महासचिव नियुक्त

**भोपाल, देशबन्धु।** दतिया विधानसभा उपचुनाव में अहम भूमिका निभाने वाले पार्टी नेता अवधेश नायक को प्रदेश कांग्रेस का महासचिव नियुक्त किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन के बाद उनके नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि दतिया उपचुनाव के समय अवधेश नायक का नाम सबसे ज्यादा चर्चा में रहा था। उन्होंने मतदाताओं से सीधे जनसम्पर्क से लेकर सोशल मीडिया तक जमकर पार्टी के पक्ष में प्रचार किया था। साल 2023 में पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा से मतभेदों के चलते नायक भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इसके बाद उन्हें कांग्रेस ने टिकट दिया था, लेकिन कुछ समय बाद ही कांग्रेस ने उनकी जगह राजेंद्र भारती को मैदान में उतार दिया था, जिन्होंने जीत हासिल की थी। इस बार भी नायक कांग्रेस से टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे, लेकिन पार्टी ने उनकी जगह पूर्व विधायक घनश्याम सिंह को टिकट दे दिया। इसके बाद से उनकी नाराजगी की खबरें आ रही थीं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष नायक को मनाने के लिए उनके निवास पहुंचे थे। इसे बाद से वे पूरी तरह चुनाव प्रचार में जुट गए थे।

## धर्म बदलने पर पांच साल कैद, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बहनों को कराया मुक्त

**प्रयागराज, एजेंसी।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने दो बालिग बहनों को कथित रूप से करीब पांच साल तक घर में रोके रखने के मामले में उन्हें तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है। दोनों महिलाओं ने हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम अपनाया था। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संदीप जैन की एकल पीठ ने की। हेबियस कॉर्पस याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि किसी बालिग व्यक्ति की धार्मिक पसंद और निजी स्वतंत्रता में परिवार या अन्य किसी व्यक्ति को हस्तक्षेप का अधिकार नहीं है। अदालत ने महिलाओं की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अदालत ने मामले में माता-पिता और उत्तर प्रदेश सरकार को संयुक्त रूप से 25 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश भी दिया। पुलिस को महिलाओं की जिंदगी और उनकी पसंद में अनावश्यक हस्तक्षेप नहीं करने की हिदायत दी गई। अदालत ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता को संविधान के अनुच्छेद 21 से जोड़ते हुए कहा कि बालिग व्यक्ति को अपनी जिंदगी और पसंद के संबंध में निर्णय लेने का अधिकार है।

## डॉ. कामले कांग्रेस के संपत्ति विभाग के अध्यक्ष नियुक्त



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस द्वारा संगठनात्मक पुनर्गठन की प्रक्रिया के तहत, कल प्रदेश कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों एवं विभागों की कार्यकारिणी को भंग किए जाने के बाद आज पुनर्गठन की शुरुआत करते हुए संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के परिसंपत्ति एवं संपत्ति विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा की गई है। इसी कड़ी में आगामी दिनों में प्रदेश कांग्रेस के सभी विभागों एवं प्रकोष्ठों की नई कार्यकारिणियों की भी चरणबद्ध घोषणा की जाएगी।

## सरकार से वार्ता के लिए छात्रों ने 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल घोषित किया

**रांची, एजेंसी।** जेपीएससी, जेएसएससी समेत विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में जारी छात्र आंदोलन के बीच राज्य सरकार के साथ प्रस्तावित वार्ता को लेकर आंदोलनकारियों ने गुरुवार को 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की घोषणा कर दी। प्रतिनिधिमंडल में आठ छात्र प्रतिनिधियों के अलावा दो पत्रकार और एक अधिवक्ता को शामिल किया गया है। हालांकि, आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया है कि वार्ता के दौरान सरकार के समक्ष केवल छात्र प्रतिनिधि ही अपनी मांगें और पक्ष रखेंगे। छात्र प्रतिनिधियों में रविन्द्र पासवान, पीयूष कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार रवि, राजेश प्रसाद, नीतू कुजूर, कार्तिक सोरेन, संदीप कुमार और शालू सिंह शामिल हैं।

## बच्चों की सुरक्षा को लेकर श्वेत पत्र जारी करे सरकार

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में बच्चों के अपहरण और गुमशुदगी के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। उन्होंने सरकार से बच्चों की सुरक्षा को लेकर तत्काल प्रभावी कदम उठाने और इस बारे में श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है।

पटवारी ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा किसी भी राज्य की कानून-व्यवस्था का सबसे संवेदनशील पैमाना होती है, लेकिन मध्यप्रदेश में इस संबंध में हालात लगातार चिंताजनक होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को पारदर्शिता के साथ स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना लागू करनी चाहिए। पत्र में पटवारी ने मांग की है कि प्रत्येक जिले में ऐसे मामलों की मासिक सार्वजनिक समीक्षा की जाए और लंबित मामलों के लिए विशेष अभियान शुरू हो। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस, रेलवे पुलिस और बाल संरक्षण संस्थाओं के बीच समन्वित तंत्र विकसित करना, मानव तस्करी और संगठित गिरोहों की जांच के लिए संयुक्त टास्क फोर्स का गठन किया जाए। साथ ही सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का विवरण सार्वजनिक हो।


नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 90
2026-2027 दिनांक 30/07/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता प्रभास कुमार चौकसे 2. कौशिक कुमार दोनों के पिता श्री गया प्रसाद चौकसे भवन/खसरा .... संपत्ति कर/ पिन नं. 1000365910 विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्रीमती माधवी चौकसे पति स्व. श्री जी.पी. चौकसे के भाग पर वार्ड शहीद अब्दुल हमीद जिस पर निर्मित भूतल 2225 व.फु. आरसीसी, प्रथम तल 1725 व.फु. आरसीसी वसीयतनामा, शपथ पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 1680 कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.- सं.क्र.11/26-27/87
दिनांक 05/08/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती वीणा कुमारी पत्नि अमरेश कुमार ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 84 ग्रामीण वीली सम्पत्ति के पिन क्रमांक 9000293983 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 960 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती शैलेन्द्री कुशवाहा पति श्री अनंत कुमार कुशवाहा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 1679 संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.- सं.क्र.11/26-27/86
दिनांक 05/08/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गजेन्द्र सिंह पहाड़िया पिता जानकीलाल पहाड़िया 2. अनीता पहाड़िया पत्नि गजेन्द्र सिंह पहाड़िया ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक पिलन नं. 32 फेस-2 आनंनतारा तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000378672 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 2811 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री नीता गुड़िया प्र. लि. द्वारा मो. जाहिद कुरैशी पिता श्री रसूल मो. कुरैशी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 1679 संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 93
2026-2027 दिनांक 31/07/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्रीमती शमीम बानो पति अनीश मुहम्मद 2. अनीश मोहम्मद पिता श्री शेख नजीर भवन/खसरा .... संपत्ति कर/ पिन नं. 1000366019 विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - शेख नौशाद ना.बा. शेख अहमद पिता शेख अजीज के भाग पर वार्ड शहीद अब्दुल हमीद जिस पर विक्रय प्लाट रकबा 1200 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 526 व.फु. आरसीसी, पर विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 1679 कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर

निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

नाम परिवर्तन सूचना
मैं, ARMY NO 2704985F, RANK- NK, NAME-KALSARIYA RAJESHKUMAR BHOPABHAI, UNIT-12 GRENADIERS ADDRESS VILLAGE- SIMAR, POST SIMAR, TEH- UNA DISTT- JUNAGADH, STATE- GUJARAT, PIN- 362550, शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिताजी का नाम KALSARIYA BHOPABHAI एवं मेरी माताजी का नाम KALSARIYA JIVAT BEN दर्ज है जो कि गलत है मेरे पिताजी का सही नाम KALSARIYA BHOPABHAI JADAVBHAI एवं मेरी माताजी का सही नाम KALSARIYA JIVATBEN BHOPABHAI है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरे पिताजी एवं माताजी के इन नामों को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

Change of Name
I, Papa Kumar, son of Shankar Lal Soni, residing at Plot no 65 Jaggu ka Baghicha Sadar Cant Jabalpur M.P, do hereby declare that I have changed my name from Papa Kumar to Pawan Soni. My new name, Pawan Soni has already been recorded in my Voter ID Card, and I have to change my name in Aadhar Card record as Pawan Soni henceforth I shall be known and identified by the name Pawan Soni for all purposes. Both the names Papa Kumar and Pawan Soni refer to one and the same person. I request all concerned authorities and general public to take note of this change of name and update their records accordingly.
Old Name: Papa Kumar
New Name: Pawan Soni

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.- सं. क्र.11/26-27/73 दि.03/08/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ब्रायन डा सिल्वा पिता स्व. ऐरिक डा सिल्वा ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 275/1 एवं ब्लाक नं. 16 प्लाट नं. 17/2 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000398512 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 14600 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा, रिलीज डीड के आधार पर निगम में दर्ज स्व. वरना नरोन्हा पति स्व. एंथोनी नरोन्हा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 1679 संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.- सं. क्र.11/26-27/72 दि.03/08/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती जून शेणोय पत्नि श्री रोहन शेणोय ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक ब्लाक नं. 16 प्लाट नं. 17/1 प्लाट नं. 275 लवली होटल के बाजू से सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000399002 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 13399 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 4000 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा, रिलीज डीड के आधार पर निगम में दर्ज वायलट डासिल्वा पिता ई.टी. डिसिल्वा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 1679 संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 98
2026-2027 दिनांक 27/07/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता योगेश नामदेव पिता श्री विष्णु प्रसाद नामदेव भवन/खसरा क्रं. 18871 पी-।। ए संपत्ति कर/ पिन नं. 1000360787 विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - रेखा बाई पटेल पति अशोक पटेल 2. रानू पटेल पति अमित पटेल 3. राहुल पटेल पिता अशोक पटेल के भाग पर वार्ड महर्षि महेश योगी के विक्रय प्लाट रकवा 1200 व.फु. आरसीसी जिस पर निर्मित भूतल 1100 आरसीसी एवं प्रथम तल 1100 व.फु. आरसीसी पर विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 1679 कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर

नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 94
2026-2027 दिनांक 31/07/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता घनश्याम दास अमलानी 2. मुकेश अमलानी पिता स्व. श्री खुशालदास अमलानी भवन/खसरा क्रं. 8721 पीएनओ 227 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000360332, 2394011 विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्री खुशालदास अमलानी पिता स्व. श्री नत्थूराम अमलानी के भाग पर वार्ड महर्षि महेश योगी के निर्मित भूतल 2000 व.फु. आरसीसी एवं प्रथम तल 2000 व.फु. आरसीसी द्वितीय तल 2000 व.फु. आरसीसी पर विक्रय पत्र, हकत्याग पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 1680 कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार पनागर जिला जबलपुर
रा.प्र.क्र. /0748/अ-6/2026-27
आम इश्तहार
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक रोनाल्ड एन्ड्रूस पिता/पति शशि प्रमोद/शांता प्र. एन्ड्रूस निवासी दुर्गा कालोनी सरकारी कुआ गौड़ बाबा मंदिर घमापुर जबलपुर ने ग्राम पनागर प.ह.नं. 08/19 रा.नि.मं. पनागर स्थित भूमि खसरा नं. .... रकवा 1000 व.फु. भूमि का विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण बटवारा/ अभिलेख दुरूस्त/ रकवा सुधार/ नक्शा बटांक हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है। अतः उक्त भूमि के नामांतरण बटवारा/ अभिलेख दुरूस्ती/ रकवा सुधार/नक्शा बटांक में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति इश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेश कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार आज दिनांक 06/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
सुनवाई दिनांक-21/08/2026
र.नं. 1670 नायब तहसीलदार पनागर

न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर
रा.प्र.क्र./1471/ अ-6/2026-27
जबलपुर, दिनांक 05/08/26
आम इश्तहार
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक- कोमलचंद जैन पिता स्व. खुमान लाल जैन निवासी 120 निवाड़गंज, अन्नपूर्ण मंदिर के सामने के द्वारा ब्लाक नं. 49 नं.बं. .... प.ह.नं. ... रा.नि.मं. जबलपुर में स्थित ब्लाक नं. प्लाट नं. 23/1 का भाग रकवा 710 वर्गफुट भूमि वसीयतनामा क्र. 250 दिनांक 26/09/2005 के माध्यम से क्रय की गई भूमि का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में भूमि श्रीमती गुलाब रानी पति सुमात लाल जैन के नाम दर्ज है। तत्संबंध में नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वो अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 20/08/26 तक कार्यालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक- 05/08/2026
पेशी दिनांक- 20/08/2026
र.नं. 1688 तहसीलदार, अधारताल जबलपुर

न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर
रा.प्र.क्र./0678/अ-6/2026-2027
जबलपुर, दिनांक 05.08.2026
आम इश्तहार
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश, नरेश, वानेश कुमार जैन सभी के पिता स्व. श्री केवल चन्द जैन निवासी 1173 गंजीपुरा मेन रोड जबलपुर के द्वारा मौजा... नजूल ब्लॉक नंबर 76 प्लॉट नंबर 15/1 स्थित भूमि खसरा नंबर... में से रकवा 785 वर्गफुट भूमि पर श्रीमति मैनाबाई जैन पत्नि केवलचंद जैन की मृत्यु दिनांक 09/06/2024 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र / फौती / वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 21/08/26 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकती है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 05.08.2026
पेशी दिनांक - 21.08.2026
तहसीलदार
र.नं. 1666 अधारताल जबलपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार खम्हरिया वृत्त जबलपुर
रा.प्र.क्र. 1245/3-6/2026-27
आम ईश्तहार
ग्राम नीमखेड़ा तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री मुनेन्द्र प्रताप सिंह पिता श्री विजय बहादुर निवासी- शिवपुरी कजरवारा पोस्ट टेमर भीटा रानी लक्ष्मी बाई वार्ड थाना सदर केंट जबलपुर ने ग्राम नीमखेडा प.ह.नं. 76, राजस्व निरीक्षक मंडल खम्हरिया स्थित भूमि ख.नं. 164 का भाग में से विक्रय प्लाट नं. 34 रकवा 1000 वर्गफुट भूमि के ई-पंजीकृत विक्रय पत्र कमांक 441 दिनांक 15/05 /2013 के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया है। अतः उक्त भूमि के विक्रय पत्र आधार पर नामांतरण तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 20.08.2026 तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी दिनांक व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा। इश्तहार आज दिनांक 05.08.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 05.08.26
पेशी दिनांक 20.08.26
अतिरिक्त तहसीलदार
र.नं. 1667 खम्हरिया वृत्त जबलपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार खम्हरिया वृत्त जबलपुर
रा.प्र.क्र/1191/अ-6/2026-2027
आम इश्तहार
ग्राम रिछाई तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक गालोबाई गौड़ पिता स्व. सुद्दू सिंह उर्फ साधू राम पति श्री कुंवर लाल गौड़ निवासी- म.नं. 03, वार्ड नं. 01, रिछाई शारदा नगर, बरेला रिछाई, जबलपुर ने ग्राम रिछाई, प.ह.नं. 93, राजस्व निरीक्षक मंडल खम्हरिया स्थित भूमि ख.नं. 156 रकवा 2.0500 हे. भूमि के फौती नामांतरण हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया है। अतः उक्त भूमि के फौती नामांतरण तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 20.8.26 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी दिनांक व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।
इश्तहार आज दिनांक 5.8.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 05/08/2026
पेशी दिनांक 20/08/2026
नायब तहसीलदार
र.नं. 1648 खम्हरिया वृत्त जबलपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर ( म.प्र. )
रा. प्र. क्रमांक- 1480 /अ-6/2026-27
जबलपुर, दिनांक- 31/07/2026
आम इश्तहार
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक 1. प्रवीन गुजराती, एवं अन्य निवासी विनोबा नगर, अधारताल, जिला जबलपुर ( म.प्र. ) के पिता श्री मूलचंद गुजराती के द्वारा ग्राम अधारताल नं.बं. 6 प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. जबलपुर-1 तहसील अधारताल जिला जबलपुर के खसरा नंबर 149/9/2 रकवा 2400 वर्गफुट भूमि विक्रेता श्रीमती आभा वर्मा पति श्री अरविन्द वर्मा से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 18.02.1997 दस्तावेज क्रमांक 1614 ख के माध्यम से क्रय करने एवं क्रेता श्री मूलचंद गुजराती की मृत्यु दिनांक 15.10.2022 को हो जाने के बाद आवेदक द्वारा वारसान हक से प्राप्त करने के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। वर्तमान में भूमि पर रामजीवन पिता सरजू प्रसाद पटैल पता जबलपुर का नाम दर्ज है। तत्संबंध में नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 17/08/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की पदमुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 31/07/2026
पेशी दिनांक- 17/08/2026
न्यायालय तहसीलदार
र.नं. 1665 अधारताल जबलपुर

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जबलपुर (म.प्र.)
क्र./159/वि. अधि./2026
जबलपुर, दिनांक 03/08/2026
सार्वजनिक सूचना
विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-6 के तहत
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक Aftab Khan पिता Anis Khan उम्र 27 वर्ष निवासी H.No. 1992/11 Supatal Dargah Road baghela Gas Agency ke pichhe badanpur madan mahal jabalpur एवं आवेदिका Muskan Bee पिता Shekh Rasul उम्र 20 वर्ष निवासी H.No. 68 Post Sahajpuri gram panchayat Magardha vill bijaura bargi nagar jabalpur के द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अंतर्गत विशेष विवाह अनुष्ठापन हेतु आवेदन पत्र दिनांक 24/06/2026 को प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित विवाह अनुष्ठापन के विरूद्ध यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति लिखित रूप में इस न्यायालय में दिनांक 18/08/2026 को या इसके पूर्व न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 24/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।
अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जबलपुर (म.प्र.)
र.नं. 1669

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे मुवक्किल / पक्षकार श्री राजू बर्मन उम्र 65 वर्ष, पिता श्री महेश बर्मन निवासी-एच.आई.जी. ए/60, महाराणा प्रताप वार्ड धनवंतरी नगर जबलपुर म.प्र. द्वारा संपत्ति मौजा घाना, नं.बं 145, प.ह.नं.37. नया 25 (पटवारी हल्का घुन्सौर 00105) रा.नि.मं. जबलपुर-1. तह. व. जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नं. 195/3 का भाग नामांतरण पश्चात वर्तमान खसरा नं. 195/3/1 का विक्रय रकबा 0.0650 हे. याने 6992 वर्गफीट भूमि है, जो कि एन. एच 7 (जबलपुर नागपुर रोड) मुख्य मार्ग से लगकर मौजा घाना तह. व. जिला जबलपुर में स्थित है को क्रय करने का अनुबंध विक्रेता (1) श्रीमति हेमवती जैसवाल पति स्व. श्री श्याम लाल जी जैसवाल (आधार नं. 272682824384) निवासी-डी, 6/7 आइडियल हिल्स आदर्श नगर जिला जबलपुर (म.प्र.), (2) श्री रमाकांत दहायत पिता राजेंद्र दहायत (आधार नं. 511551835484) निवासी ई-3 आइडियल स्टेट जिला जबलपुर (म.प्र.), वालो से हुआ है, तथा शीघ्र ही विक्रय का निष्पादन एवं पंजीयन होना है। अतः जिस भी व्यक्ति, बैंक शासकीय, अर्द्धशासकीय या अन्य किसी को भी किसी भी तरह की आपत्ति हो तो वह दस दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेजों के आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा 10 (दस) दिवस के उपरांत मेरा पक्षकार विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेगा फिर किसी भी प्रकार की आपत्ति, हक या अधिकार मान्य नहीं होगा एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।
शिवम तिवारी (अधिवक्ता)
कार्यालय- म.नं.445, घड़ी चौक
कंचन बिहार रोड, विजय नगर जबलपुर
मो.7974082898, 7610744444

न्यायालय तहसीलदार, रांझी, जबलपुर
रा. प्र. क्र. /0597/अ-6/2026-27
// आम इश्तहार //
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सुदेश कुमारी सेठी पति स्व. कुलभूषण सेठी नि. 238 नर्मदा रोड जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं. 111 प्लाट नंबर 51 रकवा 1220 वर्गफुट/ हेक्टयर ग्राम .... प.ह.नं..... खसरा नं... म.न. 137 रकवा..... व.फु./ हे. पर विक्रयपत्र / हक त्याग / वसीयतनामा / दानपत्र / वारसान हक / दिनांक 15/03/1980 मृत्यु दिनांक 24/04/1984 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा / पटवारी / डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल बेलबाग ब्लाक नं.111 प्लाट नं. 51 रकवा 1220 व.फु./हे. ग्राम.... प.ह.नं.... खसरा नं.... म. नं. 137 रकवा.... .व.फु./हे. पर शिवराम बल्द राम लाल ठाकुर दास सेठी सा. बेलबाग के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 14/08/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 24.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक- 24/06/2026
पेशी दिनांक- 14/08/2026 तहसीलदार रांझी ,जबलपुर

देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार, 07 अगस्त 2026

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# कॉकरोच अब किस दिशा में बढ़ेंगे

जंतर-मंतर पर पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन खत्म हो चुका है और धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा भी हो गया है। इस बीच प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की ज्यादती को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दाखिल की गई हैं, जिन पर सुनवाई चल रही है। इस तरह देखा जाए तो कॉकरोच जनता पार्टी ने मोदी सरकार के नुमाइंदों के साथ मिलकर जो समझौता किया था और महीने भर से ऊपर चला आंदोलन खत्म हुआ था, तो अब कॉकरोच जनता पार्टी किस दिशा में आगे बढ़ेगी। क्या वह किसी राजनैतिक दल में तब्दील होगी, या फिर शिक्षा व्यवस्था के जो अनसुलझे सवाल हैं, उन्हें उठाएगी, या उसकी भूमिका बस यहीं तक सीमित थी, ऐसे कई सवालों पर जवाब मिलने अब शुरु हो गए हैं।

बुधवार और गुरुवार दो दिनों तक कॉकरोच जनता पार्टी की बैठक चली और अब अभिजीत दिपके ने गुरुवार को अपने अगले कदम के बारे में बताया है। दिपके के मुताबिक सीजेपी अब देश भर में एक नयी मुहिम छेड़ रही है, जिसका नाम होगा 'क्या बोलती पब्लिक'। इस मुहिम की घोषणा करते हुए दिपके ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं को समझना और उनके लिए काम करना होगा। बकौल, दिपके इस अभियान का सबसे पहला ध्यान शिक्षा क्षेत्र पर होगा, धीरे-धीरे इसे अन्य मुद्दों पर भी केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर सबसे पहले ध्यान इसलिए दिया गया है क्योंकि स्कूल, कॉलेज और कोचिंग की बढ़ती फीस की वजह से कई परिवार अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध नहीं करवा पाते। उन्होंने कहा, देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार हमारा पहला मुद्दा होगा। इस पर हमें काम करना है। हमारा मानना है कि देश में शिक्षा महंगी हो गई है। पहली कक्षा के लिए सालाना फीस 1 लाख रुपए से लेकर 2 लाख रुपए के बीच है। इसके अलावा कई जगह डोनेशन भी चलता है। दिपके ने सवाल उठाया कि देश में लोगों की आय इतनी कम है। आखिर वह कैसे अपने बच्चों को इतनी फीस देकर पढ़ा पाएंगे? कॉलेज और कोचिंगों की महंगी फीस कई परिवारों को कर्ज के जाल में फंसा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कॉकरोच पार्टी छात्रों के और तमाम परिवारों के इस आर्थिक बोझ को कम करना चाहती है। अभिजीत दिपके ने भीम राव अंबेडकर का जिक्र करते हुए कहा कि शिक्षा पर सभी का अधिकार है। शिक्षा को सभी के लिए उपलब्ध होना चाहिए। लेकिन आज के समय में शिक्षा केवल एक मुनाफे का धंधा बन चुकी है।

अभिजीत दिपके की ये बातें भारतीय राजनीति के लिए देजा वू पल समान लग रही हैं। फ्रेंच भाषा से लिए गए इस शब्द का अर्थ है पहले से देखा या महसूस किया हुआ। ज्यादा नहीं बस डेढ़ दशक पहले 26 नवंबर 2012 को आम आदमी पार्टी बनी थी। अरविंद केजरीवाल की बनाई यह पार्टी इंडिया अगेंस्ट करप्शन नाम के अभियान से ही निकली थी। आम आदमी पार्टी ने भी जनता पर पकड़ बनाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी जैसे बुनियादी मुद्दों पर ही जोर दिया। और इसमें कोई संदेह नहीं कि जब दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तो चाहे सरकारी स्कूल हों या मोहल्ला क्लिनिक की अवधारणा इनसे लाखों लोगों की जिंदगी में सहूलियत बढ़ी। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में बहुत हद तक आप सरकार ने सुधार किया था। फरवरी 2020 में जब ट्रंप भारत के दौरे पर थे, तो अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने एक सरकारी स्कूल का दौरा भी किया था।

आम आदमी पार्टी ने अपने गठन के वक्त यही दावा किया था कि वह राजनीति में बदलाव करेगी और मौजूदा चलन से हटकर काम करके दिखाएगी। लेकिन राजनैतिक मजबूरी कहें या महत्वाकांक्षा, आम आदमी पार्टी भी अब उसी रवैये पर चलती है जैसे बाकी राजनैतिक दल। भाजपा के विरोध में आम आदमी पार्टी ने इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनना मंजूर किया और उसी कांग्रेस से हाथ मिलाया, जिसकी मुखालफत वो करती रही है। लेकिन अब उसे इस गठबंधन में सहजता महसूस नहीं हुई तो वह अलग भी हो गई है। भविष्य में आम आदमी पार्टी क्या अकेले ही रहेगी या फिर किसी गठबंधन का हिस्सा बनेगी यह कहना कठिन है।

ठीक ऐसे ही अब कॉकरोच जनता पार्टी का हाल भी दिख रहा है। 'क्या बोलती पब्लिक' में जिस पब्लिक पर जोर दिया जा रहा है, वह आम आदमी ही है। बेशक अभिजीत दिपके ने अभी कहा है कि वह राजनीतिक पार्टी नहीं बनेंगे। बल्कि स्थानीय स्तर पर सुधार करने के लिए एक 'प्रेशर ग्रुप' यानी दबाव बनाने वाले समूह की तरह काम करेंगे। और जनता के बीच जाकर जानेंगे कि लोग देश के मौजूदा हालात के बारे में क्या सोचते हैं और उन्हें किन मुद्दों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन बिना राजनैतिक आधार के क्या वे केवल प्रेशर ग्रुप बनाकर उस लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे, जिसके लिए कॉकरोच जनता पार्टी बनी है। बेशक मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की टिप्पणी से आहत होकर उसके लिए दिए गए जवाबी तंज में कॉकरोच जनता पार्टी बनी है। लेकिन जंतर-मंतर पर पेपर लीक के विरोध में आंदोलन खड़ा करने में उसकी ही भूमिका रही है। बाद में वामदल के छात्र संगठन इस आंदोलन में शामिल हुए तो इसमें नए आयाम जुड़े और फिर लगभग विपक्ष के हर दल के नेता ने जंतर-मंतर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह आंदोलन सीजेपी तक शामिल नहीं रहा, लेकिन यह भी सच है कि आंदोलनकारियों की तरफ से सरकार से समझौता सीजेपी ने ही किया। ऐसे हालात में भले ही अभी सीजेपी राजनैतिक दल में तब्दील नहीं होगी। लेकिन वो उन्हीं मुद्दों को उठाने की बात कर रही है, जिनके समाधान लोकतांत्रिक राजनीति का हिस्सा बनकर ही तलाशा जा सकता है। अब सीजेपी क्या विपक्षी मोर्चे का अघोषित हिस्सा बनकर काम करेगी, क्या शिक्षा, बेरोजगारी, पेट्रोल में एथेनॉल की मिलावट जैसे मुद्दों के अलावा वह अपनी विचारधारा स्पष्टता के साथ जनता के सामने रख पाएगी, या वाकई सामाजिक आंदोलन की तरह ही काम करेगी और पूरी तरह राजनीति से अलग रहेगी, इन सारे सवालों के जवाब निकट भविष्य में मिल जाएंगे, ऐसी उम्मीद है।

# भारत में बढ़ती असमानता और सिकुड़ते अवसर

■ राजेश पांडेय

भारत को हमेशा चमकीली संभावनाओं का देश माना जाता है। पुराने दौर में उसके लिए सोने की चिड़िया विशेषण का इस्तेमाल होता था। उसमें दुनिया की बड़ी ताकत के बतौर उभरने की क्षमता रही है। लेकिन वर्तमान स्थिति खोए हुए अवसरों की अनंत कथा के रूप में तब्दील हो गई है। पिछले कुछ वर्षों से देश में आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ी है। राजनीतिक सत्ता के समान संपत्ति और साधन चंद लोगों के हाथों में सिमट गए हैं। नीतियों और प्राथमिकताओं में कुछ अमीरों को ज्यादा अहमियत मिल रही है। विश्व बैंक के आंकड़े और कई विशेषज्ञों के निष्कर्ष हालात की सही तस्वीर पेश करते हैं। जानकारी छिपाने और तोड़-मरोड़कर तथ्य पेश करने में माहिर सरकार भी कई बार सच बता देती है।

भारत ने आजादी के बाद मिश्रित अर्थव्यवस्था का मॉडल अपनाया था। पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार का झुकाव समाजवाद और पूर्व सोवियत संघ की व्यवस्था की तरफ था। सरकार ने कई उद्योगों की बुनियाद रखी और बड़े बांध बनाए। विशुद्ध पूंजीवाद के पैरोकार कई अर्थशास्त्री देश की अपेक्षाकृत धीमी विकास दर के लिए इस मॉडल को जिम्मेदार मानते हैं। खासतौर से 2014 के बाद तो देश की तमाम समस्याओं का ठीकरा नेहरू के कार्यकाल पर फोड़ने का सिलसिला चल पड़ा है। बहरहाल, पं. नेहरू के दौर में बने एक विराट सार्वजनिक क्षेत्र ने बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा किए। कुछ नए शहर अस्तित्व में आए, अर्थव्यवस्था को सहारा मिला और अवसरों में आम लोगों की हिस्सेदारी बढ़ी थी। एक बेहद पिछड़े देश ने विकास की दौड़ में बड़े देशों से होड़ करने का सपना देखा था।

विकास के नेहरूवादी मॉडल में आगे जाकर कई सरकारों ने बदलाव किए हैं। लेकिन आर्थिक गैरबराबरी नए शिखर स्पर्श कर रही है। यहां हम आय, संपत्ति, उत्पादन के तुलनात्मक आंकड़ों से विकास की वास्तविक स्थिति का काफी हद तक मूल्यांकन कर सकते हैं। पेरिस इकानॉमिक्स स्कूल की विश्व असमानता रिपोर्ट 2026 के मुताबिक भारत में कुछ लोगों के हाथ में संपत्ति और आय के जमा होने का स्तर चरम पर पहुंच गया है। वह दुनिया के सबसे ज्यादा असमान देशों की श्रेणी में आता है। राष्ट्रीय आय के 58 प्रतिशत हिस्से पर टॉप दस प्रतिशत लोगों का कब्जा है। दूसरी ओर सबसे निचली सीढ़ी पर बैठे 50 प्रतिशत लोगों के हिस्से में सिर्फ 15 प्रतिशत आमदनी आई है। कुल राष्ट्रीय आय के 40 प्रतिशत के मालिक एक फीसदी लोग हैं। विश्व बैंक की जुलाई 2026 में जारी एक रिपोर्ट में भारत को निम्न मध्यम आय की अर्थव्यवस्था बताया गया है। यह दर्जा 2009 से चल रहा है। मतलब पिछले 15-16 वर्षों से स्थिति लगभग यथावत है।

भारत के महाशक्ति बनने की संभावनाएं वर्षों से जताई जा रही हैं। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद तो विश्व गुरु, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था सहित कई दावे जोर-शोर से किए जा रहे हैं। लेकिन इन दावों पर संदेह बढ़ा है। इंडियन एक्सप्रेस में अभी हाल प्रकाशित सी राजामोहन के लेख में दो विशेषज्ञों के हवाले से कहा गया है कि भारत में बड़ी ताकत बनने की कई खूबियां हैं पर इतनी नहीं कि वह दुनिया की व्यवस्था को आकार दे सके। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के इतिहासकार ब्रेंडन सिम्स ने अपनी नई किताब- द रिटर्न ऑफ ग्रेट पावर्स में भारत को फ्रांस, जर्मनी और जापान के साथ महाशक्ति बनने की कगार पर खड़े देशों की सूची में रखा है। वे लिखते हैं यदि अगले दशक में भारत का कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ब्रिटेन, जापान और जर्मनी से अधिक हो जाता है तब भी वह अमेरिका और चीन से बहुत पीछे तीसरे स्थान पर रहेगा। फॉरेन अफेयर्स पत्रिका में एक लेख में टफ्ट्स यूनिवर्सिटी के माइकेल बेकले की दलील है, विश्व राजनीति में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका तो बनी रहेगी लेकिन अपनी कई घरेलू कमजोरियों के कारण उसके वास्तविक महाशक्ति बनने की संभावना नहीं है।

> **भारत की आबादी में युवाओं की संख्या 29 से 30 फीसदी के बीच होने का अनुमान है। चीन सहित कई देशों की तरक्की के पीछे युवाओं की अहम भूमिका रही है। अब बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से ऐसे देशों में काम करने वाली आबादी का प्रतिशत घटा है। उनकी अर्थव्यवस्था में गिरावट का एक कारण यह भी है। इस दृष्टि से भारत की बहुत अनुकूल स्थिति है।**

ये घरेलू कमजोरियों कौन सी हैं? 2014 के बाद धार्मिक ध्रुवीकरण बढ़ा है, सरकारी एजेंसियों की कार्रवाई ने राजनीतिक दलों के साथ औद्योगिक, व्यावसायिक हलकों में डर पैदा किया है। उद्योगपति निवेश करने में हिचकिचा रहे हैं। केंद्र सरकार के मंत्री कभी चेतावनी तो कभी सवाल पूछने के अंदाज में कहते हैं, समझ में नहीं आता है उद्योगपति निवेश करने से पीछे क्यों हट रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में प्राइवेट सेक्टर का निवेश जीडीपी के 11 प्रतिशत पर आ गया है। वहीं मनमोहन सिंह के कार्यकाल में यह 14 प्रतिशत था। यह स्थिति उस वक्त है जब मोदी सरकार ने कॉरपोरेट टैक्स की दर 2019 में 30प्रतिशत से घटाकर 22प्रतिशत कर दी।

अब उद्योगपति सरकार के फैसलों, उसकी नीतियों पर सवाल उठाने की बजाय उसकी तारीफ करने में लगे रहते हैं। हर बजट का जमकर स्वागत होता है। कुछ साल पहले तक उद्योगपति राहुल बजाज सरकार के खिलाफ खुलकर बोलते थे। फरवरी 2022 में उनके निधन के बाद उद्योग क्षेत्र से ऐसी कोई असरदार आवाज सामने नहीं आई है। कॉरपोरेट सेक्टर जोखिम भी नहीं उठा रहा है। उसका ध्यान किराए, ब्याज, शेयर बाजार के लाभांश और वायदा बाजार जैसी रेंटियर गतिविधियों पर ज्यादा है। 2012-13 से 2023-24 के आयकर रिटर्न के आंकड़ों का विश्लेषण बताता है, व्यावसायिक गतिविधियों से कंपनियों की कुल कर योग्य आय 57.3प्रतिशत से गिरकर 54.3प्रतिशत पर आ पहुंची थी।

न्यूयॉर्क के थिंक टैंक रोडियम ग्रुप और ऑस्ट्रेलियाई थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट का निष्कर्ष है, मैन्युफैक्चरिंग में भारत आगे नहीं बढ़ सका है। चीन की अर्थव्यवस्था में गिरावट और अमेरिका से व्यापार युद्ध ने दूसरे देशों के लिए आर्थिक फायदा उठाने के मौके बनाए हैं। लेकिन भारत के मुकाबले इस स्थिति को वियतनाम, दक्षिण कोरिया, मेक्सिको जैसे देशों ने ज्यादा भुनाया है। पश्चिमी देशों की कई कंपनियों ने अपनी मैन्युफैक्चरिंग चीन से हटाकर इन देशों में स्थानांतरित कर दी है।

निजी क्षेत्र के निवेश में गिरावट के बीच कुछ अमीरों की संपत्ति तेज रफ्तार से बढ़ रही है। दो उद्योगपतियों मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के बीच आगे निकलने की जबर्दस्त होड़ है। फोर्ब्स की सूची के अनुसार 2026 के मध्य में 8.84 लाख करोड़ रुपए की कुल संपत्ति के साथ अडानी भारत के सबसे अमीर शख्स थे। 2021 में उनकी संपत्ति 7.12 लाख करोड़ रुपए थी। उन्होंने पांच साल से कम समय में अपनी संपत्ति में ढाई लाख करोड़ रुपए का इजाफा कर लिया है। अडानी ने भारतीय अमीरों के सिंहासन पर लंबे समय से आसीन मुकेश अंबानी को पीछे हटा दिया है। 2021 में अंबानी की संपत्ति लगभग 8.84 लाख करोड़ रुपए थी। यह 2026 में घटकर 8.65 लाख करोड़ रुपए पर आ गई।

असमानता की एक और तस्वीर इन आंकड़ों में देखिए। बीते कुछ वर्षों में कुछ भारतीयों की आय और संपत्ति में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। अभी हाल में वित्त मंत्रालय ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में बताया कि 100 करोड़ रुपए या उससे अधिक आय वाले लोगों की संख्या 2021-22 के 142 से बढ़कर 2025-26 में 576 हो गई थी। एक अरब 40 करोड़ की आबादी में यह संख्या मुट्ठी भर कही जाएगी। दूसरी और बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है जिन्हें अच्छा जीवन बिताने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। लेबर फोर्स सर्वे के अनुसार 2025 में नियमित कर्मचारियों का औसत सालाना वेतन 2.7 लाख रुपए (22 हजार 699 रुपए मासिक) था। वहीं आकस्मिक कामगार का औसत दैनिक वेतन सिर्फ 453 रुपए रहा।

पिछले माह जंतर-मंतर और कुछ राज्यों में युवाओं के आंदोलन का मुख्य कारण सिर्फ प्रश्नपत्रों का लीक होना नहीं है। उसने बढ़ती बेरोजगारी और सिकुड़ते अवसरों के खिलाफ अपनी चिंता, आक्रोश और असंतोष जताया है। हर साल गिनी-चुनी सरकारी नौकरियों में आवेदन करने वालों की संख्या लाखों में रहती है। अधिकतर युवाओं को उनकी योग्यता और क्षमता के हिसाब से रोजगार नहीं मिल रहे हैं। इसलिए वे मजबूरी में सामान की सप्लाई करने वाले रोजगार से काम चला रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में खाना और अन्य सामान की डिलीवरी करने वाली कंपनियों में रोजगार कई गुना बढ़ा है। शहरों में लोगों के दरवाजों पर गर्मागर्म खाना और सामान की डिलीवरी करने वाले लोगों में ज्यादातर युवा ही होते हैं। भारत की आबादी में युवाओं की संख्या 29 से 30 फीसदी के बीच होने का अनुमान है। चीन सहित कई देशों की तरक्की के पीछे युवाओं की अहम भूमिका रही है। अब बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से ऐसे देशों में काम करने वाली आबादी का प्रतिशत घटा है। उनकी अर्थव्यवस्था में गिरावट का एक कारण यह भी है। इस दृष्टि से भारत की बहुत अनुकूल स्थिति है। उसके सामने युवा आबादी से लाभ उठाने का मौका है। ऐसा सुनहरा अवसर एक शताब्दी में एक-दो बार ही मिलता है। इस बार चूके तो हम विकसित भारत का सपना साकार होते नहीं देख पाएंगे। अनंत संभावनाओं के बावजूद अमेरिका और चीन जैसे देशों के पीछे चलते रहेंगे।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन : भारत की हरित क्रांति के जनक

भारत रत्न डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन को भारत में 'हरित क्रांति के जनक' के रूप में याद किया जाता है। कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उनके दूरदर्शी एवं क्रांतिकारी योगदान ने भारत को खाद्यान्न संकट से उबारकर विश्व के सबसे बड़े अनाज उत्पादक देशों में शामिल कर दिया। वैज्ञानिक कार्यपद्धति, अभिनव प्रयोग, प्रभावी नीतिगत हस्तक्षेप तथा किसानों के साथ जमीनी स्तर पर जुड़ाव के माध्यम से उन्होंने भारतीय कृषि की दिशा और दशा दोनों बदल दी।

7 अगस्त 1925 को तमिलनाडु में जन्मे डॉ. स्वामीनाथन ने अपना सम्पूर्ण जीवन खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा टिकाऊ (सस्टेनेबल) कृषि को बढ़ावा देने के लिए समर्पित किया। 1960 के दशक में जब भारत बार-बार अकाल, खाद्यान्न संकट और आयात पर निर्भरता जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा था, तब डॉ. स्वामीनाथन ने अपने वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नेतृत्व से देश की कृषि व्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया।

**डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन की कृषि विरासत के प्रमुख स्तंभ**

***1. उच्च उपज देने वाली किस्में:***- डॉ. स्वामीनाथन का सबसे महत्वपूर्ण योगदान भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप उच्च उपज देने वाली गेहूं एवं धान की किस्मों का विकास और प्रसार था। उन्होंने नोबेल पुरस्कार विजेता नॉर्मन बोरलॉग सहित अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के साथ मिलकर मेक्सिको की कम ऊंचाई वाले गेहूं की किस्मों को भारत में लाने और उन्हें भारतीय किस्मों के साथ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन नई किस्मों ने भारत की जलवायु एवं कृषि परिस्थितियों में बेहतरीन परिणाम दिए। इस हरित क्रांति की शुरुआत पंजाब और हरियाणा से हुई और शीघ्र ही पूरे देश में फैल गई।



प्रदीप पाटिल

> **जैविक खेती, सूक्ष्म सिंचाई (ड्रिप एवं स्प्रिंकलर), मृदा परीक्षण तथा जल संरक्षण को प्रोत्साहित करना तथा एवरग्रीन रिवोल्यूशन की अवधारणा को व्यवहार में उतारने के लिए किसानों को जलवायु-अनुकूल कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाना भी जरूरी है। सभी राज्यों एवं प्रमुख फसलों में न्यूनतम समर्थन मूल्य का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो।**

***2.आधुनिक कृषि अनुसंधान प्रणाली का निर्माण***

डॉ. स्वामीनाथन ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) को एक सशक्त एवं गतिशील संस्था के रूप में विकसित किया, जिसने कालांतर में वैज्ञानिकों, किसानों और नीति-निर्माताओं के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में कृषि अनुसंधान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित न रहकर किसानों की वास्तविक समस्याओं के समाधान पर केंद्रित हो गया।

***3.टिकाऊ (सस्टेनेबल) कृषि के प्रबल समर्थक***

डॉ. स्वामीनाथन अपने समय से बहुत आगे की सोच रखने वाले वैज्ञानिक थे। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग तथा भूजल के अंधाधुंध दोहन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति समय रहते चेताया। उन्होंने 'सदाबहार क्रांति' (एवरग्रीन रिवोल्यूशन) की अवधारणा प्रस्तुत की, जिसका उद्देश्य पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए कृषि उत्पादन में वृद्धि करना था। डॉ. स्वामीनाथन ने जैविक खेती, जल संरक्षण तथा फसल विविधीकरण को विशेष महत्व दिया।

***4.छोटे एवं सीमांत किसानों के अधिकार तथा बीज-संप्रभुता***

डॉ. स्वामीनाथन ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि आधुनिक विज्ञान का लाभ छोटे एवं सीमांत किसानों तक भी पहुंचे। उन्होंने किसानों के बीजों को सुरक्षित रखने, उपयोग करने और साझा करने के अधिकारों का पुरजोर समर्थन किया। उनके प्रयासों से पौधा-किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001 अस्तित्व में आया, जिसे अभिनव प्रयोग और परंपरा के संतुलन का वैश्विक उदाहरण माना जाता है।

***5.संवेदनशील एवं तथ्य-आधारित कृषि नीति के समर्थक***

राष्ट्रीय किसान आयोग के अध्यक्ष के रूप में वर्ष 2006 में प्रस्तुत उनकी रिपोर्ट में अनुशंसा की गई कि फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) उत्पादन लागत से कम-से-कम 50 प्रतिशत अधिक होना चाहिए। किसानों को उचित मूल्य, ग्रामीण आधारभूत संरचना तथा संस्थागत ऋण उपलब्ध कराने का उनका दृष्टिकोण आज भी भारत की कृषि नीति का महत्वपूर्ण आधार बना हुआ है।

भावी दिशा- आज भारत जलवायु परिवर्तन, बाजार की अनिश्चितता तथा जल संकट जैसी नई चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में डॉ. स्वामीनाथन की सोच हमें आगे बढ़ने का स्पष्ट मार्ग दिखाती है। इसके लिए आईसीएआर जैसी संस्थाओं का आधुनिकीकरण तथा कृषि विस्तार सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया जाना जरूरी है ताकि प्रत्येक किसान नवीनतम अनुसंधान, तकनीक एवं कृषि सलाह से जुड़ सके। इसी प्रकार मोबाइल ऐप, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा डिजिटल कियोस्क जैसी आधुनिक और नवोन्मेषपूर्ण तकनीकों का व्यापक उपयोग लाभप्रद होगा।

जैविक खेती, सूक्ष्म सिंचाई (ड्रिप एवं स्प्रिंकलर), मृदा परीक्षण तथा जल संरक्षण को प्रोत्साहित करना तथा एवरग्रीन रिवोल्यूशन की अवधारणा को व्यवहार में उतारने के लिए किसानों को जलवायु-अनुकूल कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाना भी जरूरी है। सभी राज्यों एवं प्रमुख फसलों में न्यूनतम समर्थन मूल्य का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। छोटे, सीमांत, बटाईदार, महिला एवं जनजातीय किसानों के लिए संस्थागत ऋण, फसल बीमा तथा बेहतर बाजार सुविधाओं तक पहुंच आसान बनाई जाए।

उनकी अन्य सिफारिशों जैसे ग्रामीण आधारभूत संरचना में निवेश तथा वर्षा आधारित कृषि के विकास हेतु राष्ट्रीय वर्षा आधारित क्षेत्र प्राधिकरण को लागू करना भी भारत की कृषि व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान कर सकता है।

डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन का बड़प्पन उनके समग्र दृष्टिकोण में निहित है। उन्होंने आनुवंशिकी को नैतिकता से, उत्पादकता को पर्यावरण संरक्षण से तथा विज्ञान को मानवीय संवेदनाओं से जोड़ा। उनका विश्वास था कि कृषि केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र की गरिमा, आत्मनिर्भरता और समृद्धि का आधार है। आज जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है, तब डॉ. स्वामीनाथन के विचार और उनकी दूरदर्शिता पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं।

## आपके पत्र

# सुविधा नहीं गरीब के जीवन का आधार है राशन व्यवस्था

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। विकास, डिजिटलीकरण और कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा देशभर में होती है, लेकिन क्या यह योजनाएं देश के ग्रामीण क्षेत्रों में एक समान रूप से सभी को लाभान्वित करती हैं? इस पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। जबकि हकीकत यह है कि आज भी बिहार जैसे राज्यों के कई ऐसे ग्रामीण इलाके हैं, जहां हज़ारों गरीब परिवारों को राशन जैसी सुविधा समय पर नहीं मिल पाती है।

जिन घरों की आय इतनी कम है कि रोज़ कमा कर लाने से रोज़ का खाना बनता है, उनके लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। जब राशन समय पर नहीं मिलता, कम मात्रा में मिलता है या बिना किसी स्पष्ट कारण के राशन कार्ड से किसी सदस्य का नाम काट दिया जाता है, तब इसका सबसे बड़ा असर उन परिवारों पर पड़ता है जिनके लिए दो वक्त का भरपेट भोजन जुटाना भी किसी चुनौती से कम नहीं है।

बिहार के कई ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार रहते हैं जो गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करते हैं। खेतिहर मजदूर, दिहाड़ी श्रमिक, भूमिहीन किसान और असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोग अक्सर अनिश्चित आय पर निर्भर रहते हैं।

बरसात, बाढ़, सूखा या बीमारी जैसे हालात उनकी कमाई को और प्रभावित कर देते हैं। ऐसे समय में सरकारी राशन ही उनके घर का चूल्हा जलाए रखने का सबसे भरोसेमंद सहारा बनता है। यदि किसी महीने राशन मिलने में देरी हो जाए, तो परिवार को भूखे पेट सोने की नौबत तक आ जाती है।

एक आंकड़े के अनुसार बिहार में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लगभग 8.7 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। राज्य सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अनुसार, लगभग 2 करोड़ से अधिक राशन कार्ड राज्य में सक्रिय हैं, जिनके माध्यम से पात्र परिवारों को हर महीने प्रति व्यक्ति 5 किलोग्राम खाद्यान्न (चावल और गेहूं) अत्यंत रियायती दरों पर उपलब्ध कराया जाता है। वहीं अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) के अंतर्गत आने वाले अत्यंत गरीब परिवारों को प्रति परिवार 35 किलोग्राम खाद्यान्न दिया जाता है। यही व्यवस्था लाखों परिवारों के लिए खाद्य सुरक्षा की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है।

राशन कार्ड का महत्व केवल अनाज प्राप्त करने तक सीमित नहीं है। आज यह अनेक सरकारी योजनाओं तक पहुंच का महत्वपूर्ण दस्तावेज़ बन चुका है। पात्र परिवारों को राशन मिलने के साथ-साथ कई मामलों में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ भी मिलता है। इसके अतिरिक्त कई सरकारी योजनाओं में पात्रता निर्धारित करने, पहचान प्रमाण के रूप में उपयोग करने तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने में भी राशन कार्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**श्रुति कुमारी, मुजफ्फरपुर बिहार**



# ललित सुरजन की कलम से

## दफा 499 और 500

*वर्तमान समय के अधिकतर नेताओं का पढ़ने-लिखने से कोई वास्ता नहीं है। ऐसे में उनके पास अगर अपनी बात कहने के लिए सही शब्दों का अभाव है तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है। दूसरे- किसी नेता का उसे सुनने आई भीड़ को देखकर प्रफुल्लित हो जाना स्वाभाविक है, लेकिन उससे कहीं अधिक वे टेलीविजन के कैमरों को देखकर पहले नकली आवेश में और फिर उसी रौ में बहते हुए अपने असली रूप याने एक कुपढ़ और बददिमाग व्यक्ति के रूप में सामने आ जाते हैं। उन्हें लगता है कि अपने विरोधियों को जितना अधिक गरियाएंगे उनकी लोकप्रियता और वोटों में उतना ही इजाफा होगा। वे भूल जाते हैं कि आपका विरोधी ही आपके भाषणों का रिकार्डिंग करवा रहा है। तीसरे- नेताओं का अहंकार सिर पर चढ़कर बोलता है। इस दृष्टि से सर्वोच्च न्यायालय ने सार्वजनिक जीवन में मर्यादा का पालन करने की नसीहत दी है तथा व्यक्ति की मानहानि को अपराध की श्रेणी में रखा है तो वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए शायद उचित ही हुआ है।*

**(देशबन्धु में 19 मई 2016 को प्रकाशित)**

**https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/05/499-500.html**

## प्रकाश पर्व

# आठवें नानक हरिकृष्ण राय

हरिकृष्ण राय जी का इस धरा पर आगमन सातवें नानक हरि राय साहिब के गृहग्राम में 7 जुलाई को 1656 में हुआ था। उनकी माता का नाम कृष्ण कौर था। आप 6 अक्टूबर 1661 को गुरुगद्दी पर विराजमान हुए तब इनकी आयु मात्र सवा पांच साल की थी। इस तरह गुरु घर में छोटी उम्र हो बड़ी कोई मायने नहीं रखती। जहां तीसरे नानक गुरु अमरदास जी 73 वर्ष की आयु में गुरु गद्दी पर विराजमान हुए वहीं आठवें नानक मात्र मात्र पांच वर्ष की उम्र में गुरु गद्दी पर बैठे। क्योंकि शरीर तो बदलता रहा पर ज्योति वही दूसरे शरीर में प्रवेश करती रही-

जोत उही जगति उही, सा काया फेर पलटिये।

आप सातवें नानक हरि राय साहिब के छोटे सुपुत्र थे। उनके बड़े बेटे भाई राम राय जी थे जिन्हें बादशाह औरंगजेब के दिल्ली बुलाने पर यह कहकर गुरु पिता ने भेजा था कि गुरु घर की मर्यादा के अनुसार ही बादशाह के प्रश्नों का उत्तर देना और कोई करामात नहीं दिखाना। गुरु राम राय जी ने औरंगजेब के सभी प्रश्नों के जवाब गुरुघर के मर्यादा के अनुसार दिये लेकिन गुरुग्रंथ साहिब की गुरुवाणी की एक लाइन का जवाब बादशाह के बहकावे में आकर गलत जवाब दे दिया। गुरुवाणी के अनुसार लाईन थी- मिट्टी मुसलमान की पेड़े कुमिहार की पई के स्थान पर मिट्टी मुसलमान बेईमान की कहकर गुरुवाणी को तोड़-मरोड़कर पेश कर दिया। इससे बादशाह तो बहुत खुश हुए। उन्हें ईनाम के तौर पर दून की कुछ रियासतें जागीर के तौर पर दे दी। इस बात का पता लगा तो गुरुदेव हरिराय जी ने संदेशा भिजवा कि गुरुवाणी को तोड़-मरोड़ करने वाला अब गुरु घर में कभी नहीं आए और इस तरह गुरु गद्दी अपने छोटे बेटे हरिकृष्ण को सौंप दी।

पदासीन होने के बाद आप को भी बादशाह औरंगजेब ने दिल्ली बुलवाया पर पिता की आज्ञा का पालन करते हुए आपने दिल्ली जाकर नहीं मलेछ को दर्सन देहे के मुताबिक आपने दिल्ली जाने से इंकार कर दिया। बाद में राजा जयसिंह के घर साध संगत की आज्ञा अनुसार दिल्ली चल पड़े। रास्ते में पंखाजोर नामक गांव में एक लालचन्द्र नामक अहंकारी पंडित आपके पास आया और कहा कि आपको याद होगा कि गीता में श्रीकृष्णजी ने गीता उच्चारण की थी आप हरिकृष्ण हैं तो उसका अर्थ ही बता दीजिए। तब उसके अहंकार को तोड़ने के लिए आपने कहा कि आप गांव से किसी को भी ले आइये मैं उसका अर्थ उसके मुख से ही छड़ी रखकर दूंगा तो सब बता देगा। तब लालचंद्र ने एक गूंगे और बहरे छज्जू नामक युवक को ले आया। गुरुदेव ने उस गूंगे के सिर पर छड़ी रख दी और कहा कि लालचंद्रजी जिस जिस श्लोक का अर्थ पूछें आप उसका उत्तर देते जाइए इस तरह सारे श्लोकों का अर्थ बताते गया। उस दिन से ही वह गूंगा बोलने और सुनने लगा।

दिल्ली में आपके रहते ही चेचक की महामारी फैल गई तब आपने उसी बंगले में जहां आपने निवास किया था वहीं एक बावली का निर्माण कराया और कहा जो भी इस जल से स्नान करेगा उसका दुख-तकलीफ दूर हो जाएगा-हरि हरि नाम दिओ दारु तिनि सगला रोग बिदारू।

वहीं सेवा करते हुए आप खुद भी चेचक के शिकार हो गए तब अपना अंतिम समय निकट जान गुरुघर की परंपरा के अनुसार पांच पैसे और एक नारियल रखकर शीश निवाते हुए कहा-बाबा बकाले और इस तरह गुरुतेग बहादुर नौंवे नानक के रूप में पदासीन हुए। आपका अंतिम संस्कार जमुना किनारे किया गया जहां आज गुरुद्वारा बाला साहिब और जिस बंगले में आपने निवास किया वहां गुरुद्वारा बंगला साहिब सुशोभित है।

इस तरह आप केवल तीन साल ही गुरुगद्दी पर रहे। इन तीन सालों में बहुत बड़े-बड़े कार्य किये। दशम गुरु ने फरमाया कि-

हरि कृष्ण धिआइये जिस डिठियां सब दुख जाये।

आज आपका प्रकाश पर्व है आपके बताए हुए रास्ते पर चलते हुए आपके आदर्शों के अनुसार ही अपना जीवन मानव सेवा की भलाई में ही व्यतीत करें।

**-इंदरसिंह आहुजा**

# एम्स की तर्ज पर मेडिकल यूनिवर्सिटी विकसित करने की राह आसान नहीं

## हजारों करोड़ की योजना और वर्षों की तैयारी होगी जरूरी

**जबलपुर,देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जबलपुर स्थित मध्यप्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी को एम्स की तर्ज पर विकसित करने की घोषणा ने महाकौशल में नई उम्मीदें जगाई हैं। यदि यह घोषणा धरातल पर उतरती है तो जबलपुर मध्य भारत का प्रमुख चिकित्सा शिक्षा, शोध और सुपर स्पेशियलिटी उपचार केंद्र बन सकता है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना केवल घोषणा भर नहीं, बल्कि हजारों करोड़ रुपये के निवेश, दीर्घकालिक योजना और कई प्रशासनिक एवं तकनीकी मंजूरियों से जुड़ी एक बड़ी चुनौती होगी।

जानकारों के अनुसार एम्स जैसी सुविधाओं वाला संस्थान विकसित करने के लिए लगभग 150 से 250 एकड़ भूमि, 750 से 1000 बिस्तरों वाला अत्याधुनिक अस्पताल, आधुनिक शोध प्रयोगशालाएं, सुपर स्पेशियलिटी विभाग, मेडिकल, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल शिक्षण संस्थान और डॉक्टरों-कर्मचारियों के लिए आवासीय परिसर जैसी आधारभूत सुविधाएं विकसित करनी होंगी। इसके लिए अनुमानित 3,000 से 5,000 करोड़ रुपये या उससे अधिक की लागत आ सकती है। परियोजना को पूरा होने में पांच से दस वर्ष का समय भी लग सकता है।

ऐसी महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए राज्य सरकार की कैबिनेट स्वीकृति,




देशबन्धु खबर

वित्तीय प्रावधान, विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर), चरणबद्ध कार्ययोजना तथा राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) के मानकों के अनुरूप आवश्यक अनुमतियां भी प्राप्त करनी होंगी। विशेषज्ञ डॉक्टरों, प्रोफेसरों, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ की बड़े पैमाने पर नियुक्ति भी सबसे बड़ी चुनौतियों में शामिल रहेगी। यदि यह परियोजना साकार होती है तो इसका लाभ केवल जबलपुर तक सीमित नहीं रहेगा। कटनी, नरसिंहपुर, सिवनी, मंडला, डिंडोरी, बालाघाट, छिंदवाड़ा, उमरिया, शहडोल और अनूपपुर सहित पूरे महाकौशल क्षेत्र के लाखों मरीजों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए भोपाल, दिल्ली, नागपुर या मुंबई का रुख कम करना पड़ेगा। कैंसर, हृदय रोग, न्यूरो, किडनी और ट्रॉमा जैसी सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं क्षेत्र में उपलब्ध होने से स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा बदलाव आ सकता है।

इसके साथ ही हजारों युवाओं के लिए मेडिकल, नर्सिंग और पैरामेडिकल शिक्षा के नए अवसर खुलेंगे तथा डॉक्टरों, नर्सों और तकनीकी कर्मचारियों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा। मेडिकल रिसर्च, दवा उद्योग, होटल, परिवहन और स्थानीय व्यापार को भी नई गति मिल सकती है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि मुख्यमंत्री की घोषणा को मूर्त रूप देने के लिए सरकार कब विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, बजट, समयसीमा और वित्तीय स्रोतों का खाका सामने लाती है। इन्हीं पहलुओं पर इस महत्वाकांक्षी घोषणा की वास्तविक सफलता निर्भर करेगी।

# सावन में रुठे बदरा, जलाशयों का घटता जलस्तर

## जिले में एक सप्ताह से नहीं बरसा पानी, लोगों की चिंता बढ़ी



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में लगभग 2 दशकों बाद सूखे जलाशयों के कारण पानी का गंभीर संकट मंडराने लगा है। क्योंकि सावन का पहला सप्ताह बीत जाने के बाद भी मानसून की भारी कमी बनी हुई है। क्योंकि मानसून का आए एक माह से अधिक होने जा रहा है लेकिन जिले में सामान्य से आधी भी वर्षा दर्ज नहीं की जा सकी है।

नगर निगम के जलविभाग के अनुसार वर्तमान में शहर को प्रतिदिन 335 एमएलडी पेयजल की आपूर्ति की जा रही है जिसमें लालपुर प्लांट से 90 एमएलडी, रमनगरा प्लांट से 120 एमएलडी, परियट से 40 एमएलडी, खंदारी और उमरिया नहर से 25-25 एमएलडी पानी शामिल है जबकि खंदारी और उमरिया नहर से आपूर्ति फिलहाल बंद कर दी गई है। इसके अलावा 35 एमएलडी पानी नगर निगम के ढाई दर्जन हैंडपंपों के माध्यम से किया जा रहा है जिससे स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### बरगी बांध का पानी सामान्य से कम

बरगी डैम की कुल क्षमता 422.76 मीटर है जबकि न्यूनतम जलस्तर 403 मीटर है और वर्तमान में जलस्तर 415.75 मीटर तक पहुंच गया है। गत वर्ष इस गर्मी में यह जलस्तर 407 मीटर तक पहुंच गया था और 31 जुलाई की स्थिति में यहाँ 417.55 मीटर पानी होना चाहिए था मगर औसत के आंकड़ों से यह 2 मीटर पीछे चल रहा है। हाल-फिलहाल कैचमेंट एरिया में बारिश पूरी तरह बंद होने के कारण बरगी डैम में पानी की आवक पिछले 4 दिनों से पूरी तरह बंद है जिससे नर्मदा नदी के लालपुर में 2 और रमनगरा में 1 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से 200 एमएलडी पानी लिया जा रहा है। शहर के सभी भूमिगत जलस्त्रोतों में पानी नीचे चला गया है जिसके चलते कई बोरिंग बंद हो चुके हैं और यही हाल नगर निगम के हाईडेंट का है जिनमें से कई में पानी का प्रेशर भी कम आने लगा है।

### परियट और खंदारी जलाशय में पानी सूखा

परियट जलाशय का अधिकतम वाटर लेवल 1390.90 फीट तथा न्यूनतम जलस्तर 1360.50 फीट है और इस वर्ष गर्मी में यहाँ का जलस्तर 1363 फीट तक आ गया था जिसके चलते जलप्रदाय बुरी तरह प्रभावित हुआ था। यहाँ से 40 एमएलडी पेयजल प्रतिदिन लिया जाता है जो रांझी क्षेत्र सहित शहर की कुलीहिल टैंक तक सप्लाई किया जाता है और वर्तमान में यहाँ एक टाइम पानी दिया जा रहा है। उमरिया नहर से नर्मदा की दाईं तट नहर से उमरिया में लगाए गए 5 वाटर पंपों की सहायता से 25 एमएलडी पेयजल लिया जाता है मगर करीब 2 महीने से नहर में पानी न छोड़े जाने के कारण यहाँ से जलप्रदाय नहीं किया जा रहा है और निकट भविष्य में यहाँ से पेयजल आपूर्ति की संभावनाएँ नहीं हैं। खंदारी जलाशय को शहर का रिजर्व स्टॉक वाला जलस्रोत माना जाता है जहाँ बारिश कम होने से अपेक्षित जलस्तर नहीं आ पाया है।

# चालक-परिचालकों की हड़ताल, दिनभर थमे रहे मेट्रो बसों के पहिए

## वेतन में देरी और पीएफ ना कटने पर जताया आक्रोश




**जबलपुर, देशबन्धु।** वेतन भुगतान में हो रही देरी और पीएफ ना कटने के विरोध में गुरुवार को मेट्रो बसों के चालक और परिचालकों ने हड़ताल कर दी। जैसे ही जबलपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड और बस ऑपरेटरों को भनक लगी तो जिम्मेदारों ने मौके पर पहुंचकर हड़ताल पर बैठे कर्मियों से बसें निकालने के लिए कहा लेकिन वे इस बात पर अड़े रहे रहे लिए जब तक उन्हें लिखित आश्वासन दिया जाए कि हर माह वेतन का भुगतान समय पर किया जाएगा और पीएफ भी काटा जाएगा, तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी।

दोपहर के बाद बस ऑपरेटर्स और मेट्रो बस के स्टाफ के बीच सहमति बन भी गई लेकिन इसके बाद भी गुरुवार को बसों का संचालन नहीं हो पाया। शुक्रवार से बसों का संचालन किए जाने की बात कही जा रही है।

### गृहस्थी चलाना हो रहा मुश्किल

हड़ताल कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि ऑपरेटर्स द्वारा उन्हें 40 से 50 दिनों के अंतराल में वेतन का भुगतान किया जाता है। समय पर वेतन ना होने से उन्हें भारी आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है और गृहस्थी चलाना दूभर हो जाता है। उन्होंने बताया कि बच्चों की फीस और परिजनों की दवाईयों से संबंधित दिक्कत तो होती ही है, साथ ही कई बार तो ऐसी स्थिति निर्मित हो जाती है, घर में राशन की तक समस्या हो जाती है।

### यात्री होते रहे परेशान

शहर की आबादी का एक बड़ा वर्ग आवाजाही के लिए मेट्रो बसों पर निर्भर रहता है। ऐसे में गुरुवार को जब मेट्रो बसों के पहिए थम गए, तो हजारों लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में भारी दिक्कत हुई। विकल्प के तौर पर उन्होंने ऑटो और ई-रिक्शा का प्रयोग तो किया लेकिन गंतव्य तक पहुंचने में उन्हें कई बार रिक्शा बदलना पड़ा, जिससे उनके समय की बर्बादी तो हुई ही, साथ ही उन्हें पैसे भी अधिक खर्च करने पड़े।

### इनका कहना है

वेतन के भुगतान में थोड़ा विलंब होने और कुछ कर्मचारियों को पीएफ की कटौती ना होने की शिकायत थी। विरोध दर्ज कराने के लिए चालक-परिचालकों ने हड़ताल कर दी, जिससे गुरुवार को मेट्रो बसें नहीं चल पाईं। ऑपरेटर्स ने चर्चा कर उन्हें आश्वासन दिया है कि जल्द ही वेतन का भुगतान कर दिया जाएगा। कल शुक्रवार से मेट्रो बसें निर्धारित समय पर निर्धारित रुटों पर चलेंगी।
– **सचिन विश्वकर्मा**, सीईओ, जेसीटीएसएल

# परीक्षा परिणामों में विलंब, उच्च शिक्षा में प्रवेश नहीं ले पा रहे छात्र

## रादुविवि में व्याप्त अव्यवस्थाओं के विरोध में तीन घंटे तक दिया धरना

**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, जबलपुर महानगर के कार्यकर्ताओं ने अव्यवस्थाओं के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। परिषद के कार्यकर्ता करीब तीन घंटे तक परिसर और कुलगुरु के कक्ष में धरने पर बैठे रहे।

प्रांत मंत्री सुव्रत बांझल ने बताया कि परीक्षा परिणामों में अनावश्यक विलंब के कारण विद्यार्थियों का उच्च शिक्षा में प्रवेश प्रभावित हो रहा है। वहीं संसाधनों के अभाव के बावजूद विभिन्न पाठ्यक्रमों में असंगत शुल्क वृद्धि विद्यार्थियों पर अनुचित आर्थिक बोझ डाल रही है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के अनेक विभाग आज भी आधुनिक प्रयोगशालाओं, स्मार्ट कक्षाओं, डिजिटल संसाधनों, शोध सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक अधोसंरचनाओं से वंचित हैं, जिससे गुणवत्तापूर्ण एवं व्यवहारिक शिक्षा का उद्देश्य प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा और छात्रहितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समस्याओं का शीघ्र एवं स्थायी समाधान करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान महानगर मंत्री आर्यन पुंज,ऐश्वर्या सोनकर,अनमोल सोनकर,शोभितमिश्रा,लखन मांझी,प्रफुल तिवारी,आशुतोष पटेल,सत्यम पटेल,तनिष्क पांडेय,आयुष बारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# राष्ट्रीय यंग पेन फिजिशियन कॉफ्रेंस में देशभर से पहुंचेंगे विशेषज्ञ

## अपोलो हॉस्पिटल में दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस-2026 का आयोजन कल से



**जबलपुर, देशबन्धु।** अपोलो हॉस्पिटल में 8 एवं 9 अगस्त को इंडियन सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ पेन (आईएसएसपी) के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर के यंग पेन फिजिशियन कॉन्फ्रेंस-2026 का आयोजन किया जा रहा है।

सम्मेलन में देशभर के युवा एवं वरिष्ठ पेन फिजिशियन, नि निश्चेतना विशेषज्ञ, न्यूरोलॉजिस्ट, ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ तथा फिजियोथेरेपिस्ट भाग लेकर आधुनिक दर्द प्रबंधन, नवीन तकनीकों और वैज्ञानिक उपचार पद्धतियों पर विचार-विमर्श करेंगे।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य दर्द की गोली तक सीमित रहने के बजाय दर्द के वास्तविक कारणों की पहचान कर प्रमाण-आधारित उपचार को बढ़ावा देना है। सम्मेलन में इंटरवेंशनल पेन मैनेजमेंट, अल्ट्रासाउंड एवं फ्लोरोस्कोपी गाइडेड प्रक्रियाओं, रीजनल पेन थेरेपी तथा क्रॉनिक दर्द के उपचार पर विशेषज्ञ व्याख्यान और तकनीकी सत्र होंगे।

बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में अपोलो हॉस्पिटल के डायरेक्टर शोभित बड़ेरिया, सीईओ डॉ. पुनीत मेहता, बिजनेस हेड नीलेश रावल एवं हरभजन सिंह सैनी ने आयोजन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आईएसएसपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पेन फिजिशियन डॉ. संजय खत्रा के नेतृत्व में पहली बार यह आयोजन होने जा रहा है। इससे महाकौशल क्षेत्र में आधुनिक दर्द चिकित्सा को नई दिशा मिलेगी, चिकित्सकों को नवीनतम तकनीकों का प्रशिक्षण मिलेगा तथा मरीजों को अधिक सुरक्षित, प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण उपचार का लाभ प्राप्त होगा।

# इंजीनियरिंग कॉलेज का घेराव, 7 दिन का अल्टीमेटम

## प्रदेश महामंत्री के नेतृत्व में प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन, अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन की चेतावनी




**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री अजय कुमार दुबे के नेतृत्व में आज मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ, जिला शाखा जबलपुर एवं शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय की विभागीय समिति द्वारा कर्मचारियों की वर्षों से लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जबलपुर के प्राचार्य कार्यालय का शांतिपूर्ण घेराव कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कर्मचारियों के वेतन, समयमान वेतनमान, वार्षिक वेतनवृद्धि, सेवा संबंधी लंबित प्रकरणों, कार्यालयीन सुविधाओं, आवास एवं अन्य प्रशासनिक समस्याओं के निराकरण हेतु मांग की गई।

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री अजय कुमार दुबे, संभागीय अध्यक्ष विपिन पीपरे, संभागीय कार्यवाहक अध्यक्ष रोहित कुमार कुशवाहा, संभागीय उपाध्यक्ष संजय रजक, जिलाध्यक्ष नरेश कुलस्ते, संभागीय महामंत्री शंकर वानखेड़े, संभागीय प्रकोष्ठ अध्यक्ष देवेन्द्र पटेल, संभागीय प्रकोष्ठ सलाहकार वैद्यनाथ अय्यर, विभाग अध्यक्ष हबीब खान, प्रेमनारायण ठाकुर जिला कार्यवाहक अध्यक्ष, विजय यादव पूर्व विभागाध्यक्ष, महबूब खान, नंदकिशोर, शिवनारायण सहित महाविद्यालय के कर्मचारी एवं संघ के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पत्रकार उमेश शुक्ला 'वंदे भारत राष्ट्रीय पत्रकारिता' से सम्मानित

**जबलपुर,देशबन्धु।** राष्ट्रीय पत्रकारिता सम्मान समारोह का आयोजन 2 अगस्त को इंदौर शहर के देवास नाका फोनिक सिटी टाउन के मंगलम भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय,कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि सोहनलाल, विश्वकर्मा क्षेत्रीय गौ रक्षा प्रमुख मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ ने की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अनीता शुक्ला वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र खरगोन राजमाता विजयाराजे कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर ने की। कार्यक्रम में जबलपुर के पत्रकार उमेश शुक्ला नेशनल एडिटर वंदे भारत न्यूज चैनल दिल्ली को राष्ट्रीय पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया। इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम में 250 पत्रकार पत्रकारों को एवं गौरक्षा जैविक कृषि शिक्षा धर्म सामाजिक कार्यक्षेत्रों उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया गया।



मंच के मुख्य अतिथि कैलाश विजयवर्गीय नगरीय प्रशासन आवास एवं संसदीय कार्य केबिनेट मंत्री व अध्यक्षता कर रही डॉ अनीता शुक्ला वरि.वैज्ञानिक विशिष्टतिथि. विहिप के सोहन जी क्षेत्रीय गौरक्षा प्रमुख ,डॉ संजय सिंह वैज्ञानिक कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर, वंदे भारत न्यूज़ चैनल प्रबंध निदेशक व प्रधान संपादक कमल सिंह अपने संयुक्त मंचीय संबोधन में कहा उमेश शुक्ला की 34 वर्षीय पत्रकारिता सेवा यात्रा हमारे देश के साथ प्रदेश के लिए हमेशा हमारे समाज का निष्पक्ष प्रभावशील मार्गदर्शन करती रहेगी पत्रकारिता के इस वंदे भारत राष्ट्रीय सम्मान से इस मंच से हम उन्हें सम्मानित करते हुए गौरव महसूस करते हैं।

J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | रु. 124 |
| मुर्गा मीडियम | रु. 1118 |
| मुर्गा बड़ा | रु. 112 |
| मुर्गा जम्बो | रु. 112 |

मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | रु. 108 |
| मीडियम ब्रॉयलर | रु. 114 |
| छोटा ब्रॉयलर | रु. 120 |

मो.- 9039925999

### परिवहन मंत्री से चर्चा के बाद बसों की हड़ताल टली

**जबलपुर, देशबन्धु।** सात सूत्रीय मांगों को लेकर मप्र बस एसोसिएशन के तत्वाधान में आज शुक्रवार रात 12 बजे से होने वाली हड़ताल स्थगित हो गई है। एसोसिएशन के महामंत्री जय कुमार जैन ने बताया कि उक्त मांगों के संबंध में पिछले पांच दिन से चार बार परिवहन मंत्री से चर्चा हुई । जिसके बाद गुरुवार 6 अगस्त की शाम सभी 7 सूत्रीय मांगों का निराकरण कर दिया गया। इसलिए हड़ताल स्थगित कर दी गई है। एसोसिएशन की ओर से कमल किशोर तिवारी, विरेन साहू, नसीम बेगम, अजय पाठक, कल्याण योगी, मजीद खान, प्रशांत दुबे व अन्य ने मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री का आभार जताया है।

समदड़िया सिनेमा
FOR PRIVATE SCREENING 7999968989
SPIDER MAN BRAND NEW DAY 3D HINDI
9:30AM 10:30AM 12:15PM 1:30PM 3:00PM 4:30PM 6:00PM 9:00PM 10:30PM 11:45PM
OHH MY DOG
9:30AM 2:45PM 8:15PM 10:55PM
(DC) THE BLOODY VELENTINE
9:30AM 8:15PM
JAN NETA
12:00PM
DHAMAAL 4
12:15PM 5:30PM 10:55PM
ARYABHATTA KA ZERO
6:00PM
HANUMAN ANSH 3:15PM
SPIDER MAN 2D(HINDI) 7:30PM

# 75 दिनों तक 16 कोच के साथ चलेगी रीवा-रानी कमलापति वंदे भारत एक्सप्रेस

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल ने यात्रियों की बढ़ती मांग और त्योहारी सीजन को देखते हुए रीवा-रानी कमलापति-रीवा वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन में अस्थायी बदलाव किया है।

रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 20174/20173 का संचालन 7 अगस्त से 24 अक्टूबर 2026 तक 16 कोच वाली वंदे भारत रेक से किया जाएगा। वर्तमान में चल रही 8 कोच की रेक को रखरखाव एवं मरम्मत के लिए 75 दिनों के लिए झांसी वर्कशॉप भेजा जा रहा है। इसके स्थान पर 16 कोच की रेक उपलब्ध कराई जाएगी। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक इस बदलाव से ट्रेन में उपलब्ध सीटों की संख्या लगभग दोगुनी हो जाएगी, जिससे त्योहारी सीजन के दौरान अधिक यात्रियों को कन्फर्म आरक्षण मिलने की संभावना बढ़ेगी। अतिरिक्त कोच लगने से यात्रियों को यात्रा के दौरान अधिक सुविधा और आराम भी मिलेगा। पश्चिम मध्य रेल का कहना है कि यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर रेल सेवाएं उपलब्ध कराना उसकी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर ट्रेनों की रेक संरचना में आवश्यक बदलाव किए जाते हैं।

रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले अपनी सीट और कोच की स्थिति की जानकारी अवश्य जांचने की अपील की है।

# आरएसी यात्रियों को अब ट्रेन में मिलेगी चादर-कंबल, तकिया

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे बोर्ड ने आरएसी यात्रियों को बड़ी राहत देते हुए सभी जोनल रेलवे को पूर्ण बेडरोल किट उपलब्ध कराने के निर्देश फिर से जारी किए हैं। मंगलवार को डायरेक्टर ईएनएचएम रेलवे बोर्ड लव शुक्ला ने जारी पत्र में कहा है कि (एसी श्रेणी एसी चेयरकार को छोड़कर) यात्रा करने वाले सभी आरएसी यात्री को पूर्ण बेडरोल किट दिया जाए।

एसी श्रेणी में यात्रा करने वाले प्रत्येक आरएसी यात्री के लिए पूर्ण बेडरोल किट उपलब्ध कराने का प्रावधान है। आरएसी यात्रियों को बेडरोल किट उपलब्ध न कराने या अपर्याप्त बेडरोल किट उपलब्ध कराने को लेकर काफी शिकायतें मिल रहीं हैं। ऐसे में रेलवे बोर्ड के निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। इसी शुक्ला ने कहा कि एसी क्लास में यात्रा करने वाले प्रत्येक आरएसी यात्री को कोच में यात्रा करने वाले अन्य वास्तविक यात्रियों के समान एक पूर्ण बेडरोल किट उपलब्ध कराई जाए। यात्रा करने वाले प्रत्येक आरएसी यात्री को कोच में यात्रा करने वाले अन्य वास्तविक यात्रियों के समान एक पूर्ण बेडरोल किट उपलब्ध कराई जाए।

# चंद्रमौलेश्वर जलाभिषेक काँवड़ यात्रा



**जबलपुर,देशबन्धु।** श्रावण मास के पावन अवसर पर गुरुवार को ग्वारीघाट से कांवड़ यात्रा का शुभारंभ स्वामी नरसिंह दास , चौतन्य नंन्द , महापौर अन्नू सिंह, लेखराज सिंह 'मुन्ना भैया', श्रीमती माला सिंह , श्रीमती यामनी सिंह , श्रीमति कीर्ती अभिलाष पांडे, मनीशा अशोक रोहाणी के संरक्षण में चंद्रमौलेश्वर मातृ शक्ति परिवार के सानिध्य में एवं किरण तोमर मालती चौधरी की अध्यक्षता एवं सहयोगी बहिनें तृष्णा, सोना, संतोषी, मधुबाला, मीना, विभा, सुमन श्वेता, सुधा, नीतू, ज्योति, कंचन, बिंदु, रजनी, कंचन ढींगरा, पूनम, जसवीर, प्रियंका, कृष्णा, शारदा, शिल्पी, विद्या श्रद्धा, प्रिया, वंदना, कंचन, सीमा, कुसुम, कल्पना, इंदु, ऊषा, संगीता, पूजा, ज्ञानवती के संरक्षण में महिलाओं के द्वारा भव्य जल अभिषेक यात्रा निकाली गई। यात्रा में बहिनों द्वारा गीत-संगीत, शिव जी की महिमा का गुणगान किया। जगह-जगह यात्रा का स्वागत अलग-अलग संस्थाओं द्वारा किया रजनी तिवारी रोटरी क्लब एवं टीम, प्रियंका 'पावर ऑफ बुमन्स' एवं टीम, शेफाली सिंह करणी सेना एवं टीम, अखिलेश तिवारी, शिवा चौधरी अतुल लखेरा, राजेन्द्र सूर्यवंशी पियूष गुप्ता, वीर, शक्ति एवं विंध्या, दिव्या, जूही करनी सेना द्वारा स्वागत किया गया। यात्रा का विभिन्न संस्थाओं द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। साथ ही चंदमौलेश्वर परिवार के युवा टीम द्वारा यात्रा में सहयोग प्रदान किया।

# गुप्तेश्वर महादेव का दिव्य पशुपतिनाथ श्रृंगार



**जबलपुर,देशबन्धु।** सावन माह के पावन अवसर पर परम पूज्य गुप्तेश्वर पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी मुकुंद दास के पावन सानिध्य में आज श्री गुप्तेश्वर महादेव का दिव्य पशुपतिनाथ श्रृंगार किया गया। सायंकाल बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के मनोहारी स्वरूप के दर्शन कर पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आज के श्रृंगार एवं सेवा में एड. उत्कर्ष रावत, सार्थक परिहार, सर्वेश रजक, सत्यम मिश्रा, अंकित द्विवेदी एवं अश्वनी मालवीय मुख्य रूप से उपस्थित रहे तथा भगवान गुप्तेश्वर महादेव की सेवा एवं पूजा-अर्चना में सहभागिता की। गुप्तेश्वर सेवा समिति ने संस्कारधानी जबलपुर के समस्त शिवभक्तों से सावन माह में प्रतिदिन सायंकाल होने वाले दिव्य श्रृंगार एवं दर्शन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया।

## गुरु हरिकिशन प्रकाशोत्सव पर रातभर गूँजेगी गुरुवाणी



**जबलपुर,देशबन्धु।** सिख धर्म के आठवें गुरु हरिकिशन का पवित्र प्रकाशोत्सव आज नगर के विभिन्न गुरुद्वारों में भव्य कीर्तन दरबार और गुरु का लंगर आदि आयोजनों के साथ धूमधाम और श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जाएगा। गुरुद्वारा मढ़ाताल में रात्रि 8 बजे से दूसरे दिन भोरवेला में प्रातः 4.30 बजे तक पूरी रात रैन सवाई गुरुवाणी कीर्तन दरबार में आसा दी वार, पंजवाणी नितनेम अरदास एवं हुकुमनामा आदि कार्यक्रम सम्पन्न होंगे । नाश्ता एवं गुरु का लंगर वितरित किया जाएगा ।

# वैशाली परिसर मंदिर में भक्तिभाव से मनाया गया राम जन्मोत्सव



**जबलपुर,देशबन्धु।** रामायण केंद्र जबलपुर के तत्वाधान में वैशाली परिसर स्थित मंदिर में आयोजित श्रीरामचरितमानस मास पारायण के छठवें विश्राम के अंतर्गत भगवान राम के पावन जन्म महोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उल्लास एवं भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जैसे ही श्रीराम जन्म प्रसंग की अमृतमय पंक्तियाँ 'भए प्रगट कृपाला दीनदयाला...' के सामूहिक गायन से हुआ, पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस में डूब गया। उपस्थित श्रद्धालु भक्ति भाव से झूम उठे और वातावरण जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हो गया। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती में सहभागिता की। आरती के उपरांत श्रीरामचरितमानस के छठवें विश्राम का शेष पाठ विधिवत सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी गई तथा घनश्याम शर्मा के द्वारा श्रीराम जन्म प्रसंग का सरल भाषा में भावार्थ प्रस्तुत किया गया । उपस्थित श्रद्धालुओं ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों और दिव्य अवतरण के आध्यात्मिक संदेश को आत्मसात किया। रामायण केंद्र के संयोजक संतोष मिश्रा ने पृथ्वी , देवताओं, मुनियों,ब्रह्मा और भगवान शिव के द्वारा की गई प्रार्थना और ईश्वर के प्रागट्य तथा अहिल्या के उद्धार के विषय में आध्यात्मिक रहस्यों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र नेमा ने भावपूर्ण भजन प्रस्तुत करते हुए अपने प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए। उनके मधुर भजन ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती कर भगवान श्रीराम से सुख, शांति एवं लोकमंगल की प्रार्थना की। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। अंत में सभी श्रद्धालु श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिती के अतिरिक्त रामायण केंद्र के संयोजक संतोष मिश्रा 'असाधु',श्रीमती अलका श्रीवास्तव, डॉक्टर सतीश श्रीवास्तव, घनश्याम शर्मा, अवध नारायण श्रीवास्तव, डॉ. नेहा शाक्य, डॉ. नमृता चन्द्रा की विशेष उपस्थिती रही।

# सनातनी युवा निकलेंगे 14 अगस्त को सनातन तिरंगा यात्रा



**जबलपुर,देशबन्धु।** युवा वर्ग को सनातन धर्म से जुड़कर भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक करने देशप्रेम की भावना का जागरण करने, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य के सानिध्य में आगामी 14 अगस्त को शाम 4 बजे नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज से सनातन तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। श्याम साहनी, अंशुल मलिक, कौशल सूरी, सौरभ यादव ने कहा कि युवाओं को संगठित होकर भारत में सुसंस्कृत और संस्कारों से परिपूर्ण समाज के निर्माण में सहभागिता करना चाहिए। दीपक वर्मा, नितिन भाटिया, रौनक सभरवाल, जितिन नारंग ने कहा कि व्यवस्थित और संस्कारों के साथ संस्कारधानी जबलपुर की अपनी पहचान को सबसे परिचित कराने का प्रयास करना चाहिए। भारत देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने में युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने युवाओं को संगठित करना अतिआवश्यक है। बैठक में हर्ष काबरा, रॉबिन जग्गी, सहिल मेहरा, रूद्राक्ष सूरी, शैलू कपूर, सहिल लांबा, अरनव नैय्यर, आरव मेहरा, ईश छाबरा, मयंक ढल, गौरव पोपली, क्षितिज भाटिया, अंकुर माहेश्वरी, मयंक अरोरा, गिरीश खंडेलवाल, प्रसुन मिश्रा, आशीष कपूर, पुनीत टंडन सहित के के जग्गी, जगदीश साहू, संजय पटेल, रत्नेश मिश्रा, विध्येश भापकर सहित बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति रही। संचालन प्रवेश खेड़ा आभार प्रदर्शन विष्णु पटेल ने किया।



## इरा नंदानी कायस्थ वुमन क्लब द्वारा व्हीलचेयर प्रदत्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** मानव कल्याण के प्रति निरंतर सेवा कार्यों के तहत विभिन्न संस्थाओं को रोगी उपकरण प्रदत्त करने की श्रंखला में सदैव तत्पर इरा नंदानी कायस्थ वुमन क्लब द्वारा महाकौशल के गोविंद दास जिला अस्पताल विक्टोरिया में तीन व्हीलचेयर मानव कल्याण की भावना से प्रदान की गई है इस अवसर पर जिला अस्पताल की सिविल सर्जन नवीन कोठारी, डॉ. वैशाली खन्ना, फार्मेसी ऑफिसर चंद्रा और अन्य डॉक्टर और स्टाफ शामिल हुए क्लब की अध्यक्ष शीतल श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अंशुल वर्मा, संरक्षिका प्रीति, विनय सक्सेना, निधि श्रीवास्तव, मनीषा खरे ,रुचि श्रीवास्तव, मंजूषा श्रीवास्तव, प्रिया श्रीवास्तव, देवीना वर्मा, पूनम वर्मा, शालिनी सक्सेना, आरती श्रीवास्तव, किरण श्रीवास्तव, अंजू श्रीवास्तव आदि क्लब की सदस्य शामिल हुए।

# इमरान प्रतापगढ़ी के जन्मदिन पर मदन महल दरगाह में चादर पेश



**जबलपुर,देशबन्धु।** शहर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग, जबलपुर द्वारा गुरुवार को राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ शायर के जन्मदिन के अवसर पर मदन महल दरगाह में चादर पेश कर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, जनसेवा तथा देश में अमन-ओ-अमान के लिए विशेष दुआ की गई। दरगाह के सज्जादानशीन मुबारक अली कादरी साहब एवं निजामी कादरी साहब ने विशेष दुआ कर देश में शांति, भाईचारे और इमरान प्रतापगढ़ी के स्वस्थ, सफल एवं दीर्घ जीवन की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि साहित्य, सामाजिक सरोकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता प्रेरणादायी है तथा वे आगे भी समाज और देश की सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहें। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग, जबलपुर के अध्यक्ष अशरफ़ मंसूरी, मऊगंज जिले के प्रभारी हाजी सलीम खान, पार्षद गुलाम हुसैन, कटनी प्रभारी हसीब खान, पूर्व पार्षद शाबान मंसूरी, समाजसेवी मुबीन पहलवान, फिरदौस अहमद, शादाब अंसारी एवं सरफराज खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर दरगाह शरीफ की परम्परानुसार चादर से सभी अतिथियों का सम्मान एवं स्वागत किया गया।



# टीम इमरान प्रतापगढ़ी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

**जबलपुर,देशबन्धु।** टीम इमरान प्रतापगढ़ी जबलपुर के तत्वधान में एंव जिला चिकित्सालय के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं ने हिस्सा लिया, इस आयोजन में 40 के करीब युवाओं ने रक्तदान किया है। इस आयोजन में मुख्य अतिथि, अंसारी समाज के अध्यक्ष सरदार हकीम बाबा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नवीन कोठारी, पूर्व पार्षद ताहिर अली, आजम अली खान, शफीक अंसारी की उपस्थिति में युवाओं ने रक्तदान किया। टीम इमरान प्रतापगढ़ी जबलपुर के फाउंडर इस्लाहुद्दीन अंसारी ने बताया कि राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने खुद विडियो कॉल करके रक्तदान करने वाले युवाओं का हौसला बढ़ाया। इस आयोजन में इस्लाहुद्दीन अंसारी, तारिक अंसारी, सरदार अहमद, शाहरुख गुरू, बासित अनवर, असदाक अनवर की भूमिका रही।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 07 अगस्त 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, श्रावण कृष्ण पक्ष की नवमी, नक्षत्र-कृतिका**

मेष - आज के दिन अपने निजी विचारों को छोडकर दूसरों के विचारों को अपनाने की जरुरत है। घर तथा परिजनों के काम करते समय समाधानकारी व्यवहार अपनाना उचित रहेगा।

वृषभ - आज आप आर्थिक जिम्मेदारियों के प्रति ध्यान देंगे तथा कहीं निवेश की योजना भी बना सकेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना हैं।

मिथुन - आपकी वाणी और व्यवहार से किसी के साथ गलतफहमी होने की संभावना है। परिवार के सदस्यों के साथ भी व्यवहार में सावधानी रखनी पड़ेगी। दुर्घटना या बीमारी से बचना होगा।

कर्क - आप का दिन आनंद और उल्लास में गुजरेगा। व्यापार में लाभ होगा। आय के स्रोत में बढ़ोतरी हो सकती है। मित्रों से हुई मुलाकात से आनंद का अहसास होगा।

सिंह - आज कार्यक्षेत्र में आप प्रभावी होंगे। उच्च अधिकारियों पर आपके काम का सकारात्मक असर होगा, इससे वे आप पर प्रसन्न रहेंगे।

कन्या - आज आप का दिन बहुत शुभ है। धार्मिक कार्य एवं यात्रा के लिए समय अनुकूल है। मित्रों एवं सम्बंधियों से हुई मुलाकात के कारण आनंद होगा। मित्रों से लाभ होगा।

तुला - आज आप नए काम की शुरुआत ना ही करें। भाषा और व्यवहार पर संयम रखने से आपको लाभ होगा। गुप्त शत्रु आपको परेशान कर सकते हैं। तबियत का ध्यान रखें।

वृश्चिक - आज आपका दिन कुछ अलग तरीके से गुजरेगा। खुद के लिए आप समय निकाल सकेंगे। दोस्तों के साथ घूमना-फिरना, मौज-मस्ती, मनोरंजन, आदि से आप बहुत आनंदित रहेंगे।

धनु - आज आपके लिए आर्थिक लाभ का दिन है। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। इससे आपका मन प्रसन्न रखेगा। नौकरी करने वाले लोगों को लाभ मिलेगा।

मकर - जो लोग कला और साहित्य में रुचि रखते हैं, वे अपनी प्रतिभा अच्छी तरह प्रदर्शित कर सकेंगे ।सृजनशक्ति और रचनात्मकता को अच्छी तरह लोगों के समक्ष पेश कर सकेंगे।

कुंभ - आप अत्यधिक भावुक बनेंगे, इस कारण भय का अनुभव होगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह से बना सकेंगे। माता की तरफ से आपको लाभ होगा।

मीन - आज का दिन काम में सफलता पाने और महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए अनुकूल है। आपके विचारों में स्थिरता रहेगी। सभी काम अच्छी तरह पूरा कर सकेंगे।

1,6,3,9-16,64,32,95,42,50,89,01

## अंजुमन इस्लामिया का स्थापना दिवस 16 सितम्बर को

**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर अंजुमन इस्लामिया शैक्षणिक संस्थान आगामी 16 सितंबर 2026 को अपना 150 वन स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा एवं 26 एवं 27 नवंबर को स्मारिका विमोचन और वृहद् स्तर पर समारोह का आयोजन करने जा रहा है इस विशेष अवसर पर अंजुमन इस्लामिया वक्फ प्रबंध समिति स्मारिका में प्रकाशित करने के लिए साहित्यकारों लेख को रचनाकार प्रतिभाओं, विद्यार्थियों, बुद्धिजीवियों ,शिक्षाविदों, शोधार्थियों, पत्रकारों एवं आमजनों से मौलिक एवं अप्रकाशित रचनाएं आमंत्रित की है जिसमें कविता गजल लघु कथा कहानी शिक्षाप्रद आलेख निबंध संस्मरण शामिल है रचनाएं तीनों भाषाओं हिंदी उर्दू इंग्लिश में स्वीकार की जाएगी रचनाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 अगस्त है जो कि सीधे अंजुमन इस्लामिया वक्फ कार्यालय मढ़ाताल भेजी जा सकती हैं।

# उमेश शुक्ला 'वंदे भारत राष्ट्रीय पत्रकारिता' सम्मान से सम्मानित



**जबलपुर,देशबन्धु।** राष्ट्रीय पत्रकारिता सम्मान समारोह का आयोजन इंदौर शहर के देवास नाका फोनिक सिटी टाउन के मंगलम भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय , कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि सोहनलाल विश्वकर्मा क्षेत्रीय गौ रक्षा प्रमुख मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ ने की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अनीता शुक्ला वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र खरगोन राजमाता विजयाराजे , कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर ने की। कार्यक्रम में जबलपुर के पत्रकार उमेश शुक्ला, नेशनल एडिटर वंदे भारत न्यूज़ चैनल दिल्ली को राष्ट्रीय पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया। इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम में 250 पत्रकार पत्रकारों को एवं गौरक्षा जैविक कृषि शिक्षा धर्म सामाजिक कार्यक्षेत्रों उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया गया।

## अखिल कुमार चौरसिया बने प्रदेश संयोजक



**जबलपुर,देशबन्धु।** पिछड़ावर्ग महापंचायत मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश में पिछड़े वर्ग के उत्थान और रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से नई नियुक्ति की गई हैं। महापंचायत के प्रदेशाध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा द्वारा जारी नियुक्ति पत्र क्रमांक 80 के अनुसार, जबलपुर निवासी अखिल कुमार चौरसिया को 'प्रदेश संयोजक - पिछड़ावर्ग महापंचायत, उद्योग रोजगार प्रकोष्ठ, म.प्र.' के पद पर नियुक्त किया गया है। ज्ञातव्य है कि अखिल चौरसिया वर्तमान में राष्ट्रीय महामंत्री, अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महासभा (दिल्ली) तथा सेवानिवृत्त महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, मध्य प्रदेश शासन हैं। समाज सेवा और प्रशासनिक क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव का लाभ महापंचायत को मिलेगा।

# तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में ओपन कैम्पस का आयोजन



**जबलपुर,देशबन्धु।** संस्कारधानी की अग्रणी संस्था तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में आई.टी. आई के छात्रों हेतु मारुति सुजुकी लिमि. एवं बी.टेक कम्प्यूटर साइंस एवं आईटी ब्रांच के छात्रओं हेतु लेक्सविया ए.आई. कंपनी द्वारा ओपन कैम्पस का आयोजन किया गया। छात्रओं के रजिस्ट्रेशन के पश्चात् उन्होंने प्लेसमेन्ट वार्ता, एप्टीट्यूड टेस्ट, लिखित परीक्षा दी तथा फाइनल साक्षात्कार होने के पश्चात लेक्सविया ए. आई. कंपनी हेतु बी.टेक. के 07 छात्रों का चयन हुआ तथा मारुति सुजुकी लिमि. कंपनी हेतु आईटीआई के 09 छात्रों का चयन हुआ। चयनित छात्रों का जॉब लोकेशन मानेसर (हरियाणा) रहेगा। मारुति सुजुकी लिमि. के एच. आर. लालमनी पटेल, रमेश कुमार ने बताया कि सभी चयनित छात्रों को ट्रेनी के पद पर नियुक्ति की जायेगी। लेक्सविया ए.आई. कंपनी के सीनियर एच. आर पत्रलिका दत्ता, मान्या जैन एवं समीक्षा केसरवानी, ने बताया कि सभी चयनित छात्रों को एच. आर. एनालिस्ट एवं क्वालिटी एसुरेन्श एक्जीक्युटिव ट्रेनी के पद पर नियुक्ति की जायेगी। इस अवसर पर संस्था के चेयरमेन आर.एन. पहारिया ने कहा कि इस कैम्पस से बी.टेक. एवं आई.टी.आई. के सभी छात्र लाभान्वित होकर अपना भविष्य सुनिश्चित करेंगे, तक्षशिला ग्रुप का हमेशा प्रयास रहा है कि प्रतिभावान छात्रों को कैम्पस के माध्यम से उन्हें उनकी मंजिल तक पहुँचाएँ। चयनित छात्रों को संस्था के चेयरमेन आर.एन. पहारिया, सचिव शरद कुमार गुप्ता, संयुक्त सचिव शरद जैन, प्राचार्य डॉ. बी. के. साहू ने बधाई दी। कैम्पस को सफल बनाने में टीपीओ डॉ. नितिन गौर, प्रो. गुरबानी कौर पदम, ज्ञानेश्वर शिव, अभी गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती कमला बाई चौधरी**- इंद्रा नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री छोटे लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई चौधरी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम नारायण दाहिया**- सराफा स्थित समदड़िया अपार्टमेंट फ्लेट नं. 304, निवासी श्री राम नारायण दाहिया (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सत्येंद्र नाथ वासु**- साकेत नगर रांझी निवासी श्री सत्येंद्र नाथ वासु (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश चंद्र शर्मा**- गली नं. 2 पटेल मोहल्ला यादव कॉलोनी निवासी श्री रमेश चंद्र शर्मा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री लक्ष्मी प्रसाद रैकवार**- सरकारी कुआं घमापुर झिरिया कुआं के पास निवासी श्री लक्ष्मी प्रसाद रैकवार (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम लखन**- रामनगर रामपुर निवासी श्री राम लखन (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री प्रहलाद सिंह लोधी**- दुर्गा नगर भटौली गौरीघाट निवासी श्री प्रहलाद सिंह लोधी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कौशल प्रसाद पटेल**- संजय नगर अधारताल निवासी श्री कौशल प्रसाद पटेल (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री पन्ना लाल सरावगी**= वृद्धाश्रम तिलवारा रोड निवासी श्री पन्ना लाल सरावगी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेश प्रसाद**- पटेल नगर महाराजपुर निवासी श्री महेश प्रसाद (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शंकर लाल लोधी**- आलोक नगर अधारताल निवासी श्री शंकर लाल लोधी (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश कुमार नायक**- न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री रमेश कुमार नायक (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार मोक्षधाम में किया गया।

# खितौला पालीवाल कालोनी में हुई लाखों की चोरी का खुलासा

## तीनों आरोपी हिरासत में, 31.65 लाख के जेवर और दो कारें व 54 हजार की नगदी जब्त





**जबलपुर,देशबन्धु।** खितौला थाना अंतर्गत पालीवाल कालोनी स्थित कपड़ा व्यवसायी के सूने घर से लाखों के जेवर और नगदी पार करने वाले तीन शातिर चोरों को पुलिस ने धर दबोचा। जिनके पास से पुलिस ने 31 लाख 65 हजार के सोने-चांदी के चुराए हुए जेवर व चोरी की रकम से खरीदी गई दो कारें व 54 हजार रुपये की नगदी जब्त की है।

पुलिस कंट्रोल रूम में एएसपी ग्रामीण अनु बेनीवाल ने बताया कि विगत 12 जून को पालीवाल कालोनी निवासी 41 वर्षीय कमल नारायण सोनी ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि वह मूलतः पथरिया दमोह के रहने वाले है। सिहोरा स्थित काल भैरव चौक पर नीतू कलेक्शन के नाम से गारमेंट की दुकान चलाते है। 11 जून की रात वह अपने नये मकान साईं मंगलम कालोनी में सोने के लिये चले गये थे। दूसरे दिन सुबह पालीवाल स्थित अपने किराये के मकान पर पहुंचे तो मेन गेट का ताला व अलमारी का ताला टूटा हुआ था। अज्ञात चोर द्वारा सोने के कंगन, मंगलसूत्र, अंगूठी, कान के बाले, टॉप्स, चांदी की बिछिया, पायल, नगदी लगभग 8-10 लाख रुपये चोरी कर ले गये है। पुलिस ने पतासाजी कर रही थी कि इसी दौरान मुखबिर से जानकारी लगी कि पनागर के ग्राम भरदा निवासी अंकित पटेल, आकाश व शनि पटेल के पास अचानक से बहुत सा पैसा आ गया। इतना ही नहीं आरोपियों ने कार बाजार से दो कारें भी हालही में खरीदी है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लिया। जिन्होंने पूछताछ के दौरान उक्त चोरी की वारदात करना कबूल किया।

**पुलिस पूछताछ के लिये आरोपियों को लिया रिमांड पर-**पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर से चुराये हुये सोने चांदी के आभूषण तथा चुराये हुये पैसों से खरीदी हुयी अमेज एवं अल्टो कार तथा व अन्य जगह से चुराये हुये सोने चांदी के आभूषण जब्त किये है। पुलिस ने बताया कि अन्य प्रकरणों में जप्तियां शुमार किये जाने हेतु तीनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये पुलिस रिमांड पर लिया जा रहा है।

## बेकाबू बस ने डायल-112 को मारी टक्कर

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोरखपुर रोड में गुरवार को पुलिस के डायल-112 वाहन को पीछे से आ रही बस ने टक्कर मार दी। बस की टक्कर लगने डायल 112 का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं पायलट के शरीर पर गंभीर चोटें आई है। जिसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

बताया गया है कि गोरखपुर पुलिस का डायल-112 वाहन महर्षि विद्या मंदिर के सामने से बंदरिया तिराहा की ओर बढ़ रहा था। इस दौरान पीछे से आई बस ने डायल 112 को टक्कर मार दी। बस की टक्कर लगते ही वाहन का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं पायलट नीरज भार्गव के सीने व सिर में चोट आई। दुर्घटना होते देख राह चलते लोगों सहित आसपास के लोग निकलकर आ गए।

### ग्वारीघाट नर्मदा रोड का मामला

## अवैध कॉलोनी विकसित करने वाले कालोलाईजरों पर प्रकरण दर्ज

**जबलपुर,देशबन्धु।** ग्वारीघाट नर्मदा रोड पर बिना अनुमति कालोनी विकसित करने वाले कालोनाईजरों के पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। जिसकी शिकायत नगर निगम अधिकारियों द्वारा पुलिस में दर्ज करायी गई है। इससे पूर्व ननि ने अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया था।

पुलिस ने बताया कि सुनील दुबे उम्र 57 वर्ष असिस्टेंट इंजीनियर प्रभारी कॉलोनी सेल नगर पालिका निगम ने लिखित शिकायत की कि मौजा पालीपाथर खसरा नम्बर 18/2 रकवा 0.451 हेक्टेयर भूमि पर हिम्मत पटेल, रमेश कुमार दोनों के पिता चोखे लाल पटेल, श्रीमती रामेत्री पटेल सभी निवासी पटेल मोहल्ला रामपुर संत नगर, डेविस स्वामी निवासी नर्मदा रौड जबलपुर द्वारा अवैध कालोनी निर्मित होना पाया गया है।

जिसके लिये संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश से अभिन्यास अनुमोदित नहीं कराया गया। साथ ही म.प्र. नगर पालिका नियम 2021 के प्रावधानों के अनुरूप कालोनी की विकसित अनुमति प्राप्त किये बगैर कालोनी विकसित की गई। उक्त कंपनी निर्माताओं द्वारा म.प्र. नगर पालिका नियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है। इस संबंध में कालोनाईजर को वर्ष 2023, 24 में अलग-अलग तिथियों पर पांच से छह बार नोटिस जारी किये गये, जिसका न तो जवाब दिया गया और न ही कोई वैधानिक दस्तावेज पेश किये गये। इसके बावजूद भी अवैध निर्माण जारी रखा गया। उक्त शिकायत पर पुलिस ने आरोपी हिम्मत पटेल, रमेश पटेल, रामेत्री पटेल, चोखे लाल पटेल, डेविस स्वामी सभी निवासी ग्वारीघाट के विरूद्ध धारा 292(सी) म.प्र.नगर पालिका अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

## शराब के लिये रुपये न देने पर चाकू और बके से हमला

**जबलपुर,देशबन्धु।** बेलबाग में जहां एक युवक को शराब के लिये रुपये न देने पर चाकू मारकर घायल कर दिया गया तो वहीं रांझी के पनेहरा पेट्रोल पंप के पास दो छात्रों से बदमाशों ने रुपये न देने पर मारपीट करते हुए बके नुमा हथियार से हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। दोनों मामलों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामलों को जांच में लिया है।

बेलबाग पुलिस ने बताया कि बड़ी ओमती निवासी 36 वर्षीय समीर सोनकर विगत रात्रि लकडग़ंज स्थित बीजासन मंदिर दर्शन करने गया था। दोपहर को जब वह मंदिर से वापस आ रहा था, तभी मंदिर के मेन गेट पर उसे अतुल ठाकुर मिला।

जिसने शराब पीने के लिये पांच सौ रुपये की मांग करते हुए समीर के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। समीर ने हाथ से चाकू के वार को रोका तो उसकी उंगली में चोट आ गई। इसी प्रकार रांझी पुलिस ने बताया कि घमापुर कुचबंधिया मोहल्ला निवासी 17 वर्षीय हिमांशु कुचबंधिया अपने दोस्त सौर्यजीत के साथ व्हीकल मोड़ चाय पीने जा रहा था। जैसे ही वे पनेहरा पेट्रोल पंप के पास रूककर एक दुकान से पानी की बॉटल ले रहे थे, उसी समय एक मोटर साइकल में दो अज्ञात लड़के पहुंचे, जिन्होंने उनसे कहा कि हम इस क्षेत्र के गुण्डे है, हमें शराब पीने के लिये एक हजार दो, हिमांशु और सौर्यजीत ने रुपये देने से मना किया तो दोनों आरोपियों ने मारपीट करते हुए बकेनुमा हथियार से हमला कर दिया।

# फतवे के आधार पर तलाक नहीं, कानूनी प्रक्रिया जरूरीः हाईकोर्ट

### भोपाल की दारुल-दफा मस्जिद कमेटी के फतवे से जुड़ा मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने मुस्लिम विवाह-विच्छेद से जुड़े अहम मामले में स्पष्ट किया है कि केवल फतवे के आधार पर निकाह खत्म नहीं माना जा सकता। धार्मिक संस्था या मसाजिद कमेटी धार्मिक राय दे सकती है, लेकिन कानूनी रूप से विवाह समाप्त करने का अधिकार सक्षम अदालत के पास है।

दरअसल, यह मामला भोपाल की दारुल-दफा मसाजिद कमेटी के फतवे से जुड़ा था। पति चाहता था कि फतवे के आधार पर उसका निकाह खत्म मान लिया जाये, जबकि पत्नी ने इसका विरोध करते हुए कहा कि फतवा कानूनी तलाक नहीं है, जिसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा। हाईकोर्ट ने फतवे का अध्ययन किया। कोर्ट ने पाया कि उसमें निकाह खत्म करने की घोषणा नहीं, बल्कि इस्लामी ग्रंथों के आधार पर पत्नी की कथित क्रूरता जैसी परिस्थितियों पर धार्मिक मार्गदर्शन दिया गया था। इसलिए इसे कानूनी तलाक नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कोई मदरसा, धार्मिक शिक्षण संस्था या मस्जिद कमेटी मुस्लिम पुरुष को कानूनी तलाक नहीं दे सकती। पति चाहे तो पारिवारिक न्यायालय में तलाक की याचिका दाखिल कर सकता है। मुस्लिम विवाह-विच्छेद अधिनियम 1939 भी उसे ऐसा करने से नहीं रोकता। हाईकोर्ट ने दीवानी प्रक्रिया संहिता के आदेश सात नियम 11 के तहत मौजूदा वाद खारिज करते हुए नई तलाक याचिका दाखिल करने की स्वतंत्रता दी है।

## एचबीए चुनावः अध्यक्ष पद पर छह कोणीय मुकाबला

### नाम वापसी के दिन एक भी प्रत्याशी ने वापस नहीं लिया नाम, सभी 75 प्रत्याशी मैदान में

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर के चुनाव 2026-28 में नाम वापसी के अंतिम दिन गुरुवार को किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस लेने का आवेदन प्रस्तुत नहीं किया। इसी के साथ चुनाव समिति ने सभी 75 प्रत्याशियों के नामों की फाइनल सूची प्रकाशित कर दी। मतदान 17 अगस्त को है।

उक्त चुनाव में अध्यक्ष पद के लि ये धन्य कुमार जैन, मृगेंद्र सिंह, पारितोष त्रिवेदी, सम्पूर्ण तिवारी, संजय वर्मा व शंभू दयाल गुप्ता मैदान में है। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिये देवेंद्र कुमार शर्मा डीके, धनंजय चतुर्वेदी, गिरेश सिंह ठाकुर, हरजीत सिंह अरोड़ा, जितेंद्र आर्य, मदन मोहन जायसवाल एमएम, मिथिलेश प्रसाद त्रिपाठी एमके, निरंजन पाठक, प्रदीप गुप्ता, प्रेमेंद्र सेन, प्रमोद कुमार गौतम, राहुल रावत, सत्येंद्र ज्योतिषी, सुशील मिश्रा, सुरेंद्र कुमार खरे व विश्वास पालिया। वहीं महिला उपाध्यक्ष पद पर अनुराधा तिवारी, नीलिमा गुप्ता, स्मिता वर्मा अरोड़ा व सुषमा पांडे मैदान में है। इसी प्रकार सचिव पद के लिये असीम त्रिवेदी, अशोक कुमार मिश्रा, ओम शंकर पांडे, राजीव नयन मिश्रा, रविंद्र कुमार गुप्ता, शशांक उपाध्याय व योगेश सोनी। संयुक्त सचिव पद के लिये गंगा प्रसाद पटेल, लवकुश मिश्रा, नीरज तिवारी, नितिन शुक्ला, रूपेश रमन पटेल लड्डू व विकास मिश्रा के बीच टक्कर होगी। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद के लिये कु. अमन शर्मा, संगीता नायडू, शक्ति त्रिपाठी व सुशीला पालीवाल, वहीं पुस्तकालय सचिव पद के लिये अभिषेक शर्मा, अजय शुक्ला, अतुल सिंह भारद्वाज, आजाद कृष्ण श्रीवास्तव, नीरज पाठक, रविंद्र प्रताप सिंह, तीर्थ प्रसाद जायसवाल टीपी व विनोद मिश्रा। कार्यकारिणी सदस्य के लिये अभिजीत सोनी सहित 19 व महिला कार्यकारिणी के लिए आरती शर्मा सहित पांच उम्मीदवार मैदान में है।

## एसबीसी चुनावः एलिमिनेशन राउंड में दो प्रत्याशी बाहर

### राकेश सिंह भदौरिया अनौपचारिक रूप से निर्वाचित घोषित, आगे चल रहे नामों पर नजर

**जबलपुर,देशबन्धु।** एमपी स्टेट बार काउंसिल निर्वाचन-2026 की मतगणना में प्रथम चक्र और सरप्लस वैल्यू हस्तांतरण के बाद अब एलिमिनेशन राउंड में मुकाबला रोचक हो गया है। इंदौर के राकेश सिंह भदौरिया के कोटा पूरा कर निर्वाचित होने के बाद उनके सरप्लस मतों का द्वितीय वरीयता के आधार पर हस्तांतरण किया गया। इसके बाद प्रत्याशी क्रमांक 95 रेखा बोरीवाल (इंदौर) और प्रत्याशी क्रमांक 17 अरुण सिंह (रीवा) का एलिमिनेशन हो गया। दो प्रत्याशियों के बाहर होने और उनके मतपत्रों की द्वितीय वरीयता के प्रत्याशियों को मत-मूल्य हस्तांतरित होने के बाद मतगणना में कई प्रत्याशियों की स्थिति मजबूत हुई है। पुरुष वर्ग में विवेक सिंह, आरके सिंह सैन, नरेंद्र कुमार जैन और जय हर्दिया बढ़त बनाए हुए हैं। वहीं महिला प्रत्याशियों में प्रवीण तिवारी, अन्नू पटेल, प्रतीका पाठक, रश्मि ऋतु जैन और प्रतिभा वालिया आगे चल रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया के अनुसार आगे भी सबसे कम मत-मूल्य वाले प्रत्याशियों का एलिमिनेशन और उनके मतपत्रों की अगली वरीयता के आधार पर मतों का हस्तांतरण जारी रहेगा। ऐसे में आगामी चक्रों में बढ़त के समीकरण बदल सकते हैं और अंतिम परिणाम के लिए आगे की मतगणना महत्वपूर्ण होगी।

## तीन महिला व नौ पुरुष सदस्य निर्वाचित, दो की पुनर्मतगणना में परिणाम यथावत

### जिला अधिवक्ता संघ चुनाव की मतगणना पूरी

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के चुनाव सत्र 2026-28 की मतगणना गुरुवार को पूरी हो गई। मतगणना के बाद कार्यकारिणी के नौ सदस्यों को निर्वाचित घोषित किया गया। महिला सदस्य पद पर रीता नौटियाल को 1493, शाशि तिवारी को 1082 और विद्या कुशवाहा को 1004 मत मिले। पुरुष सदस्य पद पर सुदीप सैनी ने 1100, प्रशांत नायक ने 1089, अमित आचार्य ने 1014, अर्जुन साहू ने 917, अमित कोहली ने 873, आशीष पांडे ने 846, धीरज खुल्लर ने 801, प्रदीप परसाई बाबा ने 751 और विकास सांटू ने 748 मत प्राप्त किए। मतगणना के बाद प्रत्याशी राजू बर्मन ने प्रदीप परसाई के मतों व नितिन जैन ने अपने मतों की पुनर्मतगणना के लिए आवेदन दिया। मुख्य चुनाव अधिकारी दिनेश उपाध्याय ने दोनों आवेदन स्वीकार कर पुनर्मतगणना कराई, लेकिन दोनों मामलों में परिणाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी दिनेश उपाध्याय ने बताया कि पूरी निर्वाचन प्रक्रिया चुनाव अधिकारी सुधाकर मणि पटेल सहित चुनाव टीम और तदर्थ समिति के पदाधिकारियों के निर्देशन में संपन्न हुई। निर्वाचित प्रत्याशियों का शीघ्र शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा, फिलहालए तिथि नियत नहीं है।

## सरकारी वसूली में कानून और प्रक्रिया भी जरूरीः हाईकोर्ट

### राज्य शासन सहित अन्य से जवाब तलब

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक अहम आदेश में कहा कि सरकारी वसूली में कानून और प्रक्रिया भी जरूरी है। इसी के साथ मंडला जिले की ग्राम पंचायत बिनैका की सरपंच और पंचायत सचिव के खिलाफ प्रस्तावित 4.93 लाख रुपये की वसूली पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की एकलपीठ ने राज्य शासन सहित संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है।

दरअसल सरपंच अनुसुइया परस्ते और पंचायत सचिव विपिन पटेल ने 29 जून 2026 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसके तहत उनसे 4,93,942 रुपये की वसूली प्रस्तावित की गई थी। आवेदकों की ओर से दलील दी गई कि वसूली का आदेश विधि सम्मत नहीं है। मामले में हाईकोर्ट का अंतरिम आदेश इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि सरकारी राशि की वसूली का अधिकार होने के बावजूद संबंधित प्राधिकारी कानून और निर्धारित प्रक्रिया से बाहर जाकर कार्रवाई नहीं कर सकते। प्रारंभिक सुनवाई के बाद न्यायालय ने प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया और स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई तक विवादित आदेश के आधार पर याचिकाकर्ताओं से किसी प्रकार की वसूली नहीं की जाएगी।




## संविदा महिला कर्मचारियों को भी मिलेगी चाइल्ड केयर लीव

### हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश की अवहेलना पर लगाया 50 हजार का जुर्माना

जबलपुर। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के स्पष्ट आदेशों के बावजूद संविदा महिला कर्मचारी को बाल देखभाल छुट्टी, चाइल्ड केयर लीव, सीसीएल से वंचित करना राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक हरजिंदर सिंह को महंगा पड़ गया। हाईकोर्ट ने छुट्टी का आवेदन खारिज करने वाला विभागीय आदेश निरस्त करते हुए संचालक पर 50 हजार रुपये का व्यक्तिगत जुर्माना लगाया है।

जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता आयशा शेख की ओर से अधिवक्ता निखिल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने अवगत कराया कि याचिकाकर्ता नौवीं बार कोर्ट की शरण में है। इसी से प्रशासकीय मनमानी का अंदाजा लगाया जा सकता है। राज्य शिक्षा केंद्र ने 16 जुलाई को आवेदन खारिज करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग के 22 जुलाई 2023 के परिपत्र का हवाला दिया था। विभाग का तर्क था कि बुरहानपुर निवासी संविदा कर्मचारी बाल देखभाल छुट्टी की पात्र नहीं हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि मध्य प्रदेश सिविल सेवा अवकाश नियमए 1977 के नियम 38-सी में महिला सरकारी सेवक को 730 दिन तक बाल देखभाल छुट्टी का प्रावधान है। संविदा महिला कर्मचारी भी दो बच्चों की देखभाल के लिए 240 दिन की छुट्टी की हकदार है। हाईकोर्ट ने साफ किया कि न्यायालय कानून का व्याख्याकार है और उसकी व्याख्या अंतिम होती है। विभागीय परिपत्र न्यायिक आदेशों से ऊपर नहीं हो सकता। कोर्ट ने तत्काल छुट्टी देने और संचालक को 30 दिन में 50 हजार रुपये जमा करने के निर्देश दिये है।

## कटनी ट्रांसपोर्ट नगर में आवंटन हाईकोर्ट के फैसले के अधीन

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने कटनी ट्रांसपोर्ट नगर के 115 भूखंडों की निविदा प्रक्रिया पर महत्वपूर्ण व्यवस्था देते हुए कहा है कि निविदा के आधार पर होने वाला कोई भी आवंटन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा। उक्त आदेश जस्टिस विशाल मिश्रा ने कटनी ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की याचिका पर दिया। एसोसिएशन की ओर से दीपक पंजवानी ने पक्ष रखते हुए बताया कि कटनी शहर में ट्रकों की आवाजाही रोकने के उद्देश्य से वर्ष 1983 में पुरैनी की शासकीय भूमि ट्रांसपोर्ट नगर के लिए आवंटित की गई थी। योजना के तहत 114 ट्रांसपोर्टरों को भूखंड मिल चुके हैं, जबकि शेष 115 के आवंटन के बजाय नगर निगम ने अब निविदा के जरिए नीलामी शुरू कर दी है। एसोसिएशन ने इसे शासन के आदेश तथा हाईकोर्ट के 2006 के आदेश के विपरीत बताया। शासन ने प्रस्तावित भूमि का मूल्य करीब 44ण्88 करोड़ रुपये बताया और जवाब के लिए समय मांगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि निविदा से होने वाला आवंटन याचिका के निर्णय के अधीन रहेगा। कानून विशेषज्ञों के अनुसार याचिका मंजूर होने पर आवंटन निरस्त होकर निविदाकार को राशि लौटाई जा सकती है।

## आवारा कुत्तों किया जाये टीकाकरण या नसबंदी के संबंध में सरकार ने पेश की स्टेटस रिपोर्ट

### याचिकाओ पर अगली सुनवाई 14 अगस्त को

**जबलपुर,देशबन्धु।** आवारा कुत्तो के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा जारी किये गये निर्देष के बाद की गयी कार्यवाही के संबंध में सरकार के द्वारा हाईकोर्ट में स्टेट्स रिपोर्ट पेष की गयी। हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस विवेक रूसिया तथा जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने प्रस्तुत रिपोर्ट पर 14 अगस्त को सुनवाई के निर्देष जारी किये है। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने आवारा कुत्तो के आंतक को गंभीरता से लेते हुए डॉग बाइट और रेबीज की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की थी। सर्वोच्च न्यायालय ने सरकारी और निजी संस्थानों जैसे अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, सार्वजनिक खेल परिसर, रेलवे स्टेशन शामिल हैं को चिन्हित करते हुए आवारा कुत्तों का टीकाकरण या नसबंदी करने के निर्देष दिये थे। सर्वोच्च न्यायालय ने स्थानीय निकायों को इन जगहों का समय-समय पर निरीक्षण करें जिससे कुत्ते अपना घर न बना सकें। इसके अलावा जिन कुत्तों को रेबीज है या रेबीज होने का संदेह उन्हें शेल्टर होम में रखने के निर्देष दिये थे। सर्वोच्च न्यायालय ने देश के सभी हाईकोर्ट को इस मामले को संज्ञान में लेते हुए जनहित याचिका के रूप में सुनवाई करने के निर्देष दिये थे। हाईकोर्ट पूर्व में भोपाल में कुत्ते के द्वारा बच्ची पर हमला किये जाने की घटना को संज्ञान में लेते हुए मामले की सुनवाई जनहित याचिका के रूप में कर रहा था। इसके आवारा कुत्ते के संबंध में अन्य याचिकाएं भी दायर की गयी थी। युगलपीठ ने पिछली सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित दिषा-निर्देषों का पालन करते हुए नगरीय निकाय तथा गृह विभाग को सार्वजनिक स्थलों में घूमने वाले आवारा कुत्तों का टीकाकरण व नसबंदी करने के निर्देष दिये है। युगलपीठ ने कार्यवाही के संबंध में स्टेटस रिपोर्ट पेष करने के आदेश जारी किये थे। याचिका पर गुरवार को हुई सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से कार्यवाही संबंधित स्टेटस रिपोर्ट पेष की गयी।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की वन भूमि में कर रहे खेती

### स्टेटस रिपोर्ट पर रिज्वाइंडर पेष करने याचिकाकर्ता को मिला समय

**जबलपुर,देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की वन भूमि में लोगों के द्वारा खेती किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई के दौरान जिला प्रशासन तथा वन विभाग के द्वारा वन भूमि में अतिक्रमण कर खेती किये जाने वालों को हटाये जाने के संबंध में स्टेटस रिपोर्ट पेष की गयी। रिपोर्ट पर याचिकाकर्ता की तरफ से आपत्ति पेष की गयी। हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस विवेक रूसिया तथा जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने याचिकाकर्ता को रिपोर्ट पर रिज्वाइंडर पेष करने समय प्रदान करते हुए अगली सुनवाई 14 अगस्त को निर्धारित की गयी है।

उमरिया निवासी राम लखन सेन की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि लोगों के द्वारा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाले वन भूमि में अतिक्रमण कर खेती का कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण वन्यजीवों की आवाजाही व दिनचर्या पर प्रभाव पड़ता है। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने वन विभाग तथा जिला प्रशासन को कार्यवाही कर स्टेटस रिपोर्ट पेष करने के आदेश जारी किये थे। याचिका की सुनवाई के दौरान वन विभाग तथा जिला प्रशासन को अतिक्रमण कर खेती करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए स्टेटस रिपोर्ट पेष करने के निर्देष जारी किये थे। हाईकोर्ट में पेष की गयी रिपोर्ट में कहा गया है कि अतिक्रमण कर खेती करने वालो पर कार्यवाही करते हुए उन्हे हटा दिया गया है। याचिकाकर्ता ने विरोध करते हुए कि अतिक्रमणकारी अभी भी बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाली वन भूमि में खेती कर रहे है। याचिकाकर्ता की तरफ स्टेट्स रिपोर्ट पर रिज्वाइंडर पेष करने समय प्रदान करने का आग्रह किया। युगलपीठ ने आग्रह को स्वीकार कर लिया। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता परिमल चतुर्वेदी ने पैरवी की।

# सड़क, बिजली, खाद और फसल खरीदी की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम पाटन एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पाटन,देशबन्धु।** पाटन-जबलपुर मार्ग,पाटन-शहपुरा मार्ग एवं पाटन-मनकेडी मार्ग के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने,शहपुरा से पाटन एवं जबलपुर मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन पर तत्काल रोक लगाने तथा बिजली,खाद और फसल खरीदी से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर गुरुवार को ठाकुर उदयभान सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने दीनदयाल स्टेडियम से पैदल मार्च निकालकर सिविल कोर्ट चौराहे पहुंचकर नारेबाजी की। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम से पाटन एसडीएम मानवेन्द्र सिंह राजपूत को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मांगों से अवगत कराया। ज्ञापन में बताया गया कि जबलपुर-भोपाल नेशनल हाईवे पर शहपुरा रेलवे क्रॉसिंग का पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण नेशनल हाईवे-45 का भारी यातायात पाटन मार्ग से डायवर्ट किया गया है। यह मार्ग भारी वाहनों के आवागमन के लिए उपयुक्त नहीं है,जिसके कारण आए दिन सड़क



## 17 अगस्त तक मांगें पूरी न हुईं तो बड़े आंदोलन की चेतावनी

दुर्घटनाएं हो रही हैं और जान-माल का नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने मांग की कि पाटन-शहपुरा-जबलपुर मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन तत्काल बंद किया जाए। साथ ही पुल टूटने के बाद सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले प्रत्येक मृतक के परिजनों को 20-20 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए।

ग्रामीणों ने पाटन-जबलपुर एवं पाटन-मनकेडी मार्ग के स्वीकृत निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने, खरीफ सीजन के लिए किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने तथा ई-टोकन व्यवस्था लागू करने की मांग भी उठाई। इसके अलावा किसानों को दिन में पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने,अघोषित बिजली कटौती बंद करने तथा किसानों की फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर समयबद्ध खरीदी एवं भुगतान की व्यवस्था करने की मांग की गई।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि 17 अगस्त तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं की गईं तो 18 अगस्त को सिविल कोर्ट चौराहे पर विशाल आमसभा आयोजित की जाएगी तथा पाटन नगर बंद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी होने तक उनका आंदोलन लगातार जारी रहेगा। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि आनंद मोहन पल्हा, संदीप सिंघई (बंटी) आजाद जैन, शेरू भूर्रक बीजेपी मण्डल उपाध्याय, अशोक जैन, लखन अग्रवाल, लक्ष्मी पटेल, शिव केदार पटेल, ईश्वर दास पटेल, मनोज पटेल, गुरु पिपरिया सरपंच सत्य प्रकाश सिंह ठाकुर, देवेंद्र सिंह ठाकुर सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# ज्वेलरी दुकान में खरीदारी करने आई महिलाओं ने जेवर पर किया हाथ साफ





**रीवा देशबन्धु।** सराफा दुकान में ग्राहक बनकर आई महिलाओं ने ज्वेलरी दुकान में हाथ की सफाई दिखाई और सोने के जेवर गायब कर दिये। दुकानदार को इस बात की जानकारी तब हुई जब महिला दुकान से जा चुकी थी। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। दुकानदार के द्वारा तकरीबन 10 सोने की कील चोरी होने की सूचना पुलिस को दी गई है। घटना के संबंध में थाना प्रभारी निशा मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि गुड़ाई बाजार स्थित मालती ज्वेलर्स में दोपहर तकरीबन 2.30 बजे दो महिलाएं खरीददारी करने ज्वेलरी शॉप में आई हुई थी। दुकान संचालक का कहना है कि महिलाओं के द्वारा कोई खरीददारी नहीं की गई। लेकिन जब वह अपना सामान समेट रहा था तो पता चला कि तकरीबन 10 सोने की कील चोरी हो चुकी हैं। फरियादी के द्वारा उपलब्ध कराए गए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अब पुलिस संदिग्ध महिलाओं की तलाश कर रही है।

## सीसीटीवी में कैद हुई घटना

वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी निशा मिश्रा का कहना है कि सराफा दुकान में इसके पूर्व भी विभिन्न शहरों में इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं। जिसके लिए सराफा दुकानदारों को भी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। चेहरे को छिपाकर या फेस कवर करके यदि कोई महिलाएं आती हैं तो उन पर दुकानदारों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। फिलहाल घटना की जानकारी मिलने के बाद अब पुलिस के द्वारा दोनों संदिग्ध महिलाओं की तलाश लगातार की जा रही है।

## सार-समाचार

### गुम नाबालिग मामले में हाईकोर्ट सख्त पाटन पुलिस से 7 दिन में मांगी स्टेटस रिपोर्ट

**पाटन, देशबन्धु।** पुलिस थाना पाटन क्षेत्र में बढ़ रहे गुमशुदगी के मामलों के बीच मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय,जबलपुर ने एक नाबालिग बालिका के गुमशुदगी एवं अपहरण प्रकरण में सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस अधीक्षक जबलपुर एवं थाना पाटन से सात दिवस के भीतर स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पाटन अंतर्गत ग्राम जूरी कला से लगभग दो माह पूर्व एक नाबालिग बालिका के गुम होने की रिपोर्ट पाटन थाने में दर्ज कराई गई थी। बाद में मामले में अपहरण की धाराएं भी जोड़ी गईं, लेकिन पाटन पुलिस पर आरोप है कि आज तक पुलिस द्वारा बालिका की तलाश के लिए प्रभावी कार्रवाई नहीं की। इसके बाद फरियादी ने मजबूरन हाईकोर्ट में हेबियस कॉर्पस याचिका दायर की।

मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने प्रकरण को गंभीर मानते हुए पुलिस अधीक्षक जबलपुर एवं थाना पाटन को सात दिनों के भीतर विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। फरियादी की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता श्याम यादव एवं अधिवक्ता सौरभ शर्मा ने बताया कि फरियादी ने पुलिस को नामजद आवेदन दिया था,लेकिन थाना पाटन द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लेते हुए प्रकरण अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध दर्ज किया गया,जो न्यायसंगत नहीं है। अधिवक्ताओं ने न्यायालय से मामले में शीघ्र एवं निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।

### सेवानिवृत्ति के चलते दो पंचायत सचिव विहीन, जिला पंचायत भेजा गया प्रपोजल

**गोसलपुर, देशबन्धु।** जिला पंचायत जबलपुर के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत सिहोरा जिसके अधीन 60 ग्राम पंचायत के लगभग 160 गांव आते हैं आपको बता दें की जनपद पंचायत सिहोरा की

दो ग्राम पंचायत जुझारी एवं फनवानी में पदस्थ सचिव 31 जुलाई को सेवानिवृत हो चुके हैं जिसके चलते यह दोनों ग्राम पंचायत का सचिव विहीन हो गई है जिसके चलते आम जनमानस के कार्य बाधित हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वन में व्यवधान पैदा हो रहा है आपको बता दें की ग्राम जनपद पंचायत सिहोरा के अंतर्गत आने वाली 60 ग्राम पंचायत में 58 पंचायत में सचिव पदस्थ हैं वही दो पंचायत जुझारी और फनवानी पिछले एक सप्ताह से सचिव विहीन है हालांकि इस संबंध में जनपद पंचायत सिहोरा के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है की दोनों पंचायत में सचिव को अतिरिक्त प्रभार देने की प्रक्रिया जारी है जिसका प्रपोजल बनाकर जिला पंचायत जबलपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सिंह गहलोत को भेज दिया गया है अब जल्द ही दोनों ग्राम पंचायत में सचिव को अतिरिक्त प्रभार दिया जाएगा।

### सड़क पार कर रहे अधेड़ को ट्रक ने कुचला, मौक़े पर हुई दर्दनाक मौत

**रीवा, देशबन्धु।** रतहरा बाईपास में बीती रात हुए भीषण सड़क हादसे में एक शख्स की दर्दनाक मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि मृतक रजनीश सिंह दुकान बंद कर पैदल अपने घर की ओर जा रहा था। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रहे शख्स को कुचल दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया था। जहां आज सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### कामता प्रसाद यादव का निधन



**कुंडम, देशबन्धु।** बड़े गहन दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे नगर के पुलिस विभाग में पूर्व एस आई के पद पर थे एवं कर्मठ कांग्रेसी थे और यादव समाज के लिए अपनी लगनशीलता से समाज में बड़े सक्रियता से कार्य को करते थे अपनी जिम्मेदारी को निभाते थे और गोलू यादव के पिताजी और शीतल प्रसाद यादव और रमेश प्रसाद यादव के बड़े भैया कामता प्रसाद यादव जिनका नागपुर में इलाज के दौरान रात्रि में निधन हो गया जिनकी उम्र 72 वर्ष के थे जिनका अंतिम संस्कार आज कुंडेश्वर धाम कुंडम स्थानीय श्मशान घाट में 12ः00 के करीब किया गया है सभी लोग अंतिम संस्कार में पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित किए हैं।

# बिजली अधिकारियों की किसानो के साथ बैठक

**गोसलपुर,देशबन्धु।** गत दिवस विद्युत मंडल कार्यालय गोसलपुर में भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष शैलेष पटेल के संयोजन में एवं बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ सकारात्मक बैठक संपन्न हुई जिसमें क्षेत्र के जले हुये ट्रांसफार्मर तुरन्त बदलने 25 से 63 के ट्रांसफार्मर रखने एवं झाँसी सब स्टेशन में एक

पीटीआर और रखवाने की किसानों के बीच में चर्चा हुई जिसमें सिहोरा डिवीजन डीई भूपेंद्र चौरसिया जेई रमेश सिन्हा ने बताया की प्रस्ताव बनाकर शक्ति भवन मुख्यालय भेजने को कहा साथ ही



किसानों की माँग के अनुरूप दिन की कृषि लाइट सुबह 10 बजे से 4 बजे करने को कहा गया एवं सिहोरा तहसील में लो वोल्टेज की समस्या के विषय में चर्चा हुई जिसमें डीई द्वारा कुशनेर में 132 ड्ढ1 का पावर हाउस प्रस्तावित हैं उससे बोल्टेज की समस्या का समाधान हो जाएगा बताया गया बैठक में क्षेत्रीय किसानों के साथ विद्युत मंडल के डीई व जेई उपस्थित रहे।

# वाराणसी से सीधी ले जाई जा रही थी नशीली कफ सिरप की खेप, मऊगंज पुलिस ने पकड़ा

**रीवा देशबन्धु।** उत्तर प्रदेश से मऊगंज के रास्ते सीधी ले जाई जा रही नशीली कप सिरप की खेप को मऊगंज पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने एक स्कर्पियो वाहन से सात बोरियों में 1600 से ज्यादा नशीली कप सिरप बरामद की है। वहीं नंबर के आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।




कार्रवाही के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मऊंगज थाना प्रभारी राम सिंह को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक सफ़ेद रंग की स्कर्पियो वाहन में भारी मात्रा में अवैध नशीली कप सिरप की खेप वाराणसी उत्तर प्रदेश से मऊंगज होते हुए सीधी जाने वाली है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल थाना प्रभारी द्वारा पुलिस टीम गठित कर गाढ़ा ओवर ब्रिज के पास घेराबंदी की गई। पुलिस की घेराबंदी देख आरोपी स्कर्पियो वाहन को डिवाइडर से टकराकर सर्विस लेन से होते हुए बराव मोड़ से बराव तरफ भागा। जिसका पीछा पुलिस टीम के द्वारा किया गया। इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर स्कर्पियो वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों की धरपकड़ के लिए प्रयास किया जा रहा है। वहीं स्कर्पियो वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें सात बोरियों में कुल 1645 सीसी अवैध नशीली कफ सिरप बरामद हुई है। फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम हर संभव प्रयास कर रही है।

# प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अवनीश भार्गव 9 को जबलपुर आएंगे

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश मुख्य संगठक (अध्यक्ष) अवनीश भार्गव 9 से 11 अगस्त तक जबलपुर एवं अनूपपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। उनके साथ अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के प्रदेश प्रभारी पी. एन. मिश्रा भी रहेंगे। 9 अगस्त को दोनों नेता जबलपुर में कांग्रेस सेवादल द्वारा आयोजित क्रांति दिवस के वृहद तिरंगा मार्च में शामिल होंगे। इसके बाद 10 अगस्त को अनूपपुर पहुंचकर अमरकंटक में नर्मदा उद्गम मंदिर से जलेश्वर धाम तक आयोजित पदयात्रा में सेवादल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत वे भोपाल के लिए रवाना होंगे। प्रदेश कांग्रेस सेवादल ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष, महिला का फूटा सिर

**रीवा देशबन्धु।** मऊगंज थाना क्षेत्र के बमहा प्राणनाथ गांव में वर्षों पुराने जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद के दौरान एक महिला के सिर पर डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। बीच बचाव करने पहुंची परिवार की अन्य महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है जिसमें दोनों पक्षों के बीच विवाद और मारपीट होती दिखाई दे रही है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार बमहा प्राणनाथ निवासी



रूबी विश्वकर्मा ने थाना मऊगंज में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि उनके परिवार और राजेंद्र प्रयासी पक्ष के बीच जमीन का विवाद लंबे समय से तहसील और न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि बुधवार को राजेंद्र प्रयासी अभिषेक मिश्रा और प्राची मिश्रा उनके घर पहुंचे और विवाद के साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने रूबी की मां प्रभा विश्वकर्मा के साथ मारपीट शुरू कर दी। शिकायत के मुताबिक राजेंद्र प्यासी ने डंडे से प्रभा के सिर पर वार कर दिया जिससे उनके सिर से खून बहने लगा। शोर सुनकर बड़ी मां सुनीता विश्वकर्मा और बहन रोशनी विश्वकर्मा बीच बचाव करने पहुंची तो उनके साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपी जाते समय जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## चार लोग हुये घायल..

घटना में प्रभा विश्वकर्मा समेत चार लोग घायल हुए। सभी को सिविल अस्पताल मऊगंज ले जाया गया। जहां प्रभा विश्वकर्मा के सिर पे गंभीर चोट होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर कर दिया। मऊगंज पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# बदकपुर कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक आयोजित

**शहपुरा, देशबन्धु।** बदकपुर धाम के लिए आयोजित होने वाली तीन दिवसीय कांवड़ यात्रा को लेकर गुरुवार को शहपुरा थाना परिसर में शांति एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहपुरा नगर सहित विजना घाट, माल कछार, घुनसौर तथा आसपास के गांवों की कांवड़ यात्रा समितियों के पदाधिकारी एवं प्रमुख सदस्य शामिल हुए। बैठक में यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी प्रमोद धुवे ने बताया कि इस वर्ष लगभग दो हजार से अधिक श्रद्धालुओं के कांवड़ यात्रा में शामिल होने की संभावना है। थाना प्रभारी ने शहपुरा नगर से पाटन होते हुए बदकपुर धाम तक के यात्रा मार्ग की विस्तृत जानकारी देते हुए विभिन्न पड़ावों पर भोजन, पेयजल, विश्राम, प्राथमिक उपचार ० अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

# वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के बाघ होंगे सबसे शक्तिशाली जीन बदलाव से पैदा होंगे खास शावक

**तेन्दूखेड़ा, देशबन्धु।** तीन जिले की सीमा क्षेत्र में फैले हुए प्रदेश के सबसे बड़े वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व अपनी जैव विविधता के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है लेकिन अब इस रिजर्व की एक नई पहचान बनने वाली हैं यह रिजर्व मप्र के सबसे शक्तिशाली और मजबूत बाघों का घर बनेगा इसका कारण यहां मौजूद बाघों की प्रजातियों और उनके जीन में आई विविधता है टाइगर रिजर्व में अलग-अलग जगहों से बाघ लाए गए हैं जब ये बाघ स्थानीय मादा बाघों के साथ मेटिंग (प्रजनन) करेंगे तो उनसे पैदा होने वाले नए शावक बहुत ही शक्तिशाली होंगे इन शावकों में बीमारियों होने का खतरा बहुत कम होगा विज्ञान के अनुसार जेनेटिक विविधता के कारण ये बाघ अपनी पूरी और वास्तविक उम्र जी सकेंगे आने वाली पीढ़ियों में यह सकारात्मक बदलाव धीरे धीरे देखने को मिलेगा

**सगोत्री विवाह की तरह इसका गणित, समझें**-वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. रजनीश सिंह ने इसे बहुत ही सरल तरीके से समझाया है. उन्होंने बताया कि जैसे हमारे समाज में सगोत्री विवाह (एक ही गोत्र में शादी) वर्जित है, उसके पीछे वैज्ञानिक कारण है अगर बहुत करीबी रिश्तेदारों के बीच शादी होती है तो शरीर की दबी हुई बीमारियां बच्चों में




## अब दुनियाभर में अपने सबसे शक्तिशाली बाघों के लिए जाना जाएगा वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व अलग-अलग नेशनल पार्क से आए बाघों के मिलन से यहां जेनेटिक विविधता बढ़ी है , इससे जन्म लेने वाले शावक न केवल बीमारियों से मुक्त होंगे बल्कि वे अपनी पूरी उम्र भी जी सकेंगे

उभर कर सामने आ जाती हैं यही नियम वन्य प्राणियों पर भी लागू होता है. अगर एक ही जगह के बाघ आपस में ब्रीडिंग करते रहेंगे तो उनमें बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए बाघों के लिए कॉरिडोर होना जरूरी है, ताकि वे दूसरी जगहों पर जाकर मेटिंग कर सकें और 'इनब्रीडिंग' से बच सकें

**चुनौती जो बन गई वरदान**-टाइगर रिजर्व में जो एक समय कठिनाई थी, वह अब वरदान बन गई है. साल 2018 में यहां एक भी बाघ नहीं था. जब बाघ लाने की प्रक्रिया शुरू हुई, तो पहला बाघ कान्हा से लाया गया, जो मूल रूप से पेंच का था. दूसरा बाघ बांधवगढ़ से आया और तीसरा बाघ अपने आप कहीं से यहां पहुंच गया था. बाद में कान्हा और अन्य जगहों से भी यहां बाघ लाए गए यह क्षेत्र प्राकृतिक कॉरिडोर से अन्य टाइगर रिजर्व से नहीं जुड़ा है, लेकिन अलग-अलग जगहों से बाघ आने के कारण यहां जीनों की विविधता बहुत बढ़ गई है. वैज्ञानिकों की दृष्टि में यह एक बहुत ही अनोखी और सकारात्मक बात है।

**रणथंबोर का उदाहरण**-वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ रजनीश कुमार सिंह ने बताया कि राजस्थान के रणथंबोर में बाघ एक ही इलाके में सीमित (आइसोलेटेड) हैं. वहां बाघ आपस में ही ब्रीडिंग कर रहे हैं, जिससे 'इनब्रीडिंग स्ट्रेस' बढ़ रहा है. इसी समस्या को दूर करने के लिए राजस्थान अब मध्य प्रदेश से बाघ ले जा रहा है. अलग-अलग जीन के मिलने से पैदा होने वाले बच्चे ज्यादा बेहतर और स्वस्थ होते हैं।

## पैटरनिटी लीव लेने पर बैंक ने नौकरी से निकाला, कोर्ट में मुकदमे के बाद देने पड़ गए 19 करोड़ रुपये!

दुनिया के सबसे बड़े इन्वेस्टमेंट बैंकों में से एक गोल्डमैन सैक्स को अपने एक पूर्व कर्मचारी को भारी-भरकम जुर्माना चुकाना पड़ा है। जानकारी के मुताबिक कंपनी ने अपने एक कंप्लायंस मैनेजर को पैटरनिटी लीव लेने की वजह से नौकरी से निकाल दिया था। इसके बाद यह मामला कोर्ट पहुंचा। लंदन के एम्प्लॉयमेंट ट्रिब्यूनल ने मामले पर सुनवाई के बाद बैंक को पूर्व मैनेजर को करीब 1.5 मिलियन पाउंड यानी लगभग 19 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। इकॉनमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक जोनाथन रीव्स लंदन में गोल्डमैन सैक्स के कंप्लायंस डिपार्टमेंट में कार्यरत थे। उन्होंने बैंक की नीति के तहत अपने नवजात बच्चे की देखभाल के लिए 6 महीने की पेड पैटरनिटी लीव ली थी। हालांकि छुट्टी के बाद लौटते ही कंपनी ने उन्हें नौकरी से निकाल दिया। रीव्स ने लगाया बड़ा आरोप- रीव्स ने आरोप लगाया कि लीव लेने के बाद बैंक ने उन्हें निशाना बनाया और 2022 में नौकरी से निकाल दिया। रीव्स की लीगल टीम ने अदालत में तर्क दिया कि अगर किसी महिला कर्मचारी ने बच्चे की देखभाल के लिए इतनी लंबी छुट्टी ली होती, तो बैंक उसके साथ ऐसा व्यवहार नहीं करता या उसे नौकरी से नहीं निकालता।

### शेख हसीना के तख्तापलट पर नया खुलासा

# यूनुस के सपोर्ट में नहीं थे आर्मी चीफ वकार, फिर क्या बदला?

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना का तख्तापलट हुए दो साल बीत चुके हैं। इस मामले पर आए दिन सभी पक्ष अपना-अपना तर्क देते रहते हैं। बांग्लादेश में उस समय पर बड़ी तेजी के साथ स्थिति बदली थी। अब इस मामले पर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के कानूनी सलाहकार रहे आसिफ नजरुल ने नया खुलासा किया है।

उन्होंने कहा कि जब शेख हसीना को सत्ता से हटाने के बाद मुहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का नेतृत्व देने की बात चल रही थी। लेकिन उस वक्त आर्मी चीफ वकार-उज-जमान ने इसका विरोध किया था। इसके लिए उन्होंने यूनुस के खिलाफ दो तर्क भी दिए थे। बांग्लादेशी अखबार प्रथोम अलो से बात करत हुए आसिफ ने 5 अगस्त को शेख हसीना के तख्तपलट के दो साल पूरे होने पर इस पूरे घटनाक्रम के बारे में विस्तार से बात की। यूनुस सरकार में कानून मंत्रालय में सलाहकार की भूमिका निभाने वाले प्रोफेसर नजरुल ने कहा कि वह आर्मी चीफ के बुलाने पर उनके ऑफिस गए थे।

**छात्रों की हिम्मत की तारीफ कर रहे थे**



**आर्मी चीफ वकार- नजरुल-** उन्होंने कहा, आर्मी चीफ ने मुझे मिलने कि लिए बुलाया था। मैं आर्मी हेडक्वार्टर गया। वहां पर जनरल वकार ने छात्रों द्वारा दिखाई गई हिम्मत की दाद दी और रिफॉर्म्स को लेकर अपना समर्थन जताया। उसके बाद उन्होंने सीधे तौर पर पूछा कि अंतरिम सरकार का नेतृत्व किसे करना चाहिए। इस पर मैंने उन्हें बताया कि छात्रों ने नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस के नाम पर मुहर लगा दी है।

नजरूल के मुताबिक, इसके बाद आर्मी चीफ ने इस पर असहमति जताई और कहा कि यूनुस के खिलाफ लेबर लॉ में केस दर्ज है। ऊपर से उनके ऊपर मनी लॉन्ड्रिंग का केस भी है। यूनुस को बांग्लादेश में छोटे रूप में गरीबों के आर्थिक प्रबंधक के रूप में जाना जाता है। हालांकि, इसी मामले में उनकी संस्था के ऊपर करीब 2 मिलियन डॉलर की मनी लॉन्ड्रिंग और गबन का आरोप भी लगा था। इसके अलावा यूनुस को इस आंदोलन के ठीक पहले जनवरी 2024 में बांग्लादेश लेबर कानूनों के उल्लंघन के मामले में छह महीने जेल की सजा सुनाई गई थी। बाद में जब वह अंतरिम सरकार के अध्यक्ष बने, तो उनकी यह सजा रद्द कर दी गई।

**नजरूल बोले- आर्मी चीफ से उन्होंने की यूनुस की सिफारिश-** नजरूल ने बताया कि आर्मी चीफ इस बात को लेकर सचेत थे कि कोई अपराधी इस पद पर न बैठ जाए। नजरूल ने कहा, मैंने उन्हें समझाया कि लेबर लॉ और मनी लॉन्ड्रिंग दोनों केस राजनीति से प्रेरित हैं। चूंकि तत्कालीन राजनीतिक सत्ता यूनुस को पसंद नहीं करती थी।

इसलिए उन पर यह इल्जाम लगाया गया है। इसके बाद आर्मी चीफ वकार उन्हें मुख्य सलाहकार के पद पर नियुक्त करने के लिए मान गए 5 अगस्त 2024 को कुछ महीने तक चले छात्र आंदोलन के बाद हिंसा करती हुई भीड़ बांग्लादेशी प्रधानमंत्री आवास में घुस गई। इससे पहले ही आर्मी के निर्देश पर शेख हसीना बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गईं।

### पाकिस्तान में नहीं थम रहा कोहराम

# सड़कों पर क्यों उतरे लोग? शहबाज शरीफ को थमाया नया अल्टीमेटम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की कैद के तीन साल पूरे होने पर उनके समर्थकों ने बुधवार को पुलिस की कार्रवाई के बावजूद देश के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन किया। इस दौरान 100 से अधिक समर्थकों को गिरफ्तार किया गया। पड़ोसी देश पाकिस्तान में कोहराम थामे नहीं थम रहा है। बलुचिस्तान से लेकर खैबर पख्तूनख्वा तक लोग पहले से ही शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ झंडा बुलंद किए हुए हैं। दूसरी तरफ शरीफ सरकार अपने ही अंदरखाने और सहयोगी दलों के विरोध और साजिशों के कुचक्र में उलझी हुई है। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की कैद के तीन साल पूरे होने पर उनके समर्थकों ने बुधवार को पुलिस की कार्रवाई के बावजूद देश के विभिन्न हिस्सों में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान 100 से अधिक समर्थकों को गिरफ्तार किया गया। पंजाब और सिंध प्रांतों में पुलिस ने इन प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई की। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर में एक रैली आयोजित की गई, जहां खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ सत्ता में है। पीटीआई ने घोषणा की कि अगर इमरान खान की रिहाई की मांगें पूरी नहीं हुईं तो 27 सितंबर को इस्लामाबाद तक मार्च किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, समर्थकों को संबोधित करते हुए खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सुहैल अफरीदी ने कहा कि पार्टी ने सभी कानूनी और न्यायिक रास्ते अपना लिए हैं और अगर न्याय नहीं मिला तो अब वह शांतिपूर्ण विरोध के अपने संवैधानिक अधिकार का इस्तेमाल करेगी। अफरीदी ने कहा कि पार्टी की पहली मांग यह है कि खान और उनकी पत्नी के खिलाफ मामलों की सुनवाई तय हो और उन पर मेरिट के आधार पर फैसला हो, जबकि दूसरी मांग उनकी कानूनी टीम, डॉक्टरों, रिश्तेदारों और पार्टी नेताओं के साथ मुलाकात की सुविधा को बहाल करना है।

**27 सितंबर का अल्टीमेटम** – उन्होंने दावा किया कि अगर न्याय मिले, तो खान को 30 मिनट के भीतर रिहा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ, तो पूरे पाकिस्तान से समर्थक 27 सितंबर को इस्लामाबाद की ओर मार्च करेंगे। अफरीदी ने कहा, हम न्याय मांग रहे हैं, खैरात नहीं। उन्होंने कहा कि क्क्षड्ड शांतिपूर्ण विरोध सहित संवैधानिक और लोकतांत्रिक तरीकों से अपना संघर्ष जारी रखेगी। इमरान खान के अपहरण (जैसा कि उन्होंने इसे कहा) के तीन साल पूरे होने का जिक्र करते हुए, अफरीदी ने आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री को अकेले रखा गया है और जेल में उनसे मिलने की कोशिश के दौरान उनकी बहनों के साथ बुरा बर्ताव किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 26वें और 27वें संवैधानिक संशोधनों ने पाकिस्तान की न्यायपालिका को कमजोर कर दिया है और दावा किया कि अदालतें अब स्वतंत्र रूप से न्याय करने में सक्षम नहीं हैं। 26वें संशोधन ने मुख्य न्यायाधीश का कार्यकाल तीन साल तक सीमित कर दिया, जबकि 27वें संशोधन ने चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज का पद बनाया और एक संवैधानिक अदालत की स्थापना की।

**विरोध प्रदर्शनों पर पुलिस की कार्रवाई**

जब पीटीआई कार्यकर्ताओं ने पूरे पाकिस्तान में प्रदर्शन किए, तो पुलिस ने कई शहरों में कार्रवाई की। पंजाब में, पुलिस ने लाहौर, मियांवाली और रावलपिंडी में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और पीटीआई के कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। लाहौर के मॉल रोड पर, पुलिस ने इमरान खान की रिहाई की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों को हटाया और कई लोगों को हिरासत में लिया। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में दंगा-रोधी पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग करते हुए देखा गया।

## आज का इतिहास

1606- शेक्सपीयर के नाटक मैक्बेथ का पहली बार मंचन किंग जेम्स प्रथम के लिए किया गया।
1753- ब्रिटेन म्यूजियम की स्थापना की गई।
1905- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने ब्रिटिश वस्तुओं के बहिष्कार का आह्वान किया।
1941-नोबेल पुरस्कार विजेता गुरूदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर का निधन।
1944-पहले कैलकुलेटर के नाम पर 51 फीट लंबी, 8 फीट ऊंची और पांच टन वजन की एक विशाल मशीन का निर्माण।
1947-मुंबई नगर निगम को बिजली और परिवहन व्यवस्था औपचारिक रूप से हस्तांतरित हुई।
1957-अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।
1960-अफ्रीका महाद्वीप के देश आइवरी कोस्ट को फ्रांस के अधिकार से आजादी मिली।
1985-गीत सेठी ने विश्व अमेच्योर बिलियर्ड्स चैंपियनशिप जीती।

## सुडोकू 7355

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | 4 | | | | | 3 |
| | 7 | | | | | | | |
| | | | | 6 | 5 | | 4 | 7 |
| | | 2 | 5 | 8 | | | | 9 |
| 9 | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | | 3 | 1 | 4 | | |
| 7 | 8 | | 3 | 2 | | | | |
| | | | | | | | 2 | |
| 2 | | | | | 6 | 8 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## जम्मू-कश्मीर में पोस्ता भूसा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस को मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान में एक बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने सांबा जिले में एक अंतर-राज्यीय मादक पदार्थ आपूर्तिकर्ता गिरोह का भंडाफोड़ किया और 58 किलोग्राम से ज्यादा पोस्ता भूसा के साथ एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह अभियान घागवाल पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में चलाया गया जिससे इलाके में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार को बड़ा झटका लगा। मादक पदार्थों के बारे में मिली पक्की एवं भरोसेमंद जानकारी के आधार पर, पुलिस की एक टीम ने एनएचडब्ल्यू टप्याल पर गाड़ियों की जांच के लिए एक व्यवस्थित नाका लगाया।

## मणिपुर में हथियारों का जखीरा बरामद

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस व सुरक्षा बलों ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में संयुक्त अभियान चलाकर उग्रवादी संगठनों के सदस्यों एवं रंगदारी वसूलने वालों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक और अवैध शराब भी बरामद किया है। सेनापति थाने में दर्ज एनडीपीएस अधिनियम के एक मामले में मंगलवार को अनुवर्ती कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले के दियुन थाना क्षेत्र निवासी दीप ज्योति गोगोई को गिरफ्तार किया। आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उसे सेनापति थाना लाया गया है।

## यादगीर में गैस रिसाव से तीन श्रमिकों की मौत

**यादगीर।** कर्नाटक में यादगीर जिले के कडेचूर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक रासायनिक संयंत्र में ज़हरीली गैस के रिसाव से तीन श्रमिकों की मौत हो गयी और दो अन्य की हालत गंभीर है। इस घटना से पीड़ितों के परिवारों में दुख और गुस्सा है। पीड़ित पड़ोसी राज्यों से आए प्रवासी श्रमिक थे और फैक्ट्री के अंदर ज़हरीली गैस की चपेट में आने से बेहोश हो गए थे। उन्हें बचाने की कोशिशों के बावजूद तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से प्रभावित हेमंत और शिवकुमार को रायचूर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## प्रयागराज में छात्रों से संवाद करेंगे राहुल गांधी

**प्रयागराज।** रायबरेली से कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आठ अगस्त को प्रयागराज में आयोजित छात्रों के संवाद कार्यक्रम 'गूंज' में शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने को कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय प्रयागराज पहुंचे और संगम तट स्थित प्रसिद्ध बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन कर कार्यक्रम की सफलता तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। राय ने कहा कि वह काशीवासी हैं और बाबा विश्वनाथ की नगरी से आते हैं। उन्होंने कहा कि हम सब सनातनी हैं।

# चांद से टकराया मस्क का बेकाबू रॉकेट, पृथ्वी के लिए खतरा?

एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का स्कूल बस के आकार का 4-टन वजनी रॉकेट 8,700 किमी./घंटे की रफ्तार से चांद से टकरा गया है। जानें 18 महीने से भटक रहे इस मलबे के क्रैश की पूरी जानकारी। पिछले साल से अंतरिक्ष में भटक रहा स्पेस एक्स के फाल्कन-9 रॉकेट का एक हिस्सा बुधवार को तेज रफ्तार से चंद्रमा से टकरा गया। हालांकि, इस टक्कर की आधिकारिक पुष्टि होने में अभी कई घंटे लग सकते हैं। लेकिन एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स ने कहा कि यह टक्कर अनजाने में हुई।

स्पेस एक्स ने यह भी स्पष्ट कहा कि रॉकेट का हिस्सा चांद के पश्चिमी किनारे पर मौजूद आइंस्टीन क्रेटर से टकराने वाला था, जिसे पृथ्वी से देखना अक्सर मुश्किल होता है। रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि यह हिस्सा बुधवार को करीब 12:05 बजे चांद से टकराया। उस समय इसकी रफ्तार करीब 8,690 किलोमीटर प्रति घंटा थी। हालांकि चांद की परिक्रमा कर रहा कोई भी अंतरिक्ष यान ऐसी स्थिति में नहीं था जो सीधी तस्वीरें ले पाता।

**बाद में तस्वीरें ली जाएंगी-** आधिकारिक पुष्टि नहीं होने के कई कारण बताए जा रहे हैं। नासा का लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर और दक्षिण कोरिया का पाथफाइंडर लूनर ऑर्बिटर बाद में उस स्थान के ऊपर से गुजरेंगे और तस्वीरें लेंगे। इन्हीं तस्वीरों से पता चलेगा कि वहां नया गड्ढा बना या नहीं। इसके अलावा तस्वीरें आने और विश्लेषण में समय लगता है। इसलिए अभी वैज्ञानिकों का अनुमान है कि रॉकेट का हिस्सा चांद से टकराया है, लेकिन आधिकारिक पुष्टि तस्वीरों और वैज्ञानिक विश्लेषण के बाद ही की जाएगी। एलन मस्क ने एक वीडियो शेयर किया है। हालांकि यह वीडियो एआई से बनाया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसी तरह मस्क का रॉकेट चांद से टकराया होगा। असली तस्वीर और वीडियो नहीं ली जा सकी हैं।

# कितने जुल्म छिपाएगा पाकिस्तान? ब्रिटेन पहुंचा पोक में नागरिकों के दमन का मामला


**इस्लामाबाद।** आखिर पाकिस्तान अपनी काली करतूतों को कब तक छिपा पाएगा? पाकिस्तानी हुकूमत पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पोक) में स्थानीय लोगों पर लगातार जुल्म ढा रहा है। अधिकारों की मांग करने वाले लोगों पर हिंसक और बर्बर कार्रवाई की है और इन जुल्मों को छिपाने के लिए दुनियाभर में नए नए ढोंग भी रचता रहता है। हालांकि भारत ने लगातार पूरी दुनिया के सामने इस मसले को लेकर पाकिस्तान की पोल खोली है। अब पोक के लोगों की चीखें ब्रिटेन तक पहुंच गई हैं।

पोक में जारी मानवाधिकार उल्लंघनों, फर्जी असेंबली चुनावों और नागरिक अधिकारों के हनन के विरोध में ब्रिटेन के ब्रैडफोर्ड शहर में ब्रिटिश कश्मीरी समुदाय के लोगों ने बड़ा विरोध प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान पाकिस्तान के अवैध कब्जे और दमनकारी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान पर लगाम कसने की अपील की।

**ब्रिटेन की सड़कों पर गूंजे पाकिस्तान विरोधी नारे-** ब्रिटेन के ब्रैडफोर्ड सिटी सेंटर में जमा हुए प्रदर्शनकारियों ने जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी की मांगों का पुरजोर समर्थन किया। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए प्रदर्शनकारियों ने क्क्षय के लोगों के बुनियादी मानवाधिकारों, नागरिक स्वतंत्रता और सम्मानजनक जीवन की सुरक्षा की मांग की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पिछले दो महीनों में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों की सैन्य कार्रवाइयों में कई आम नागरिकों की जानें गई हैं। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को निशाना बनाया जा रहा है और घरों पर अवैध छापे मारे जा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने ब्रिटिश सरकार, संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों से अपील की कि वे क्क्षय की स्थिति पर नजर रखें और पाकिस्तान द्वारा किए जा रहे बल प्रयोग की निष्पक्ष जांच कराएं।

**भारत ने पहले ही किया था उजागर-** इस बीच भारत ने पीओके में लोगों पर हिंसक कार्रवाइयों की लगातार निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान द्वारा कराए जा रहे स्थानीय चुनावों को पूरी तरह से नौटंकी और दिखावा करार दिया है। भारत ने कहा है कि क्क्षय इस समय हिंसा, ब्लैकआउट और आम नागरिकों पर अत्याचार की आग में झुलस रहा है। बीते सप्ताह विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान में कहा था, इस मुद्दे पर भारत का रुख स्पष्ट रहा है। पूरा जम्मू कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश, जिनमें पाकिस्तान के अवैध और जबरन कब्जे वाले क्षेत्र भी शामिल हैं, भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग हैं उन्होंने यह भी कहा था कि पीओके में विरोध के उठे स्वर दशकों तक हुए शोषण का परिणाम है।

## वर्ग पहेली 7355



**बायें से दायें:-**

१ सम्मोहित
३. गणेश,
५. गर्व, घमंड
६. प्राप्त, लब्ध (उर्दू)
७. श्रीकृष्ण के बड़े भाई
८. अंघाधुंध, लगातार
१३. आवरणहीन, उजागर (उर्दू)
१५. प्रारब्ध, भाग्य
१६. मददगार
१७. निखार, दीप्ति
१८. खिताब, पदवी (उर्दू)
२०. दूसरों के साथ किया जाने वाला व्यवहार
२२. संतुलित, नापतौल किया गया
२३. नई नवेली दुल्हन

**ऊपर से नीचे:-**

१. धीमी हँसी
२. गलतफहमी, भ्रम, भ्रांति (उर्दू)
३. अव्यवस्था, घपला
४. पत्थरबाजी
५ अल्पवयस्क, मासूम निर्दोष
९. हठात
१०. तहकीकात
११. सौर मंडल का एक ग्रह
१२. नुमाइंदा
१४. नाकाबिलियत
१७. प्रकाशित, आलोकित (उर्दू)
१९. पृथ्वी संबंधी
२०. विपत्ति, प्रेतबाधा (उर्दू)
२१. कानन, विपिन

### वर्ग पहेली-7354




युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

सख्ती | इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक विज्ञापनों के मामले में एनएचआरसी सख्त

# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को भेजा समन

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)। इंस्टाग्राम पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़े विज्ञापनों के मामले में लापरवाही बरतने पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को तलब किया है। आयोग ने बुधवार को समन जारी कर उन्हें 7 सितंबर को पेश होने का आदेश दिया। यह मामला बीबीसी वर्ल्ड सर्विस की एक रिपोर्ट से जुड़ा है। रिपोर्ट में कहा गया था कि इंस्टाग्राम पर 'रेप वीडियो' और 'चाइल्ड वीडियो' जैसे शब्दों वाले पेड विज्ञापन दिखाए जा रहे थे।**

इन विज्ञापनों पर क्लिक करने पर यूजर्स को टेलीग्राम के चैनलों पर भेजा जा रहा था, जहां चाइल्ड सेक्सुअल अब्यूज मटेरियल (सीएसएएम) बेचा जा रहा था। एनएचआरसी ने इस खबर को खुद संज्ञान में लिया था।

आयोग ने 8 जुलाई को दिल्ली पुलिस कमिश्नर को नोटिस भेजकर 15 दिन में एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी थी। 15 दिन बाद भी जब रिपोर्ट नहीं आई तो एनएचआरसी ने 29 जुलाई को रिमाइंडर भेजा और 7 दिन का और समय दिया।



■ बीबीसी वर्ल्ड सर्विस की एक रिपोर्ट से जुड़ा है मामला

चेतावनी भी दी कि अगर रिपोर्ट नहीं आई तो सख्त कदम उठाए जाएंगे। लेकिन तय समय में भी रिपोर्ट नहीं पहुंची। इसके बाद बुधवार को एनएचआरसी के सदस्य प्रियांक कानूनगो की बेंच ने इसे 'बहुत गंभीर' मानते हुए दिल्ली पुलिस कमिश्नर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का समन जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि कमिश्नर 7 सितंबर को सुबह 11:30 बजे मानव अधिकार भवन, नई दिल्ली में रिपोर्ट और देरी की वजह के साथ पेश हों। हालांकि आयोग ने यह भी कहा कि अगर 31 अगस्त तक रिपोर्ट भेज दी जाती है तो व्यक्तिगत पेशी की जरूरत नहीं होगी। समन में चेतावनी दी गई है कि अगर बिना वजह आदेश का पालन नहीं हुआ तो सीपीसी के नियम 16 के तहत कार्रवाई की जाएगी। एनएचआरसी ने कहा कि अगर ये आरोप सच हैं तो यह बच्चों के ऑनलाइन यौन शोषण, सीएसएएम के प्रचार और बिक्री और संगठित अपराध का मामला है। इससे सोशल मीडिया कंपनियों की जिम्मेदारी और बच्चों की सुरक्षा के सिस्टम पर भी सवाल उठते हैं। आयोग ने कहा कि इस मामले की जांच पोक्सो एक्ट, आईटी एक्ट और डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 के तहत होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए एनएचआरसी ने कहा कि सोशल मीडिया कंपनियों की जिम्मेदारी है कि वे पेक्सो से जुड़े अपराधों की जानकारी स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट या लोकल पुलिस और एनसीएमईसी को तुरंत दें। एनएचआरसी ने दिल्ली पुलिस को इस मामले की जल्द जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है। इसमें डिजिटल सबूत सुरक्षित रखना, पीड़ित बच्चों और आरोपियों की पहचान करना, मेटा और अन्य कंपनियों द्वारा पोक्सो की धारा 19 और 20 के तहत रिपोर्टिंग की जानकारी, जरूरी जगहों पर एफआईआर दर्ज करना, विज्ञापनों के पीछे के लेन-देन ट्रेस करना और पीड़ित बच्चों को बचाने एवं मदद के कदम शामिल हों।

# खेल जगत

## पाकिस्तान के खिलाफ लॉरेंस की टीम में वापसी



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट के लिए बैटिंग ऑलराउंडर डैन लॉरेंस को 16-सदस्यीय टीम में वापस बुलाया है। वहीं, जॉर्डन कॉक्स नंबर-3 पोजिशन पर बल्लेबाजी करते नजर आएंगे। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच 19 अगस्त से तीन मुकाबलों की टेस्ट सीरीज लीड्स में शुरू होगी। इसके बाद दोनों देश 27 अगस्त से लॉर्ड्स में दूसरा मुकाबला खेलेंगे। सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच 9 सितंबर से बर्मिंघम में खेला जाएगा।जॉर्डन कॉक्स, जैकब बेथेल की जगह टॉप ऑर्डर में नजर आएंगे। बेथेल भारत के खिलाफ वनडे सीरीज जीत के दौरान अपना दाहिना घुटना चोटिल करवा बैठे थे। बेथेल अब तक इस चोट से उबर नहीं सके हैं, जिसके चलते तीन मुकाबलों की पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। वहीं, लॉरेंस को सरे के साथ शानदार काउंटी चैंपियनशिप सीजन के लिए इनाम मिला है, जहां वह 5 शतक और 788 रनों के साथ डिवीजन वन में सबसे आगे हैं। लॉरेंस नंबर-6 पर बैटिंग करेंगे।

# भारत को पदक जीतने के लिए मजबूती से खेलना होगा: प्रीतम

## अनुभवी नवनीत व सविता को जूनियर खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को प्रेरित करना होगा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व अंतर्राष्ट्रीय स्ट्राइकर और कप्तान 51 बरस की प्रीतम रानी सिवाच बतौर हॉकी खिलाड़ी भारत का नाम रोशन करने के बाद अब बतौर महिला हॉकी कोच अपनी प्रीतम सिवाच हॉकी एकेडमी के जरिए

> हमारी मौजूदा टीम की अनुभवी खिलाड़ियों को टीम की नौजवान और जूनियर खिलाड़ियों को साथ लेकर चलना होगा: प्रीतम रानी

देश की हॉकी का भविष्य संवार रही हैं। 2002 में भारत को मैनचेस्टर में राष्ट्रमंडल खेलों में महिला हॉकी का स्वर्ण पदक जिताने में ममता खरब के साथ बतौर स्ट्राइकर प्रीतम सिवाच ने अहम भूमिका निभाई थी। भारतीय महिला हॉकी टीम की इसी कामयाबी पर चर्चित 'चक दे इंडिया' जैसी चर्चित फिल्म बनी और इसमें शाहरुख खान ने कोच का अहम किरदार अदा किया था। प्रीतम सिवाच एकेडमी की पांच लड़कियां भी भारत की एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप



महिला हॉकी विश्व कप

बेल्जियम और नीदरलैंड 2026 में शिरकत करने जा रही टीम में शामिल हैं। प्रीतम का बेटा बतौर मिडफील्डर भारत की पुरुष हॉकी विश्व कप में शिरकत करने वाली टीम की अहम कड़ी हैं। प्रीतम सिवाच की बेटी कणिका सिवाच भी भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम की अहम सदस्य हैं।

यह भी एक सुखद संयोग है कि वह खुद 1998 में उट्रेक्ट (नीदरलैंड) में भारत के लिए महिला हॉकी विश्व कप में खेली थी तब टीम अपने चारों मैच कड़े और करीबी संघर्ष में हार कर अंतिम स्थान पर रही थी। भारतीय महिला हॉकी टीम की विश्व कप में संभावनाओं पर प्रस्तुत हैं प्रीतम सिवाच से हुई बातचीत। भारत का अब तक महिला विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1974 में चौथा स्थान है और आप खुद 1998 के महिला हॉकी विश्व कप में उट्रेक्ट (नीदरलैंड) में देश की नुमाइंदगी कर चुकी हैं। इस बार महिला हॉकी विश्व कप में कहां तक जाएगी भारत की चुनौती? मैं 1998 में आखिरी बार भारत के लिए महिला विश्व कप में खेली थी और तब हमारी टीम अपने सभी मुकाबले करीब संघर्ष में हार कर संदीप कौर की कप्तानी में आखिरी स्थान पर रही थी। 2026 के विश्व कप भारतीय महिला हॉकी टीम में चुनी गई अनुभवी नवनीत कौर, सुशीला चानू, खुद कप्तान सलीमा टेटे और अनुभवी गोलरक्षक सविता को टीम की नई और नौजवान खिलाड़ियों को साथ ले उनका मार्गदर्शन कर उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ देने को प्रेरित करना होगा। हमारी भारतीय टीम अनुभवी और नौजवान खिलाड़ियों की मिली खासी संतुलित है। बेशक हमारी टीम के कोच शुएर्ड मराइन के पास महिला हॉकी विश्व कप के अच्छी योजना भी होगी। हमारी मौजूदा टीम की अनुभवी खिलाड़ियों को टीम की नौजवान और जूनियर खिलाड़ियों को साथ लेकर चलना होगा। भारत को महिला हॉकी विश्व कप में पदक जीतने के लिए किले की मजबूती से चौकसी के साथ पूरी शिद्दत से मैदान खेल कर अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम का पहला लक्ष्य बेशक क्वार्टर फाइनल में पहुंचना होना चाहिए और वे इसमें सक्षम भी दिखाई देती हैं। हमारी भारतीय टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची बेशक हॉकी विश्व कप में पदक जीतने में भी कामयाब रहेगी। मेरी प्रीतम सिवाच हॉकी एकेडमी की पांच लड़कियां- नेहा, साक्षी राणा, ज्योति,शिल्पी डबास और इशिका भारत की महिला हॉकी विश्व कप में शिरकत करने जा रही टीम का हिस्सा हैं। मुझे अपनी इन पांचों के साथ भारतीय टीम के लिए विश्व कप में कामयाबी की नई कहानी लिखने का भरोसा है। नवनीत कौर जैसी स्ट्राइकर, मिडफील्डर ललरेमिसयामी व कप्तान सलीमा टेटे व सविता को टीम की ज्योति, शिल्पी और इशिका जैसी खिलाडियों का साथ लेकर चलना होगा।

### विश्व कप में यशदीप खुलकर खेलेंगे



जहां तक मेरे बेटे यशदीप सिवाच की बात है तो उसकी पुरुष हॉकी विश्व कप 2026 में भारतीय टीम में जिम्मेदारी ओवरलेप कर काउंटर पर गोल करने की है। उसे टीम में कप्तान हरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, सुमित का मार्गदर्शन और राजिंदर सिंह सभी का सहयोग मिलेगा। मेरे बेटे यशदीप को मुझसे और अपने पिता कुलदीप से बचपन से बिना किसी दबाव के खुल कर हॉकी खेलने और पूरा लुत्फ उठाने का सबक मिला है। बेशक वह विश्व कप में खुलकर खेलेंगे और भारतीय टीम को विश्व कप में आगे तक ले जाने में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को आगे तक ले जाने में मददगार बनेंगे।

**पूल डी में चीन, इंग्लैंड के खिलाफ जवाबी हमलों और डिफेंस में कम से कम गलतियां करनी होगी**

आज मॉडर्न यानी नए जमाने की हॉकी बिल्कुल बदल गई है। आज के जमाने में गोल करने से कहीं ज्यादा अहम है अपने किले की मुस्तैदी से चौकसी। भारतीय टीम की रक्षापंक्ति में अनुभवी फुलबैक सुशीला चानू और गोलरक्षक सविता सहित सभी को यह कोशिश करनी चाहिए कि प्रतिद्वंद्वी टीम को कम से कम से पेनल्टी कॉर्नर लेने दें। आज सभी टीमें एक दूसरे की मजबूत चौकसी कर खेलने उतरती हैं और इसलिए मैदानी गोल के मौके आज बहुत कम हो जाते हैं। सच तो यह है कि पेनल्टी कॉर्नर बनाने और इस पर गोल करने के साथ पेनल्टी कॉर्नर बचाना ही मैचों के फैसलों में अहम रहेगा। आज चाहे कोई चीन, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका सभी स्ट्रक्चर और योजना से खेलेंगी और कोई भी कमजोर नहीं है। महिला हॉकी विश्व कप में जो भी टीम स्ट्रक्चर और योजना से खेलेगी, पेनल्टी कॉर्नर बना इसे भुनाएंगी और पेनल्टी कॉर्नर पर मुस्तैदी से अपने किले की चौकसी करेगी वही उपर जाएगी। हमारी भारतीय टीम को मिले मौकों चाहे वह पेनल्टी कॉर्नर हो या मैदानी गोल, हर को भुनाना होगा। हमारे चीन और इंग्लैंड के खिलाफ मैच खासे संघर्षपूर्ण रहे हैं। बस जरूरी है इन सभी के खिलाफ जीतना है तो मौकों को भुनाना होगा। विश्व कप में पूल डी में चीन के खिलाफ अपने किले की चौकसी, इंग्लैंड के खिलाफ जवाबी हमलों और डिफेंस में कम से कम गलतियां करनी होगी। पेनल्टी कॉर्नर बना इन्हें भुनाने के साथ प्रतिद्वंद्वी टीम के पेनल्टी कार्नर को रोकना होगा। चीन के पास खतरनाक ड्रैग फ्लिकर हैं और उसके खिलाफ गोल करने से पहले हमें अपने किले की मुस्तैदी से चौकसी करनी होगी। भारतीय महिला हॉकी टीम के पूर्व कोच ओलंपियन कर्नल बलबीर सिंह कहते थे मॉडर्न में कामयाबी के लिए जरूरी है पहले अपने घर को जलने (गोल खाने) से बचाना क्योंकि हम अपना घर बचाने में सफल रहे तो फिर प्रतिद्वंद्वी के घर को जला (गोल कर) सकते हैं। हमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गोल अपनी आक्रामक हॉकी खेल कर ज्यादा से गोल करने की कोशिश करनी होगी।

# खाईदम चानू के हाथ होगी भारत की कप्तान

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। मिडफील्डर खाईदम शिलिमा चानू मोकी, चीन में 30 अगस्त से 13 सितंबर तक होने वाले एएचएफ महिला जूनियर हॉकी एशिया कप 2026 में 18 सदस्यीय भारतीय टीम की कप्तान होंगी। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने इस साल के शुरू में नए कोच टिम व्हाइट के मार्गदर्शन में महिला जूनियर हॉकी एशिया कप के लिए गहन तैयारी की है। महिला जूनियर हॉकी एशिया कप की तैयारी के लिए भारतीय जूनियर टीम हाल ही में इंग्लैंड का दौरा किया और इसके बाद ही वहां तैयारी कर चीन में इसमें शिरकत करने जा रही है। इंग्लैंड के दौरे से भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को अहम अंतरराष्ट्रीय मैचों का अहम मिला और जूनियर महिला हॉकी एशिया कप के लिए बहुत अहम बातें सीखने को मिलीं। जूनियर महिला हॉकी एशिया कप में एशिया की प्रमुख जूनियर टीमों के खिलाफ



महिला जूनियर हॉकी एशिया कप

खेलने भारत की जूनियर खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा। यह टूर्नामेंट एशियाई हॉकी की अगली पीढ़ी को तैयार करने का अहम टूर्नामेंट है। मैचों का कार्यक्रम और इसके पूल की घोषणा जूनियर महिला हॉकी एशिया कप के शुरू होने से पहले की जाएगी।

**खुद को एशिया की जू सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ आंकने का मौका : व्हाइट**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच टिम व्हाइट ने कहा, 'जूनियर महिला हॉकी एशिया कप के लिए भारतीय जूनियर टीम में स्थान पाने के लिए दिखाई प्रतिबद्धता और जीवट पर मुझे गर्व है। बीते कुछ महीनों से भारत की इन जूनियर खिलाड़ियों में अपने खेल को हर तरह बेहतर करने के लिए शिद्दत से मेहनत की है। मैंने इस दौरान इन खिलाड़ियों को बतौर टीम और खिलाड़ी विकसित होते देखा है। मैं चाहता हूं कि हमारी टीम की खिलाड़ी इस मौके को पूरी तरह भुनाते हुए अपने सपनों को साकार करें। जूनियर महिला हॉकी एशिया कप हमारे लिए अपने बड़े लक्ष्यों को हासिल करने की यात्रा में खुद को एशिया की जूनियर सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ आंकने का अहम मौका है। मुझे अपनी टीम की खिलाड़ियों की प्रतिभा और जीवट पर पूरा भरोसा है। हमारी टीम हर मैच में पूरे विश्वास और अनुशासन के साथ खेलने उतर कर भारत का गौरव बढ़ाएंगे।

**भारत की एएचएफ जूनियर महिला हॉकी एशिया कप 2026 के लिए टीम**

**गोलरक्षक :** निधि, इंजिल हर्षा रानी मिंज

**रक्षापंक्ति :** पूजा साहू, सुप्रिया, पूजा मलिक, पर्वती टोपनो, मधु।

**मध्य पंक्ति :** खाइदम शिलिमा चानू (कप्तान), तनुजा टोपो, बिनिमा धन, रोशनी ऐंद, गीता यादव

**अग्रिम पंक्ति :** ललरिनपूई, पूर्णिमा यादव, सुखवीर कौर, कृष्णा शर्मा, सानिका चंद्रकांत माणे, मधु सिदर

**वैकल्पिक खिलाड़ी :** एफ ललबियाकसियामी, तनुश्री दिनेश काडू।

अंडर-20 एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप

# कंबोज ने विमेंस डिस्कस थ्रो के फाइनल में जगह बनाई

**यूजीन,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय थ्रोअर अमानत कंबोज ने गुरुवार को इस सीजन का अपना सबसे अच्छा थ्रो करते हुए अंडर-20 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं के डिस्कस थ्रो फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। मई 2026 में 52.24 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ एशियन अंडर-20 का गोल्ड मेडल जीतने वालीं अमानत ने क्वालिफिकेशन राउंड में 52.58 मीटर का थ्रो किया, जिसके साथ अमानत दुनिया की बेहतरीन अंडर-20 थ्रोअर्स में छठे स्थान पर रहीं। महिलाओं का डिस्कस थ्रो फाइनल शनिवार को होगा। अमानत जैवलिन थ्रो फाइनल में जगह बनाने वालीं तीसरी भारतीय हैं। उनसे पहले आशीष यादव और टी. धरणीधरन पुरुषों के जैवलिन थ्रो फाइनल में जगह बना चुके हैं। आशीष ने 69.87 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ अपने ग्रुप में टॉप किया, जबकि धरणीधरन ने 68.07 मीटर का थ्रो करते हुए अपने ग्रुप से फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। कुल मिलाकर, आशीष क्वालिफिकेशन में दूसरे, जबकि धरणीधरन 12वें पायदान पर रहे। साउथ अफ्रीका के अंडर-20 जैवलिन चैंपियन जान-हेंड्रिक हेमैंस ने यूजीन में शानदार शुरुआत करते हुए अपने पहले ही थ्रो में 76.02 मीटर के साथ ऑटोमैटिक क्वालीफाइंग मार्क हासिल किया। हेमैंस के पीछे, तीन एथलीट्स ने 69 मीटर से ज्यादा का थ्रो किया, जिनमें भारत के आशीष, पोलैंड के अलेक्जेंडर वोज्ना (69.80 मीटर) और चीन के यांग झाओयी (69.80 मीटर) शामिल हैं। ऐसे में फाइनल में कड़े मुकाबले की उम्मीद है। पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में, मोगली वेंकटराम ने अपनी हीट में 1:52.81 का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई, जबकि उविन आनंद ने 1:52.37 का बेहतर समय निकाला।



अमानत दुनिया की बेहतरीन अंडर-20 थ्रोअर्स में छठे स्थान पर रहीं

## सार संक्षेप

### जम्मू- कश्मीर के लिए अगला घरेलू सीजन खेलेंगे बृजेश

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज बृजेश शर्मा घरेलू क्रिकेट का अगला सीजन (2026-27) अपने गृह राज्य जम्मू और कश्मीर की तरफ से खेलेंगे। बृजेश जम्मू और कश्मीर के उधमपुर जिले के माडा शहर के रहने वाले हैं। बृजेश शर्मा आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के लिए खेलते हुए चर्चा में आए थे। आईपीएल नीलामी के लिए बृजेश ने खुद को क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) के खिलाड़ी के तौर पर पंजीकृत किया था। जम्मू और कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) के विश्वसनीय सूत्र ने गुरुवार को एजेंसी को बताया, 'हां, बृजेश शर्मा रणजी ट्रॉफी के लिए जम्मू और कश्मीर टीम से जुड़ गए हैं। वह तैयारी कैंप के लिए टीम के साथ हैं। बृजेश का नाम जम्मू-कश्मीर के उन खिलाड़ियों की लिस्ट में था जो 10 से 17 अगस्त तक श्रीनगर के एसके स्टेडियम में उत्तराखंड के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेंगे। बृजेश ने जम्मू-कश्मीर की एज-ग्रुप टीमों के लिए खेला, फिर दिल्ली जाकर कोच दीपक पुनिया से ट्रेनिंग ली। उन्होंने 2025 बंगाल प्रो टी-20 लीग में शानदार प्रदर्शन के दम पर अपना आईपीएल कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया।

### यूरोपीय फुटबॉल लीगों के संघ ने फीफा में सुधार की मांग की

**रबात (मोरक्को)।** यूरोपीय फुटबॉल लीगों के संघ ने आगामी विश्वकप में टीम की संख्या 64 के विस्तार करने संभावनाओं की आलोचना करते हुए अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) के प्रशासन में सुधार की मांग की है। फुटबॉल संघ ने बुधवार को कहा, 'अब पहले से कहीं अधिक, फीफा को ऐसे शासन सुधार की आवश्यकता है जो यह सुनिश्चित करे कि सभी संबंधित हितधारकों की हमारे खेल के भविष्य को आकार देने वाले निर्णयों में औपचारिक भूमिका हो।' अपने बयान में यूरोपीय लीगों ने विश्व कप को 64 टीमों तक विस्तारित करने की संभावना की कड़ी आलोचना करते हुए कहा, 'फीफा को एकतरफा रूप से विघटनकारी निर्णय लेना जारी रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक सुधार नहीं होता, तब तक यह फीफा प्रतियोगिताओं के 'विस्तार या सृजन' को अस्वीकार करेगा।'पुर्तगाल और रियल मैड्रिड के महान खिलाड़ी लुइस फिगो ने भी इन्फेंटिनो से पद छोड़ने की मांग करते हुए कहा कि उन्होंने 'पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई है।

### वेस्ट हैम यूनाइटेड ने किया जोएल के साथ किया एक साल का करार

**लंदन।** वेस्ट हैम यूनाइटेड ने अनुभवी डच डिफेंडर जोएल वेल्टमैन के साथ एक साल का करार किया है, जिसे एक और साल के लिए बढ़ाने का विकल्प भी है। ईस्ट लंदन का यह क्लब खराब प्रदर्शन के कारण पिछले सीजन में प्रीमियर लीग से बाहर हो गया था और अब वापसी करना चाहता है। अनुभवी लीडर जोएल वेल्टमैन ने अजाक्स और ब्राइटन एंड होव एल्बियन के लिए टॉप लेवल पर 450 से ज्यादा मैच खेले हैं, जिनमें यूरोपियन प्रतियोगिताओं में 50 से ज्यादा और प्रीमियर लीग में 165 मैच शामिल हैं। वेल्टमैन ने दोनों क्लबों के लिए कप्तानी भी की है। जोएल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रभावित करते हुए अपनी नेशनल टीम, नीदरलैंड्स का 28 मुकाबलों में प्रतिनिधित्व किया है। वेल्टमैन ने साल 2014 में अपने देश को फीफा वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचाने में मदद की और यूईएफए यूरो 2020 में भी खेले। हैम यूनाइटेड से जुड़ने पर वेल्टमैन ने कहा, 'मैं इस कॉन्ट्रैक्ट से बहुत खुश हूं और काम शुरू करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। यहां का प्रोजेक्ट मुझे सच में उत्साहित करता है। मैंने नूनो के साथ-साथ अपने परिवार और एजेंट से बात की, और सब कुछ सही लगा। हम जानते हैं कि वेस्ट हैम को प्रीमियर लीग में होना चाहिए, और निश्चित रूप से इस सीजन के लिए हमारा यही लक्ष्य है।

# वैभव बनाएंगे टी-20 में वर्ल्ड रिकॉर्ड : बटलर

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जोस बटलर टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट में कीरोन पोलार्ड को पीछे छोड़ते हुए इस बड़ी उपलब्धि को अपने नाम किया। हालांकि, बटलर ने भारत के 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की है। बटलर का कहना है कि टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का उनका रिकॉर्ड भविष्य में वैभव सूर्यवंशी तोड़ सकते हैं। 'स्टार स्पोर्ट्स' के साथ बातचीत करते हुए बटलर ने कहा, 'यह सोचना वाकई बहुत कूल है कि आपने सबसे ज्यादा टी-20 रन बनाए हैं। एक दिन कोई इसे पार कर जाएगा, और उसका नाम शायद वैभव सूर्यवंशी होगा।' वैभव ने पिछले एक साल में अपनी बल्लेबाजी से खासा प्रभावित किया है। वैभव इंग्लैंड के खिलाफ हुई टी-20 सीरीज में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। वैभव ने जिम्बाब्वे के खिलाफ खेली गई टी-20 सीरीज में अपनी बल्लेबाजी से जमकर धमाल मचाया। उन्होंने पहले टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले में सिर्फ 18 गेंदों में अर्द्धशतक लगाया था।



वैभव ने पिछले एक साल में अपनी बल्लेबाजी से खासा प्रभावित किया

भारत-श्रीलंका के टेस्ट सीरीज

# हमें मानसिक व शारीरिक रूप से तैयार रहना होगा : गंभीर

**कोलंबो,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के हेड कोच गौतम गंभीर ने शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम इंडिया को श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में हर चुनौती का सामना करने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार रहने की सलाह दी है। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज का आगाज 15 अगस्त से होना है। इससे पहले, भारतीय टीम श्रीलंका इलेवन के खिलाफ तीन दिवसीय प्रैक्टिस मैच में हिस्सा लेगी, जिसकी शुरुआत 7 अगस्त से होनी है। पहले टेस्ट की मेजबानी गाले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम करेगा, जबकि दूसरा टेस्ट मुकाबला 23 अगस्त से कोलंबो का सिंहली स्पोर्ट्स क्लब मैदान करेगा। गंभीर ने गुरुवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शेयर किए गए वीडियो में कहा, 'दोस्तों, हम जानते हैं कि हमारे सामने क्या है। हम जानते हैं कि हम किसके लिए खेल रहे हैं। हम जोर लगा सकते हैं, हम अपनी सीमा को पार कर सकते हैं, हम सभी चीजों को पूरा कर सकते हैं। 15 तारीख की सुबह, चाहे हम पहले बैटिंग कर रहे हों, या पहले गेंदबाजी कर रहे हों, हमें हर सवाल और हर जवाब के लिए पूरी तरह तैयार रहना है। इसलिए पक्का करें कि हम अभी से सभी चीजों को पूरा करें।' भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में मौजूदा रैंकिंग में 48.15 के जीत प्रतिशत के साथ पांचवे नंबर पर मौजूद है। वहीं, श्रीलंका 41.67 के जीत प्रतिशत के साथ छठे नंबर पर काबिज है। गंभीर ने नए खिलाड़ियों, ऑफ-स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर सारांश जैन और तेज गेंदबाज आकिब नबी का टेस्ट सेटअप में आधिकारिक तौर पर स्वागत किया। इसके साथ ही हेड कोच ने नए नियुक्त फील्डिंग कोच, सुभादीप घोष का भी स्वागत किया।



सीरीज से पहले आज भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ तीन दिवसीय प्रैक्टिस मैच खेलेगी

### श्रीलंका में जडेजा का अनुभव बहुत काम आएगा: दीप


**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दीप दासगुप्ता का मानना है कि अनुभवी रवींद्र जडेजा का स्पिन के लिए मददगार पिचों पर गेंदबाजी करने का लंबा अनुभव श्रीलंका में होने वाली आगामी टेस्ट सीरीज में टीम के लिए बेहद अहम होगा। मौजूदा टीम में कई खिलाड़ी ऐसे हैं जो पहली बार श्रीलंका के टेस्ट दौरे पर आए हैं, जबकि जडेजा और केएल राहुल के पास ही श्रीलंका में टेस्ट क्रिकेट खेलने का अनुभव मौजूद है। राहुल 2015 और 2017 में श्रीलंका दौरे पर आई भारतीय टीम का हिस्सा थे। वहीं, जडेजा साल 2017 में 3-0 से जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे थे। अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए दासगुप्ता ने कहा, 'अगर अनुभव की बात करें, तो कई खिलाड़ियों के लिए श्रीलंका में यह पहली टेस्ट सीरीज है। मुझे लगता है कि जडेजा ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने पहले यहां खेला है। स्पिन के लिए मददगार पिचों पर भी ऐसा नहीं है कि आप आएं और गेंद को हिट करें और आपको विकेट मिल जाए।

# टैलोन ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराया

## टैलोन ने पिछले आठ टूर लेवल मैचों में से सिर्फ एक जीत हासिल की थी



कैनेडियन ओपन



मॉन्ट्रियल, 6 अगस्त (एजेंसियांस)। नीदरलैंड्स के टेनिस खिलाड़ी टैलोन ग्रीक्सपोर ने कैनेडियन ओपन में बड़ा उलटफेर करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-7(3), 6-2, 6-4 से हराया। इस जीत को उनके करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक माना जा रहा है। टैलोन ग्रीक्सपोर ने पिछले आठ टूर लेवल मैचों में से सिर्फ एक जीत हासिल की थी। ग्रीक्सपोर 2022 में निक किर्गियोस द्वारा डेनियल मेदवेदेव को हराने के बाद कैनेडियन ओपन में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। जेवरेव के खिलाफ 2-9 के रिकॉर्ड के बावजूद, ग्रीक्सपोर ने हाल के वर्षों में उन्हें कड़ी टक्कर दी है। 2025 में दोनों के बीच हुए मैराथन मैच बराबरी के रहे थे। वहीं, 2024 के फ्रेंच ओपन में पांचवें सेट में ग्रीक्सपूर के पास 2 ब्रेक की बढ़त थी, लेकिन वो उसे बरकरार रखने में सफल नहीं रह सके थे और मैच हार गए थे। ग्रीक्सपूर की सर्व उनकी सबसे बड़ी ताकत मानी जाती है और उसे ब्रेक करना काफी मुश्किल रहता है। जेवरेव के खिलाफ हुए मुकाबले में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। साल 2023 में अपने करियर की बेस्ट 21वीं रैंकिंग तक पहुंचने वाले ग्रीक्सपूर ने मुकाबले में शानदार वापसी की। पहले सेट के टाईब्रेकर से पहले ग्रीक्सपूर के पास एक सेट प्वाइंट था, लेकिन वह डिफेंसिव खेलने के चक्कर में अपनी बढ़त गंवा बैठे और उनका एक बैकहैंड शॉट मिस हो गया। ग्रीक्सपूर ने शानदार खेल जारी रखा। तीसरे सेट में एक लंबी रैली के बाद उन्होंने इनसाइड-आउट फोरहैंड लगाकर 3-2 से सर्विस ब्रेक की। ज्वेरेव 2-4 और 0-30 से पीछे चल रहे थे, लेकिन वह अहम मौकों का फायदा उठाने के साथ खुद को मैच में बनाए रखने में सफल रहे। अगले गेम में ग्रीक्सपूर को पहला ब्रेक प्वाइंट मिला। जब ज्वेरेव ने लाइन के किनारे बैकहैंड मारा, जो बाहर चला गया और ग्रीक्सपूर उनकी सर्विस तोड़ने में कामयाब रहे। इसके बाद ग्रीक्सपूर ने एक फोरहैंड शॉट खेलते हुए मैच को अपने नाम कर लिया। ज्वेरेव ने 20 विनर्स बनाए, जबकि ग्रीक्सपोर ने नेट पर 18 में से 17 सही शॉट मारे।

■ इस जीत को उनके करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक माना जा रहा है

# विजेंदर को देखकर शुरू की मुक्केबाजी: साक्षी

**भिवानी,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय मुक्केबाजों का जलवा रहा। खासतौर पर महिला मुक्केबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए देश की झोली में 5 गोल्ड मेडल डाले। इन महिला मुक्केबाजों में साक्षी चौधरी का भी नाम शुमार रहा, जिन्होंने 51 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड जीता। हरियाणा के भिवानी स्थित अपने घर पहुंचने पर साक्षी का भव्य स्वागत हुआ। साक्षी ने पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि उन्हें काफी खुशी है कि उनके परिजन भारी तादाद में पहुंचकर उनके मेडल जीतने के जश्न मनाने पहुंचे हैं। साक्षी ने कहा कि वह अपना गोल्ड मेडल सभी देशवासियों को समर्पित करना चाहेंगी, क्योंकि वह ग्लासगो में पूरे देश का प्रतिनिधत्व कर रही थीं। साक्षी के अनुसार, उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए रवाना होने से पहले अपने माता-पिता से वादा किया था कि वह गोल्ड जीतकर वापस आएंगी और वह ऐसा करने में सफल रहीं। उन्होंने कहा कि अपना वादा पूरा करने की उन्हें काफी खुशी है। साक्षी ने ग्लासगो में उनकी वजह से पोडियम पर भारत का राष्ट्रगान चलने को सबसे खास पल बताया। उन्होंने कहा, 'सबसे गर्व का पल वह था जब राष्ट्रगान बजाया गया और तिरंगा फहराया गया। अपनी उपलब्धि की वजह से विदेश में राष्ट्रगान सुनना एक सपना सच होने जैसा था। हम अपने देश के लिए बहुत मेहनत करते हैं और भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतना बहुत गर्व की बात है। 'साक्षी ने बताया कि उन्होंने मुक्केबाजी की शुरुआत विजेंदर सिंह को देखकर की थी।

> साक्षी चौधरी ने कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड जीता

| SENSEX | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| BSE | 78954.76 ▲373.76 | NSE | 24636.00 ▲ 11.35 | MCX | Gold 149644 ▲1151 | silver 226442 ▼1142 |



# अर्थ जगत

## भारत की सबसे पसंदीदा कंपनी बनी गूगल, टाटा समूह और अमेजन भी टॉप-3 में

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल वर्ष 2026 में भारत की सबसे आकर्षक नियोक्ता ब्रांड बनकर उभरी है, जबकि टाटा समूह और अमेजन क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर हैं। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रैंडस्टैड एम्प्लॉयर ब्रांड रिसर्च (आरईबीआर) 2026 रिपोर्ट में दिया गया यह निष्कर्ष 34 बाजारों के 1.75 लाख से अधिक प्रतिभागियों और भारत में करीब 3,500 उत्तरदाताओं से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित है। सर्वेक्षण रिपोर्ट कहती है कि भारत में 46 प्रतिशत कर्मचारी अगले छह महीनों में नौकरी बदलने की योजना बना रहे हैं।



### जेप्टो,इंडिगो, फिजिक्स वाला समेत 9 प्लेटफॉर्म्स पर लगाया जुर्माना

# सरकार की ऑनलाइन शॉपिंग में 'डार्क पैटर्न' पर कार्रवाई

***नई दिल्ली।*** *केंद्र सरकार ने ऑनलाइन शॉपिंग या फूड ऑर्डर करने के दौरान कस्टमर्स से हिडन चार्जेज वसूलने और बिना उसकी सहमति के डोनेशन या मेंबरशिप जोड़ने पर सख्ती बढ़ा दी है. सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी ने जेप्टो, फिजिक्स वाला,इंडिगो समेत 9 डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ कार्रवाई की है. सरकार ने राज्यसभा में बताया कि इन कंपनियों को इस तरह की ऑनलाइन प्रैक्टिस बंद करने के निर्देश दिए गए हैं.*

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने संसद में लिखित जवाब में कहा कि डिजिटल मार्केटप्लेस में डार्क पैटर्न्स के खिलाफ कार्रवाई तेज की गई है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, डार्क पैटर्न गाइडलाइंस के उल्लंघन के मामलों में सीसीपीए अब तक करीब 20 लाख रुपये का जुर्माना वसूल चुकी है. इसके अलावा जून 2025 में सभी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को सेल्फ ऑडिट कर ऐसे पैटर्न की पहचान करने और उन्हें हटाने के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई थी.

**क्या हैं डार्क पैटर्न?**-डार्क पैटर्न प्रिवेंशन एंड रेगुलेशन गाइडलाइंस, 2023 के तहत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर अपनाई जाने वाली 13 तरह की भ्रामक तरीकों की पहचान की गई है. इनका उद्देश्य ग्राहकों को भ्रमित करना या उनकी पसंद को




प्रभावित करना माना जाता है. इनमें फॉल्स अर्जेंसी, बास्केट स्नीकिंग , ड्रिप प्राइसिंग , सब्सक्रिशन ट्रैप , कन्फर्म शेमिंग और ट्रिक क्वेश्चन जैसी प्रैक्टिस शामिल हैं.

**जेप्टो पर सबसे ज्यादा जुर्माना**-सरकार के मुताबिक, जेप्टो मार्केट प्लेस पर सबसे अधिक 7 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया. जांच में पाया गया कि चेकआउट के दौरान ग्राहकों के बिल में हैंडलिंग चार्ज और मेंबरशिप फीस अपने आप जोड़ दी जाती थी. सीसीपीए ने हैंडलिंग फीस को ड्रिप प्राइसिंग और ऑटोमैटिक मेंबरशिप को बास्केट स्नीकिंग की श्रेणी में माना. सरकार ने बताया कि कंपनी ने अब इन प्रैक्टिस को बंद कर दिया है.

**फिजिक्स वाला पर भी कार्रवाई**-फिजिक्स वाला पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया. यह कार्रवाई सीसीपीए द्वारा स्वत: संज्ञान लेने के बाद की गई. मामला फिजिक्स वाला फाउंडेशन के लिए पहले से चुने गए 10 रुपये के डोनेशन से जुड़ा था. जांच में पाया गया कि डोनेशन हटाने से रोकने के लिए यूजर्स को भावनात्मक संदेश दिखाए जा रहे थे. साथ ही कुछ फ्री कोर्सेज तक पहुंचने के लिए अनावश्यक निजी जानकारी भी मांगी जा रही थी. सरकार के अनुसार कंपनी ने जुर्माना जमा कर दिया है और इस तरह की प्रैक्टिस बंद कर दी हैं.

**इंडिगो और बुकमाईशो ने बदला सिस्टम**-सरकार ने बताया कि इंडिगो ने कन्फर्म शेमिंग से जुड़ी शिकायतों के बाद अपने मोबाइल ऐप में बदलाव किया है. वहीं बुकमाईशो को अपनी सामाजिक पहल बुकआइस्माइल के लिए टिकट बुकिंग के दौरान पहले से चयनित 1 रुपये का डोनेशन हटाने का निर्देश दिया गया. सीसीपीए ने इसे भी बास्केट स्नीकिंग माना.

# 1 अक्टूबर से बदल जाएंगे फिक्स्ड डिपॉजिट के नियम

### स्मॉल फाइनेंस बैंकों के लिए आरबीआई ने किए 3 बड़े बदलाव

***नई दिल्ली।*** *अगर आपका फिक्स्ड डिपॉजिट किसी स्मॉल फाइनेंस बैंक में है या आप नई फिक्स्ड डिपॉजिट कराने की तैयारी कर रहे हैं, तो भारतीय रिजर्व बैंक ने स्मॉल फाइनेंस बैंकों में फिक्स्ड डिपॉजिट से जुड़े नियमों में बदलाव किया है. ये नए नियम 1 अक्टूबर 2026 से लागू होंगे. आरबीआई का कहना है कि इन बदलावों का मकसद कस्टमर के लिए इंटरेस्ट रेट्स को ज्यादा अच्छा बनाना और सभी के साथ एक तरह का बर्ताव करना है.*



छोटे बैंकों को हर दिन सुबह 10 बजे तक अपनी वेबसाइट पर बताना होगा कि बड़ी एफडी पर कितना इंटरेस्ट मिलेगा. अगर किसी वजह से अपडेट में देरी होती है तो बैंक को सिर्फ 10 मिनट की एक्स्ट्रा छूट मिलेगी. आरबीआई के हिसाब से, 3 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा की एक साथ एफडी को बल्क डिपॉजिट माना जाता है. इस तरह की एफडी आमतौर पर कंपनियां, ट्रस्ट और बड़े इन्वेस्टर कराते हैं.

**एफडी से पहले दिखानी होगी पूरी इंटरेस्ट रेट लिस्ट**- आरबीआई ने ये भी साफ कर दिया है कि बैंक अब एफडी स्वीकार करने से पहले अपनी इंटरेस्ट रेट की पूरी लिस्ट वेबसाइट पर डालेंगे. यानी कस्टमर पहले ही देख सकेंगे कि किस समय की स्नष्ठ पर कितना इंटरेस्ट मिल रहा है. इसके बाद बैंक उसी रेट पर स्नष्ठ मंजूरी देंगे, जो वेबसाइट पर दिखाई गई होगी. इससे कस्टमर के लिए अलग-अलग बैंकों की इंटरेस्ट रेट को कंपेयर करना भी आसान हो जाएगा.एक और बड़ा बदलाव ये है कि अब एक ही दिन एक जैसी रकम की स्नष्ठ कराने वाले सभी कस्टमर को एक जैसा इंटरेस्ट रेट मिलेगा. बैंक किसी एक कस्टमर को ज्यादा और दूसरे को कम इंटरेस्ट नहीं दे सकते है. ये नियम सभी ब्रांच पर लागू होगा, ताकि हर कस्टमर के साथ एक जैसा बर्ताव हो.

**बल्क एफडी पर लागू नहीं होगा ये नियम**-ये नियम बल्क डिपॉजिट पर लागू नहीं होगा. बैंक बल्क एफडी पर अलग-अलग इंटरेस्ट रेट दे सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें पहले से नियम फिक्स करने होंगे और उन्हें पब्लिश भी करना होगा. ये अंतर डिपॉजिट की मजबूती और बैंक की कैश जरूरतों जैसे आधार पर रखा जा सकता है. ये नियम एनआरआई कस्टमर के बल्क डिपॉजिट पर भी लागू होगा आरबीआई का मानना है कि इन नए नियमों से स्मॉल फाइनेंस बैंकों में एफडी से जुड़ी इंतेजाम पहले से ज्यादा साफ, ईमानदार और कस्टमर के हित में होगी.

# रुपया 16 पैसे टूटकर 95.24 डॉलर पर



***मुंबई।*** *मुंबई के अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले भारतीय रुपया 16 पैसे की गिरावट के साथ 95.24 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 95.12 से 95.24 के दायरे में रहा, जहां विदेशी पूंजी की निकासी और डॉलर सूचकांक में मजबूती से इस पर असर पड़ा। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने भारतीय मुद्रा की गिरावट को एक सीमित दायरे तक रोके रखा।*

### विदेशी फंड्स की निकासी से बढ़ा दबाव

डॉलर सूचकांक में मामूली बढ़त और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी के बीच रुपया बृहस्पतिवार को 16 पैसे कमजोर होकर 95.24 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर सूचकांक में मामूली सुधार और विदेशी कोषों की निकासी से रुपये पर दबाव रहा। हालांकि, कच्चे तेल की अपेक्षाकृत नरम कीमतों ने रुपये को कुछ हद तक समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.13 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.12 से 95.24 प्रति डॉलर के दायरे में रहा। अंत में यह 95.24 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव की तुलना में 16 पैसे की गिरावट है। रुपया बुधवार को 20 पैसे मजबूत होकर 95.08 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

# रिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक में लिवाली से सेंसेक्स 374 अंक चढ़ा

***मुंबई।*** *स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को मिला-जुला रुख रहा। कच्चे तेल के दाम में नरमी और रिलायंस इंडस्ट्रीज तथा आईसीआईसीआई बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 374 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में मामूली 11 अंक की तेजी रही।*



तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के दौरान पूरे समय सकारात्मक दायरे में रहा। अंत में यह 373.76 अंक यानी 0.48 प्रतिशत चढ़कर 78,954.76 अंक पर बंद हुआ। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी पूरे दिन सीमित दायरे में कारोबार करता रहा और अंत में 11.35 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,636 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी ऊंचे में 24,677.05 अंक तक गया और नीचे में 24,604.15 अंक तक आया।

सोमवार से दोनों प्रमुख सूचकांकों के प्रदर्शन में अंतर देखने को मिल रहा है। यह बदलाव उन शेयरों के लिए नई नीलामी व्यवस्था लागू किए जाने के बाद आया है, जिनमें वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) अनुबंध उपलब्ध हैं। इक्विटी नकद खंड में समापन नीलामी सत्र (सीएएस) सोमवार से शुरू हुआ। इसके तहत पात्र शेयरों के समापन मूल्य तय करने के लिए नीलामी आधारित नई व्यवस्था लागू की गई है। इसका उद्देश्य कीमत निर्धारण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और मजबूत बनाना है। एचएसटी वेल्थ के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरिसेल्वन राधाकृष्णन ने कहा, घरेलू शेयर बाजार में मिश्रित रुख रहा। निवेशकों की धारणा पश्चिम एशिया संघर्ष के कूटनीतिक समाधान की उम्मीद के बीच सतर्क लेकिन सकारात्मक बनी रही। उन्होंने कहा कि निफ्टी सीमित दायरे में कारोबार करते हुए लगभग स्थिर रहा। सेंसेक्स में बढ़त दर्ज की गई, जिसे मुख्य रूप से प्रमुख शेयरों में लिवाली से समर्थन मिला।

## एलन मस्क की नेटवर्थ में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की नेटवर्थ में बुधवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई। स्पेसएक्स के शेयरों में 13.61 प्रतिशत गिरावट आई जबकि टेस्ला का शेयर भी 1.77 प्रतिशत लुढ़क गया। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक इससे मस्क की संपत्ति में 89.6 अरब डॉलर की गिरावट आई। यह रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ 85.7 अरब डॉलर से ज्यादा है। हालांकि, साल 2026 की शुरुआत से अब तक मस्क की संपत्ति में कुल 68.1 अरब डॉलर की बढ़ोतरी बनी हुई है।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 95. 22 |
| एक यूरो | 109. 44 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 128. 67 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 66. 65 |
| एक जापानी येन | 0. 60 |

परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 116 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 120 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-126 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स - 85 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सराफा बाजार

दुल्हन श्री आभूषण
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-145550 चांदी-227900

सोहन लाल एण्ड संस
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-145550 चांदी-227900

### दाल- चावल भाव

महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज
फोन- 4067270, 9826035338
**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 9000-10000, मीडियम बोल्ड 10000-11500, फाइन 12500-13000, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7300-7500 चना दाल मार्का 7500-8000, मसूर दाल एवरेज 7200-7500, मसूर दाल फाइन 7500-8000, उड़द छिलका 8500-9500, फाइन 9500-10000, उड़द धुली 10000-10500, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 9000- 9500, फाइन 10000-10500। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3200-3300, बेस्ट 3700-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4800-5000,एचएमटी-5000-5500 फाइन-6000-6200, जेजेएल चालू 6500-6800, फाइन 7000-7200, बासमती कनकी चालू 3000-3300, बासमती कनकी मीडियम 3800-4000, बेस्ट 4500-5000, मोगरा- 5000-5500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 9000-10000, बेस्ट 10000-12000 पोहा- 4600-4700, फाइन 5200-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8500 रु.।


### लोहा भाव

अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 5600, 8 एम एम 5380, 10 एम एम 52 60,12 एम एम, 5200 एवं 16 एम 52 00 रु.। तार- 72 रु. किलो।

# होर्मुज समझौते से चढ़ा कच्चे तेल का भाव, क्रूड में आई तेजी

***मुंबई।*** *अंतरराष्ट्रीय बाजार में गुरुवार को कच्चे तेल की कीमतों में बढ़त देखने को मिली। लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद तेल की कीमतें संभली हैं। इसकी बड़ी वजह ईरान और ओमान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही को लेकर हुआ एक अस्थायी समझौता है। इससे बाजार को उम्मीद है कि इस अहम रास्ते से तेल की सप्लाई पहले के मुकाबले आसान हो सकती है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, ब्रेंट क्रूड (अक्टूबर 2026) 79.88 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। इसमें 0.43 डॉलर यानी 0.54 फीसदी की बढ़त रही। कारोबार के दौरान इसका हाई 80.34 डॉलर और निचला स्तर 78.55 डॉलर रहा।*

वहीं, डब्ल्यूटीआई क्रूड (सितंबर 2026) 75.61 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसमें 0.39 डॉलर यानी 0.52 फीसदी की तेजी रही। दिन में इसका भाव 74.64 डॉलर से 76.02 डॉलर




प्रति बैरल के बीच रहा।

**क्या है होर्मुज वाला समझौता?**-ईरान और ओमान ने होरमुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों के लिए एक अस्थायी शिपिंग रूट पर सहमति बनाई है। यह व्यवस्था अगले दो से चार महीने तक लागू रह सकती है। हालांकि, ईरान ने साफ कर दिया है कि इसका मतलब यह नहीं है कि होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह खोल दिया गया है।

# विमान ईंधन में एथनॉल मिलाने का कोई प्रस्ताव नहीं- नायडू

***नई दिल्ली।*** *नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बृहस्पतिवार को कहा कि विमान ईंधन (एटीएफ) में एथनॉल मिलाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि विमानन सुरक्षा को लेकर गलत जानकारी फैलाने से हवाई यात्रियों में बेवजह चिंता पैदा होती है। नायडू ने यह बात दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस दावे के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार एटीएफ में एथनॉल मिलाने की योजना बना रही है।*

केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, सूत्रों ने संकेत दिया है कि नरेन्द्र मोदी सरकार विमान ईंधन में एथनॉल मिलाने की योजना बना रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे उड़ानों की सुरक्षा गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए नायडू ने कहा, विमान ईंधन में एथनॉल मिलाने की योजना का दावा पूरी तरह झूठा और गैर-जिम्मेदाराना है। ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा, विमानन सुरक्षा को लेकर गलत सूचना फैलाने से केवल हवाई यात्रियों में अनावश्यक चिंता पैदा होती है। यात्रियों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च



प्राथमिकता है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि एथनॉल और पर्यावरण अनुकूल विमान ईंधन पूरी तरह अलग-अलग हैं और दोनों को एक-दूसरे से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा,एसएएफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित विमानन ईंधन है, जिसे अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) ने मान्यता दी है। इसे दुनिया के कई देशों ने अपनाया है। यह कड़े परीक्षणों से गुजरता है और वैश्विक सुरक्षा मानकों पर खरा उतरा है।

# एआई से बड़ी कंपनियों में नौकरियां घटेंगी, छोटे कारोबार बढ़ाएंगे रोजगार-नीलेकणि

***नई दिल्ली।*** *इन्फोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि ने बृहस्पतिवार को कहा कि स्वचालन और कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल से भारत की बड़ी एवं सुव्यवस्थित कंपनियों में आने वाले वर्षों में नौकरियां घट सकती हैं, जबकि लाखों छोटे कारोबार भविष्य में रोजगार सृजन का प्रमुख आधार बनेंगे। एनसीएईआर इंडिया पॉलिसी फोरम-2026को संबोधित करते हुए नीलेकणि ने कहा कि रोजगार सृजन को लेकर देश की सोच में बुनियादी बदलाव की जरूरत है।*

नीलेकणि नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च के संचालन मंडल के चेयरमैन भी हैं। उन्होंने कहा, बड़ी कंपनियां, जो बहुत सुव्यवस्थित ढंग से काम करती हैं, नौकरियों में कटौती के लिहाज से सबसे अधिक प्रभावित होंगी। इसका कारण यह है कि वहां हर काम कुछ तय कार्यों तक सीमित होता है, जिन्हें स्वचालन के जरिये आसानी से किया जा सकता है। इसलिए आने वाले वर्षों में बड़ी कंपनियां शुद्ध रूप से रोजगार घटाने वाली बन सकती हैं। इसके विपरीत, उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था का भविष्य लाखों छोटे कारोबार क्षेत्रों में है, क्योंकि वे एआई से होने वाले बदलावों के प्रति अपेक्षाकृत अधिक सक्षम हैं।



नीलेकणि ने कहा, लाखों छोटे कारोबार में एआई के जरिये व्यापक स्तर पर बदलाव करना कहीं अधिक जटिल है। इसलिए उन पर नौकरियों में कटौती का असर अपेक्षाकृत कम होगा और वे अधिक रोजगार सृजित करेंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में अर्थव्यवस्था इस सोच पर आगे बढ़ेगी कि कुछ कंपनियां लाखों लोगों को रोजगार दें, इसके बजाय लाखों कंपनियां एक-एक व्यक्ति को रोजगार दें। नीलेकणि ने अनुमान जताया कि भारत में स्टार्टअप की संख्या 2035 तक बढ़कर 10 लाख हो सकती है, जबकि फिलहाल यह करीब 1.5 लाख है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव को समर्थन देने के लिए बड़े पैमाने पर नियामकीय बोझ कम करने और कारोबार से जुड़े तंत्र को सरल बनाने की जरूरत है। छोटे उद्यमियों को अनावश्यक नियमों के बोझ से बचाने के साथ-साथ भारतीय रिजर्व बैंक के अकाउंट एग्रीगेटर और ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) जैसे डिजिटल मंचों के माध्यम से उन्हें पूंजी और बाजार तक आसान पहुंच उपलब्ध कराई जानी चाहिए। नीलेकणि ने कहा कि रोजगार सृजन के तौर-तरीकों पर नए सिरे से विचार करने की आवश्यकता है।

## सोना 1.50 लाख के करीब

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में भू राजनीतिक तनाव कम होने से फेडरल रिजर्व द्वारा आगे ब्याज दरों में बढ़ोतरी टालने की बढ़ती उम्मीदों से सोने चांदी की कीमतों को समर्थन मिला। गुरुवार को दोनों के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। ग्लोबल मार्केट कामैक्स पर सोना 4,325 डॉलर प्रति औंस के करीब, जबकि चांदी 62.30 डॉलर प्रति औंस के करीब कारोबार कर रही है। घरेलू मार्केट एमसीएक्स पर खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 1,49,400 रुपये, जबकि चांदी के भाव 2,28,100 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रैक्ट 536 रुपये की तेजी के साथ 1,49,029 रुपये के भाव पर खुला।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है।
अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु कॉम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# अब न देरी, न दूरी



## मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान
## अब सरकार हमारे द्वार

- नामांतरण, सीमांकन व फाइलें अब अटकेंगी नहीं, होगा ऑन-द-स्पॉट क्लीयरेंस!
- हर योग्य किसान को फार्मर ID और टॉप-क्वालिटी खाद-बीज की इंस्टेंट डिलीवरी
- आयुष्मान कार्ड का 100% कवरेज + हॉस्पिटल्स का ऑन-ग्राउंड सरप्राइज ऑडिट
- e-KYC और आधार कार्ड अपडेशन बिना किसी झंझट के तुरंत डन!
- कुटीर व लोकल बिजनेस को N.O.C. और स्वीकृतियों का सुपरफ़ास्ट अप्रूवल
- PM आवास, नल से जल, राशन और लॉ एंड ऑर्डर का स्ट्रिक्ट ऑन-स्पॉट चेक
- लोक सेवा गारंटी प्रकरणों का शत-प्रतिशत समाधान, सरकारी कार्यप्रणाली का इवैल्यूएशन और जनसमस्याओं का क्विक सॉल्यूशन
- आंगनवाड़ी सेवाओं व बच्चों के पोषण की निगरानी और स्कूल-कॉलेजों की शिक्षा का मूल्यांकन
- सड़क, तालाब, अमृत सरोवर और अन्य विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन



शुभारंभ
**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव** द्वारा
छिंदवाड़ा, मध्यप्रदेश

**7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027**
**हर शुक्रवार, सरकार जनता के द्वार**

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी D-11073/26

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2026